ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 13 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-328 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही कि... पेज 10 पर

### अवैध संबंध बनाने को राजी नहीं हुई तो देवर ने भाभी को मार डाला

## गड़ासा से हमले में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

थाना क्षेत्र के अधौरा चाका गांव निवासी विधवा महिला द्वारा अवैध संबंध बनाने से मना करने पर देवर ने भाभी को गड़ासा से हमला कर घायल कर दिया था, जिसकी इलाज के दौरान गढ़वा अस्पताल में मौत हो गई। बताते चलें कि सोमवार की देर शाम चाका गांव निवासी स्वर्गीय हरिनंदन राम की लगभग 35 वर्षीय पत्नी अनीता कुंवर पर सुरेश राम के पुत्र अभिनंदन राम ने गड़ासा से हमला कर दिया था, जिसमें उसकी गर्दन की कई नस कट गई थी। तत्पश्चात आनन फानन में घायल महिला को स्थानीय मंझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद में बेहतर इलाज हेतु तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इस संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमलावर अभिनंदन राम विधवा भाभी से अवैध संबंध बनाना चाह रहा था, जिसका विरोध भाभी हमेशा करती रही और थाने में शिकायत भी की थी। वहीं गढ़वा पुलिस द्वारा मृत महिला का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पंचायत मुखिया महताब आलम घटना की खबर सुनते ही गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे थे।

### पूजा सिंघल से जुड़े मामले में अक्षत कटियार का बयान दर्ज

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की ओर से गवाह का बयान मंगलवार को कोर्ट में दर्ज कराया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में ईडी की ओर से अक्षत कटियार ने अपना बयान दर्ज कराया। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 22 सितम्बर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष उपस्थित थीं। अक्षत उस कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालक है, जिसने पूजा सिंघल और उनके पति के जरिये चलाए जा रहे पल्स अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया है। अक्षत ने अपने बयान में कोर्ट को बताया कि बिल्डिंग निर्माण के लिए उन्हें सभी पैसों का भुगतान नकदी और चेक के माध्यम से किया गया है। अलग-अलग समय पर पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा उन्हें चेक और नकद राशि दिया करते थे।

### भिखारी को सजा में जूतों की माला पहना कर गांव घुमाना पड़ा महंगा

## ग्राम प्रधान सहित चार गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/बारियातु**

बीते दिन 10 सितंबर को बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत केडु ग्राम में बहिष्कृत ग्रामीण भिखारी गंझु को बैठक कर जूतों की माला पहना कर गांव में घुमाना ग्राम प्रधान नासिर अंसारी को महंगा पड़ गया। हेरहंझ थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान के साथ बाबर अंसारी, विनोद सिंह उर्फ विनोद पाहन, बृजमोहन भुइंया को एससी एसटी एक्ट सहित कई धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया है।

**क्या है मामला :** भिखारी गंझु के पत्नी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भिखारी गंझु के घर के पास कुछ लोग चापा नल में खस्सी को काटकर पिकनिक मना रहे थे। चापा नल गंदा न हो जाए इसके लिए पीड़ित द्वारा चापा नल से दूर हटकर खस्सी बनाने को कहा गया। इस पर लोगों ने पीड़ित परिवार को गांव से बहिष्कृत कर दिया। इसके बाद बीते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रेम प्रकाश की बेल पर कल होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित प्रेम प्रकाश की ओर से मंगलवार को जमानत याचिका दाखिल की है। इसपर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 सितम्बर की तिथि निर्धारित की है। इसके अलावा प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में भी आरोपित हैं और लैंड स्कैम में भी ईडी ने उसे आरोपित बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

### विष्णु अग्रवाल की बेल पर सुनवाई आज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले मामले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब बुधवार को सुनवाई होगी। ईडी के विशेष लोक अभियोजन शिव कुमार ने बताया कि न्यायाधीश के छुट्टी में रहने की वजह से मामले में 13 सितम्बर को सुनवाई होगी। इससे पूर्व सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत पर ईडी से जवाब मांगा था, जिसके बाद ईडी की ओर से मंगलवार को जवाब दाखिल कर दिया गया है। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

### भानु मुंडा की हत्या का एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू गांव में डायन बिसाही के अंधविश्वास में गत तीन सितंबर की रात को भानु मुंडा नामक एक वृद्ध की हुई हत्या के एक और नामदर्ज अभियुक्त सुखराम मुंडा (20) ग्राम सेरेंहातू थाना अड़की को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में दी गई। बताया गया इसके एक अन्य प्राथमिक अभियुक्त मदन मुंडा सहित अन्य छह आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बताया गया कि डायन बिसाही के अंधविश्वास में वृद्ध की हत्या को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया, जिसमें अड़की के थाना प्रभारी, इकबाल हुसैन, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज तिर्की और उत्तम कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। सुखराम भानु मुंडा की हत्या के बाद फरार चल रहा था।

### ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से मुकरा

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग के केस में ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से मुकर गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को उसका बयान दर्ज करवाया गया। उसका बयान बुधवार को भी दर्ज करवाया जाएगा। वह मंगलवार को कोर्ट में दिए अपने बयान में ईडी के समक्ष दिए बयान से मुकर गया। सुनवाई के दौरान इस केस का आरोपित बच्चू यादव भी कोर्ट में उपस्थित था। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और सुधीर प्रसाद कोर्ट में मौजूद थे। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक

### मुख्यमंत्री ने 757 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण

# खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही सरकार : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को 11 लाख 14 हजार 756 लाभुकों के बीच 757 करोड़ 4 लाख 99 हजार 9 सौ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इनमें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, सर्वजन पेंशन योजना, धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं के तहत लोगों को परिसंपत्तियों प्रदान किया गया।




इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा की बात हो या जल- जंगल -जमीन और पर्यावरण को बचाने का। अन्याय और शोषण का विरोध हो या फिर अपने मान -सम्मान और हक- अधिकार की लड़ाई का। झारखंड के आदिवासी- मूलवासी ना कभी झुके हैं और ना कभी रुके हैं। हर मोर्चे पर संघर्ष करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। इन्होंने कभी भी अपने वसूलों से समझौता नहीं किया। इतिहास गवाह है कि यहां के अनेकों वीरों ने समाज और देश की खातिर अपनी कुबार्नी दी है। हम सभी को अपने इन अमर शहीदों पर गर्व है। सोरेन पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया स्थित कुरुकोचा में शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा- सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीतांबर जैसे अनेकों वीर शहीदों ने अंग्रजों और शोषण तथा अन्याय के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व करते-करते अपनी शहादत दे दी। आज भी कई ऐसे वीर शहीद हैं ,जो गुमनाम है, उनकी पहचान कर कर उन्हें सम्मान देने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शहीदों और उनके परिजनों को पूरा मान सम्मान देना हमारा संकल्प है । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अनेकों ऐसे चौक- चौराहे हैं, जहां शहीदों की प्रतिमा लगी है। इनकी प्रतिमाएं हमें इनके शहादत को याद कराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। सरकार बनने के साथ कोरोना महामारी ने हमें घेर लिया। जब कोरोना से जंग में जीत हासिल हुई तो कम बारिश की वजह से सुखाड़ की परिस्थितियां पैदा हो गई। लेकिन, हमारी सरकार इन चुनौतियों से निपटते हुए विभिन्न ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पूर्व सीएम ने निजी सलाहकार की सुरक्षा के लिए डीजीपी को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने निजी सलाहकार सुनील तिवारी और उनके परिवार की जानमाल की सुरक्षा के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह को मंगलवार को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि सुनील तिवारी पर खतरा एवं राजनैतिक दुर्भावनापूर्ण बदले की कार्रवाई की आशंका है। उन्होंने अभी हाल में मोबाइल पर बातचीत में इस संबंध में डीजीपी को जानकारी दी थी। सुनील तिवारी द्वारा 11 सितंबर को मुख्य सचिव को किए गये मेल का जिक्र करते बाबूलाल ने कहा कि विषयवस्तु गंभीर है। हाल के कई ऐसे मामलों के उदाहरण सामने हैं, जिसमें पुलिस को खतरे की आशंका की लिखित सूचना के बाद भी कुछ नहीं किया गया। प्रभावित व्यक्ति की हत्या हो गई। डीजीपी से अनुरोध करते कहा कि सुनील तिवारी के मामले में गंभीरता से संज्ञान लें। उनके और उनके परिवार की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही राजनैतिक बदले की भावना से पुलिस कोई पीड़क कार्रवाई नहीं करे, इसका ख्याल रखें। बाबूलाल के मुताबिक साहिबगंज खनन घोटाला के खिलाफ एफआईआर के लिए थाने में लिखकर देने वाले अनुरंजन अशोक को भी पांच दिन पहले मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देने और अनुरंजन के डोरंडा थाना में शिकायत करने की खबर अखबारों में देखने को मिली है। डीजीपी पुलिस के मुखिया हैं। नियमानुसार उनकी यह जिम्मेदारी है कि राज्य में अमन चैन कायम रहे। पुलिस कानून के आधार पर काम करे। सत्ता पोषित या कोई दूसरे गुंडे-मवाली राज्य में उत्पात नहीं मचाए। राजनैतिक द्वेष से किसी के खिलाफ पुलिस कोई फर्जी पीड़क कार्रवाई न करे। यही वजह है कि उच्च न्यायालय को पुलिस की पूर्वाग्रह पूर्ण कार्यशैली के चलते ऐसे कई मामले जांच के लिए सीबीआई के हवाले करना पड़ा।

## पीएलएफआइ के दो उग्रवादियों पर लगेगा सीसीए, हाईकोर्ट से मिली मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार ने जिले के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित कांडों का जल्द से निष्पादन करें और फरार अपराधियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। एसपी मंगलवार को पुलिस मुख्यालय क्राइम कंट्रोल मीटिंग में अपराध नियंत्रण की समीक्षा कर रहे थे। एसपी ने बताया कि जिले के पांच ऐसे अपराधी भी हैं , जिन्हे थानों में हाजरी लगाने का आदेश दिया गया है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के दो उग्रवादियों पर सीसीए लगाने का अनुमोदन झारखंड हाई कोर्ट से मिल गया है। अन्य तीन अपराधियों पर सीसीए लगाने की प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार पीएलएफआइ के प्रकाश साहू और लखन गोप पर सीसीए की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और हाई कोर्ट से मंजूरी भी मिल गई है। सूत्रों ने बताया कि प्रकाश साहू पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के लिए काम करता था। वह क्षेत्र से लेवी की वसूली कर दिनेश गोप तक पहुंचाता था और उसके लिए अन्य कार्य भी करता था। सूत्रों के अनुसार पीएलएफआइ के लखन गोप पर भी सीसीए लगाने की मंजूरी मिल गई है। लखन गोप प्रकाश साहू के सहयोगी के तौर पर काम करता था।

### यात्री बस ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत कमार दुधानी लकड़जोरिया बाइपास मार्ग पर आमझर पॉवर सबस्टेशन के पास मंगलवार को तीखे मोड़ के समीप चांदनी यात्री बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से दोनों को फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने शिवकुमार सोरेन (20) एवं राजेश हेम्ब्रम (22) को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार दुमका की तरफ से जामा थाना क्षेत्र के भूटोकोड़िया एवं लेदापेसा गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान आमझार गांव के तीखा मोड़ के पास धनबाद से आ रही चांदनी बस के चपेट में आ जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

### कामगारों के लिए शुरू हो रही विश्वकर्मा योजना

## मिलेगा 15 हजार रुपये का प्रोत्साहन, लाखों का कर्ज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत करेंगे।इसी दिन विश्वकर्मा जयंती भी है ऐसे में योजना की बड़े स्तर पर लॉन्चिंग के लिए सरकार के 70 मंत्री देश के 70 शहरों में तैनात रहेंगे, जबकि पीएम मोदी दिल्ली से सुबह 10.30 बजे वर्चुअली इस योजना की शुरूआत करेंगे।17 सितंबर को पीएम मोदी का भी जन्मदिन भी है ऐसे में वो विश्वकर्मा योजना को लॉन्च कर कामगार वर्ग के करोड़ों लोगों को सीधा प्रभावित करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे।इसके अलावा, कारीगरों को हर महीने अधिकतम 100 ट्रांजेक्शन के लिए हर ट्रांजेक्शन पर 1 रुपये का प्रोत्साहन भी दिया जाएगा।

**लाभ पाने के लिए शर्त :** कामगारों के लिए सरकार ने इस योजना के तहत पांच साल (वित्तीय वर्ष 24-28) की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।इस योजना के तहत न्यूनतम आयु 18 साल रखी गई है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**क्या है विश्वकर्मा योजना**

कारोबार को शुरू करने और उसे विस्तार करने के लिए यह योजना 1 लाख लोन पहले चरण में देती है।वहीं दूसरे चरण के दौरान कामगारों को यह योजना 2 लाख तक का रियायती लोन प्रोवाइड कराता है। इस योजना के तहत 18 तरह के कामगारों को शामिल किया गया है।

**किन लोगों को मिलेगा इसका लाभ**

केंद्र सरकार की इस योजना से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि को लाभ दिया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

**कैसे मिलेगी आर्थिक मदद**

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहले चरण में एक लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।इसपर ब्याज की दर ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी होगी।उसके बाद दूसरे चरण में योग्य कामगारों को 2-2 लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जाएगा।साथ ही इन कारीगरों ओर शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिए जाएंगे।

**बदलाव** — शहर के बदलते स्वरूप ने मॉल को स्थापित किया

# पलामू के सिनेमाघर नवकेतन व मोहन की यादें

### जिजीविषा के फूल के बीच बिछड़ने का गम है थियेटर

**ओम प्रकाश प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बड़े पर्दे यानि सिनेमाघर अभी बंद हो गये हैं। शहर की शान नवकेतन और मोहन सिनेमा हॉल बंद हो गये हैं। एक समय था जब पलामू में छोटे पर्दे सहित बड़े पर्दे के कई सिनेमा घर हुआ करते थे। लेकिन आज इनके सारे कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। ये सब देखकर एहसास होता है कि कैसे नगरीकरण की वजह से शहर अपना इतिहास खोते जा रहा है। कुछ को इमारतों के लिए जगह बनाने के लिए ढहा दिया गया। बाकी सिंगल-स्क्रीन सिनेमाघर ग्राहक खोने की वजह से खंडहर में तब्दील हो गए। ये थिएटर पलामू की सिनेमा देखने की संस्कृति के विकास के गवाह थे। पलामू में सबसे छोटे शहरों में भी लोगों को फिल्मों का आनंद लेने में सिंगल-स्क्रीन सिनेमा ने मदद की है। पहले तो कोरोना वायरस के कारण बड़े पर्दे पर ताला लटके। अब सारे कतीपय कारणों से बंद हो गये हैं। सिनेमा हॉल की जगह अब बड़े-बड़े मॉल ने जगह ले ली है। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई तरह से यह हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आने वाले दिनों में राजधानी रांची की तरह समय की मांग के अनुसार सिनेमा हॉल में कार्य जारी हैं। पलामू की बात की जाये तो यहां संगीत और कला की दृष्टि से एक बड़ा प्लेटफार्म आज भी है। यहां हीरों व कलाकारों की कमी नहीं है। आप पलामू के किसी भी घर में जाएं, तो लोग देर रात तक टीवी पर फिल्में और धारावाहिक देखते हुए मिल जायेंगे। किसी भी बड़े शहर या महानगर में जो सुविधाएं होती हैं, वे पलामू में भी होनी चाहिए। इसलिए आने वाले दिनों में सिनेमाघरों का खुलना अच्छी पहल होगी। पलामू को इन मामलों में पिछड़ा बनाये रखने की हिमायत नहीं की जा सकती है। सिनेमाघर खुलेंगे, तो साथ में दुकानें, खाने-पीने की जगहें भी बढ़ेंगी, जिनका अच्छा आर्थिक प्रभाव होगा और कुछ रोजगार के अवसर भी बनेंगे। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई तरह से हमें बनाने में सिनेमा का योगदान होता है। पलामू में सिनेमा संस्कृति बढ़ेगी, तो यहां के युवाओं में भी सिनेमा उद्योग से जुड़ने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। सौंदर्य के जो प्रतिमान माने जाते हैं, उनमें तो पलामू युवा अव्वल दिखते हैं। सिनेमा उनमें एक सपना जगायेगा कि हम भी हीरो बन सकते हैं, कुछ कलात्मक कार्य कर सकते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि जिजीविषा के फूल के बीच आज थियेटर गुम हो गये हैं।



### लैंड फॉर जॉब मामला : लालू यादव के खिलाफ चलेगा केस

## गृह मंत्रालय की सीबीआई को मंजूरी



**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति मिल गई है। मंगलवार को सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि गृह मंत्रालय ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति दे दी है, लेकिन तीन सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति अभी तक नहीं मिली है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को करने का आदेश दिया। इस मामले में सीबीआई ने 3 जुलाई को पूरक चार्जशीट दाखिल करके बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी आरोपित बनाया है। सीबीआई इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। कोर्ट ने 15 मार्च को लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। कोर्ट ने 27 फरवरी को सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। रेलवे भर्ती घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# बिजली बिल की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम सितंबर माह तक



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा की ओटीएस( वन टाइम सेटलमेंट) स्कीम इस सितंबर माह तक चलेगी। जिन बकाएदार उपभोक्ताओ का लाइन काट दिया हो या जिनका बिल बकाया हो ऐसे उपभोक्ता इस ब्याज माफी योजना का लाभ ले सकते है। इसके लिए विद्युत कार्यालय जपला में पहुंचकर फॉर्म भरकर देना होगा। श्री सिंह के कहा की ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ता अपने बकाया बिल को आसान 5 किस्तों में दे सकते हैं। ऐसे में जिन उपभोक्ता का लाइन काट दिया है। उनका एक किस्त जमा करते ही बंद लाइन को चालू करवा दिया जायेगा। क्योंकि सरकार इस योजना का विस्तार सितंबर माह तक किया है। इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता उठाए।अन्यथा इस योजना का लाभ लेने से वंचित रहे उपभोक्ता को फिर कभी ब्याज माफ नहीं किया जायेगा। कनीय अभियंता श्री सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व मुखिया से इस सरकारी योजना के बारे में लोगो को जानकारी देने की अपील की है। ताकि उपभोक्ता एक मुस्त सूद माफी का लाभ उठा सके।

## संकल्प यात्रा सफल बनाने को लेकर क्षेत्र का किया भ्रमण

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में 14 सितंबर को संकल्प यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गांवों का भ्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का आगमन को लेकर तैयारी जोर- शोर शुरू कर दी गई। प्रखंड के ग्राम ऊपरी, मुबारकपुर, नोनियाडीग, हदना, नारायण पुर, पथरा आदि गांवों में भ्रमण कर लोगों को सभा में आने का निमंत्रण दिया गया।

### बिहार के रोहतास जिला डेहरी से ऑटो बरामद

# देवरी ओपी पुलिस की तत्परता से ऑटो चोर गिरफ्तार, गये जेल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस की तत्परता से ऑटो चोर को गिरफ्तार कर लिया गया। ऑटो की चोरी देवरी ओपी क्षेत्र के देवरी गोला पर से रविवार देर रात हुई थी। देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य स्त्रोत से ऑटो चोर को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पकड़ा। पकड़े गए ऑटो चोर की पहचान देवरी ओपी क्षेत्र के गोलापर गांव निवासी अभिषेक कुमार ऊर्फ गोलू यादव, रामानंद चौधरी ऊर्फ रमण के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार देवरी ओपी क्षेत्र के गोला पर गांव निवासी अरुण यादव की ऑटो जिसका नंबर जेएच 03जे 8387 उसके घर के समीप खड़ा था, अहले सुबह जब देखा तो ऑटो नहीं था, उसने इसकी सूचना देवरी ओपी को दी सुचना मिलते ही ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, एएसआई अखिलेश यादव, व पुलिस के जवानों ने खोजबीन शुरू कर दी सीसीटीवी फुटेज वह अन्य स्त्रोत से जानकारी के आधार पर उक्त दोनों चोरों को पकड़कर थाना ले आईं। पूछताछ के बाद दोनों चोरों ने बताया की ऑटो को डेहरी रोहतास में छुपा कर रखें हैं। उसके निशानदेही पर देवरी पुलिस युक्त स्थल पर पहुंचकर डेहरी पुलिस के सहयोग से उक्त चोरी के ऑटो को बरामद कर ओपी ले आई। पूछताछ के बाद मंगलवार को दोनों चोर को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया।



## डीलर के खिलाफ टंडवा के ग्रामीण हुए गोलबंद

**पाटन ।** ग्राम टंडवा मे महालक्ष्मी एस एच जी सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा जुलाई, अगस्त माह का राशन लाभुकों को नहीं मिला । जिसके पश्चात लाभुकों ने डीलर के खिलाफ पाटन बीडीओ को लिखित आवेदन दिया। जिसमें बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने एमो को आवेदन अग्रसित करते हुए जाँच का आदेश दिया। एमो सखी चंद्र दास ने जन वितरण प्रणाली के दुकान पर पहुंच कर दुकान का जाँच किया। इसमें पाया की अगस्त महीने का राशन उपलब्ध है लेकिन वितरण नहीं किया गया है तथा लाभुकों को बुलाकर राशन वितरण के बारे मे पूछ ताछ किया। जिसमे महालक्ष्मी समूह के अध्यक्ष के द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी पाया गया। इनके पास पीएच के 138 कार्डधारी है। जिनका ससमय पर राशन नहीं वितरण करने पर पाटन एमो ने कार्रवाई करने को प्रेषित किया है। मौके पर टंडवा के ग्रामीण समेत सुगना के युवा समाजसेवी रणजीत सिंह उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## राजद ने संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर आरा मिल परिसर में राजद कार्यकताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रिजवान खान की अध्यक्षता में मंगलवार को की गई। जिसमें मौजूद कार्यकताओं ने पंचायत स्तर पर कमेटी व बूथ लेबल कमेटी को संगठित व मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई। इसके अलावे हैदरनगर राजद प्रखंड इकाई का विस्तार कर इसमें दर्जनों कार्यकताओं को शामिल किया गया है। इसके लिये प्रखंड के सभी पंचायतों में क्रमवार पार्टी कार्यकताओं के बीच भ्रमण व बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कलामुद्दीन खान, मुखिया सुदर्शन पासवान, पूर्व मुखिया यमुना यादव व शंकर राम, पंसस राजू शर्मा, अजहर अली, पाले खान, राजू खान, रामजी यादव, नसीम अहमद, इशरत खान, अंजन सिंह, उमेश कुमार, भिखारी यादव, मुरली पासवान, सुरेन्द्र मेहता, महेन्द्र मेहता सहित कई कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती व विस्तार के संबध में अपने विचार को रखा।

## शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता: कार्यपालक पदाधिकारी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी बिपूल सन्नी ने कहा कि हुसैनाबाद शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। वे मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का चहुंमुखी विकास करना व नगर पंचायत वासियों को सरकार द्वारा दी गयी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दिनों शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। इसे लेकर शीघ्र ही शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में फॉगिंग मशीन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत एक सप्ताह से सफाई कर्मी हड़ताल पर थे। जिसके कारण सफाई कार्य बाधित था । सफाई कर्मियों से वार्ता कर हड़ताल समाप्त करा दिया गया है। अब सामान्य रूप से बुधवार से शहर का सफाई कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आमलोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आमलोगों से अपील की है कि होल्डिंग टैक्स, पेयजलापूर्ति बिल, दुकानों का किराया आदि का ससमय भुगतान कर नगर पंचायत को बेहतर बनाने मेंअपना योगदान दें। इस मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

## भगवान श्री कृष्ण की छठी का कार्यक्रम सम्पन्न



नवीन मेल संवाददाता

**नावा बजार।** गुरी पंचायत में रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उपलक्ष में भगवान श्री कृष्ण का छठी कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य पुजारी आचार्य राजन मिश्रा, एवं सुरेंद्र पाठक के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ भगवान श्री कृष्ण की छठी मनायी गयी । वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान एवं ट्रस्ट संचालन कर्त्ता मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है इसी उपलक्ष्य में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का छठी कार्यक्रम रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा रखा गया। हर साल इसी तरह भगवान के जन्मोत्सव पर छठी कार्यक्रम मनाया जायेगा। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, बीससूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र( गुड्डू) शुक्ला, शैलेंद्र चौबे, आलोक चौबे, समाजसेवी सरयू प्रसाद पांडे, विजयकांत मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, अनुज मिश्रा, आकाश मिश्रा ,अशोक पांडे एवं कार्यक्रम में अगल-बगल इलाके से काफी संख्या में गण्यमान लोग उपस्थित थे।

# विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल: चंद्रवंशी

**विश्रामपुर, पांडु, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में सौ करोड़ 86 लाख लागत से बनेगी 23 सड़क**

**प्रेसवार्ता कर विश्रामपुर विधायक ने गिनायी अपनी उपलब्धियां**

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। विस क्षेत्र का कोई भी मुख्य व ग्रामीण सड़क कच्ची का नही रहेगी। सबका पक्कीकरण कराया जायेगा। श्री चंद्रवंशी मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीआइटी कॉलेज में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर,पांडु,उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में सौ करोड़ 86 लाख की लागत से 23 सड़कों का पक्कीकरण होगा। जिसकी स्वीकृति झारखंड सरकार द्वारा मेरे प्रयास से मिली है। जिसमे से 75 प्रतिशत सड़क योजनाओ का निविदा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है। शेष 25 प्रतिशत योजनायें निविदा स्तर पर पहुचने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड में 13,पांडु प्रखंड में आठ,नावाबाजार प्रखंड में दो व उंटारी रोड प्रखंड में दो सड़के बनेगीं। सभी 23 सड़के गांवों को मुख्य मार्ग या प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ेगी। श्री चंद्रवंशी ने जनता को आगाह करते हुये कहा कि चुनाव लड़ने की मंशा पाले हुये कुछ तथाकथित समाजसेवी सस्ती लोकप्रियता हेतु कच्ची सड़को के मरम्मत के नाम पर लोगो को बेवकूफ बना रहे है,उनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आम लोगो से अपील किया है कि जो भी जनहित की योजनायें छूट गयी हो तो मुझे अवगत कराएं,उसका भी क्रियान्वयन कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है। जिसे हासिल करने के लिये दिन-रात लगा रहता हूँ। जल्द ही विश्रामपुर झारखंड के अग्रणी विधानसभा क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा। प्रेसवार्ता में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय भी मौजूद थे।

### शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी

# कई प्रखंडो में खेलो झारखंड के तहत खेल प्रतियोगिता शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के तहत खेलो झारखंड प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हुई। विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। श्री पांडेय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से बच्चों का शारीरिक,मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। खेलो झारखंड के अंतर्गत एथेलेटिक्स,जैवलिन-थ्रो,हॉकी,कबड्डी सहित कई प्रतियोगिता हुयी। जिसमे प्रखंड के कई सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के विजयी प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर बीपीओ मणि पांडेय, बीआरपी मनोज कुमार पाठक, सीआरपी कृष्णा कुमार, किशोर दुबे, मुकेश तिवारी, अजित तिवारी, श्याम शुन्दर वर्मा, मनोज द्विवेदी, वीरेंद्र शर्मा, रंजीत बक्सराय, प्रेमशीला कुमारी, अनिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी,अकरम रजा खान, चंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

**वहीं मनातू** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जनता उच्च विद्यालय पदमा में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखण्ड खेल की प्रतियोगिता आयोजित की गई।खेल का शुभारंभ मनातू प्रखंड प्रमुख गीता देवी, उप प्रमुख धन्वंती देवी, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र यादव, भाजपा उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद, भाजपा सोशल मिडिया प्रभारी सह सह वार्ड सदस्य, अंतु यादव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, परमेश्वर साहू, ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखण्ड 2023-2024 का आयोजन हुआ। जिसमे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च विद्यायलों की कक्षा 9 से 12 तक के बालक बालिका एवं कक्षा 6 से 8 तक के बालक बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने सौ मीटर दो सौ मीटर चार सौ मीटर छह सौ मीटर रेस कबड्डी,तीरंदाजी लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो, शतरंज एथलेटिक्स, वॉलीबॉल,आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिसमें फस्ट सेकंड और थर्ड छात्र छात्राओं को पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

**इसी तरह हरिहरगंज** में प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश कुमार, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव संतोष राय, प्रखंड साधन सेवी मनोज कुमार व कुमार निगम, धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, रामलाल, शिवशंकर चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर रेल रेट समेत कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तर पर बेहतर खेलने वाले टीम खिलाड़ियों का चयन प्रखंड चयन समिति के द्वारा किया गया। वही प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## राजद युवा प्रदेश अध्यक्ष ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के परसडीह के मैदान में मां सावित्री क्रिकेट क्लब टूनामेंट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि राजद के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर राजद नेता रवि कुमार यादव ने इस आयोजन को सराहा और कहा कि गांव स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय प्रयास है। खेल का आयोजन होने से लोगों में उत्साह बढ़ता है। उद्घाटन मैच डूमरीडीह और भांवर के बीच खेला गया। जिसमें बारिश हो जाने के कारण मैच को स्थगित कर दिया गया।


## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

राजसात वाद संख्या–69/2023

नोटिस

बनाम्

1. मनोज कुमार यादव पिता–लखन यादव, सा0–भाटचतरा, बेसरा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार–829202.
2. शंकर प्रसाद पिता–स्व0 दिलचन्द महतो, सा0–बानादाग, पो0–सुल्ताना, कटकमदाग, जिला–हजारीबाग–825319.
3. राजेश पासवान पिता–ओम राम पासवान, सा0–डाड़ा, पो0–शिवराजपुर, थाना–लावालौंग, जिला–चतरा–825103. :– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में बारियातु थाना काण्ड संख्या–30/2023 दिनांक 29.04.2023 में जप्त मोटरसाईकल (1) रजि0 नं0–JH02AF-5862, (2) रजि0 नं0–JH02AQ-3447, चेसीस नं0–MBLHAR08XHHBH0520 एवं (3) रजि0 नं0–JH13J-3018, चेसीस नं0–MBLHAW126P HA15457 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 08.09.2023 को की गयी है। सुनवाई के क्रम में आपलोग अनुपस्थित पाये गये।

अतएव आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 306746 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
## अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

**ई– निविदा संख्या :– SD/LATEHAR/13/2023-24**

1. विभाग का नाम :– ग्रामीण विकास विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
3. वेबसाईट में निविद प्रकाशन की तिथि :– **20.09.2023**
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **27.09.2023** अपराहन् 06:00 बजे तक
5. जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार के कार्यालय में रखे बक्सा के माध्यम से निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **29.09.2023** अपराहन् 3:30 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **30.09.2023** पूर्वाहन् 02:00 बजे।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
8. कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राषि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार, पंचायत हेटपोचरा के ग्राम हेटपोचरा में अर्जुन सिंह के घर से सुबोध उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। Km 0.00 to 0.50 Part-1 (From House of Arjun Singh to house of Mustafa Ansari) | 2497400.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार, पंचायत हेटपोचरा के ग्राम हेटपोचरा में अर्जुन सिंह के घर से सुबोध उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। Km 0.501 to 1.00 Part-2 (From house of Mustafa Ansari to House of lalan Turi) | 2391400.00 | 5000.00 | 48000.00 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार, पंचायत हेटपोचरा के ग्राम हेटपोचरा में अर्जुन सिंह के घर से सुबोध उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। Km 1.01 to 1.50 Part-3 (From House of lalan Turi to House of subodh oraon) | 2497400.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत सासंग ग्राम कोढ़ास के भुभुक नाला पर पुलिया निर्माण। | 6823000.00 | 10000.00 | 136500.00 | 6 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत हेटपोचरा ग्राम हुटार मदुवाखाड़ टोला के पश्चिमी नाला पर पुलिया निर्माण। | 7075000.00 | 10000.00 | 141500.00 | 6 माह |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 306791 Rural Development(23-24)D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## श्रम अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार
(संयुक्त श्रम भवन, करकट, लातेहार Email id-boclatehar@gmail.com)

### इच्छा की अभिव्यक्ति
### (अति अल्पकालीन निविदा)

झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निबंधित निर्माण श्रमिक एवं निबंधित निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों का चयनकर उनके इच्छानुरूप "रोजगार प्रशिक्षण योजना" के अन्तर्गत रोजगार प्रशिक्षण दिया जाना है, जिस हेतु योग्य एजेंसी/ संस्थान से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित कियाजाताहै। योग्य एजेंसी/संस्थाननिम्नमापदण्डों के अनुरूप होना चाहिए :–

1. संबंधित **VTP** भारत सरकार के **NSQF** मानकों का अनुपालन करता हो।
2. संबंधित एजेंसी/संस्थान श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग में निबंधित एव झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी से भी सूचीबद्ध होना चाहिए।
3. झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत "रोजगार प्रशिक्षण योजना" हेतु झारखण्ड राज्यान्तर्गत निबंधित **VTP's** को प्राथमिकता देना सुनिश्चित किया जायेगा।
4. झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित **"रोजगारप्रशिक्षण योजना"** के तहत् **"इच्छानुरूप रोजगार प्रशिक्षण"** देने हेतु झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा पूर्व में संचालित "रोजगार प्रशिक्षण योजना" के अन्तर्गत पूर्व में प्रशिक्षण दिये हुए एजेंसी/संस्थान को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।

उक्त के आलोक में सभी मापदण्डों को पूर्ण करने वाली योग्य एजेंसी / संस्थान दिनांक–23.09.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक श्रम अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार में इच्छा की अभिव्यक्ति बंद लिफाफा मे जमा करना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक–23.09.2023 को 01.00 बज अपराहन में समिति एवं एजेंसी / संस्थान के प्राधिकृतव्यक्ति के उपस्थिति में इच्छा की अभिव्यक्ति खोली जायेगी।

इच्छा की अभिव्यक्तिकार्यालय के सूचनापट्ट एवं www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
लातेहार

PR 306725 Labour Employment and Traning(23-24).D

## जिला कृषि कार्यालय, लातेहार
### अति अल्पकालिन निविदा सूचना

माननीय सांसद श्री सुनील कुमार सिंह, चतरा लोक सभा क्षेत्र के अनुशंसा के आलोक में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना मद अन्तर्गत लातेहार जिला के विभिन्न चयनित स्थलों में कृषि एवं पेयजल हेतु सोलर मोटर पम्प एवं सोलर लाईट के आपूर्ति/अधिष्ठापन 08 (आठ) यूनिट का कार्य किया जाना है जिसके लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/कम्पनी से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 19.09.2023, 02:00 बजे पूर्वाहन् तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | अनुमण्डल–सह–जिला कृषि कार्यालय, लातेहार। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 19.09.2023, 03:00 बजे पूर्वाहन् से |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | उप विकास आयुक्त कार्यालय, लातेहार |

**Work Description :-** Construction of 200 X 150 mm dia & 150 m deep HYDT with 200 mm dia, MSERW casing pipe of 6mm wall thickness, Supply, Installation, Testing and Commissioning of 3 HP Solar Submersible Water Pumping System with Solar Light and Development of Installation sight with Proper fencing & flooring on Turnkey Basis in various places of Latehar district for providing drinking water and public irrigation facilities

- **Warranty Period:-**
  a. Complete setup-2yrs
  b. Solar Panel-20yrs by OEM warranty
  c. Solar Street Light-2 yrs
- **Test Report:-**
  a. Solar Panel-IEC 61215/61730
  b. Submersible Pump-Steel Grade 304/316
- **Certification from Bidder:-**
  a. ISO 9001/2008 or ISO 9000/2015
  b. MSME or NSIC or GEM
- **OEM Authorization:-**
  a. Bidder should submit tender specific authorization from pump OEM.

**.Specification of work detail in Annexure-"A"**

नोट :– निविदा से संबंधित अन्य शर्त्तो को आत्मा लातेहार के वेबसाईट www.atmalatehar.in एवं जिला कृषि कार्यालय, कीनामाड़, लातेहार के सूचनापट्ट पर भी देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
लातेहार

PR 306751 Agriculture (23-24)_D

NEWS इन ब्रीफ

## सड़क दुर्घटना में ससुराल जा रहे दो युवक घायल

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इगुनियां ताड़ निवासी प्रसाद सिंह का पुत्र अवध सिंह उम्र 25 वर्ष और उसी गांव के बीरबल सिंह का पुत्र रंजन सिंह उम्र 20 वर्ष ससुराल जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल गए। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि अवध सिंह अपने दोस्त रंजन सिंह के साथ सोमवार को बाइक पर सवार होकर अपना ससुराल लातेहार जिले के छिपादोहर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में बाइक दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन दोनो को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।इसके बाद सदर अस्पताल में तैनात कर्मियों के द्वारा इस घटना जानकारी घायल के परिजनों को दी गई।

# बी.एम.सी.नेउरा में 'सुमन' की पुस्तक पर गोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर रा.उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बी.एम.सी. नेउरा में प्रभात मिश्रा 'सुमन' की पुस्तक पलामू के क्रांतिकारी पर चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन प्रधानाध्यापक एम. ने किया। भारत की स्वतंत्रता में पलामू की भूमिका अग्रणी रही है। इस जिले के क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को हमारा देश छोडने पर मजबूर किया था। अंततः भारत आजाद हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पलामू के योगदान को प्रभात मिश्रा



ने कुछ हद तक अपनी पुस्तक पलामू के क्रांतिकारी में इकट्ठा कर दिया है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। हजारीलाल साह की पौत्रवधू रेणु कुमारी जायसवाल व रामजन्म सिंह के पौत्र सहायक अध्यापक रामप्रवेश सिंह ने अपने पूर्वज क्रांतिकारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके. पर शिक्षिका मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेशमा कुमारी, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार मौजूद थे। बाल संसद प्रधानमंत्री सफीना खातून ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग प्रयोग करने वाले दुकानों में छापामारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त के आदेश पर नगर निगम के द्वारा मंगलवार को छह मुहान, गुड़ पट्टी, आढ़त रोड में प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग प्रयोग करने वाले दुकानों में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में लगभग 50 दुकानों में औचक जांच करते हुए 12 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग जब्त किया गया।वहीं छोटे दुकानदारों ,ठेला खुमचा वालो को चेतावनी दी गई कि पुनरावृति करने पर जुमार्ना राशि वसूल किया जाएगा। उक्त अभियान के लिए उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी की अध्यक्षता दल गठन करते हुए छापामारी किया गया। दल में नगर प्रबंधक रवि भारती, उपेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, राजस्व कर्मी पवन मेहता निगम कर्मी अनूप शर्मा के साथ टाइगर मोबाइल के जवान शामिल रहे। बताते चले की शहर में नगर निगम के द्वारा कई बार प्लास्टिक को लेकर अभियान चलाया गया है। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। वहीं नगर निगम के द्वारा महीना दो महीना पर छापामारी अभियान चलाया जाता है। जिसके वजह से लोग बेफिक्र होकर प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। यदि नगर निगम के द्वारा समय-समय पर प्लास्टिक के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जाए तो दुकानदारों में भय व्याप्त रहेगा और लोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे।

## डीसी व एसपी से की रात्रि प्रहरी की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के राजकीय स्त्रोनत उच्च विद्यालय आसेहार के आई सी टी लैब से कंप्यूटर की चोरी विगत कुछ दिन पहले हो गई थी। जिसका सन्हा पांकी थाना में दर्ज हुआ, बावजूद अभी तक चोर पकड़ से बाहर हैं। कंप्यूटर की चोरी हो जाने से सैकड़ो बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए। जिसकी शिकायत लेकर ग्राम पंचायत विकास कमेटी आसेहार के सदस्य पलामू उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक पलामू को ज्ञापन देकर चोरी में संलिप्त लोगों पर जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किये। कार्रवाई नहीं होने की वजह से चोरी की घटना लगातार बढ़ते जा रही है, चोर बेखौफ घूम रहे हैं। विकास कमेटी के अध्यक्ष सह आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने पलामू उपायुक्त से विद्यालय में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था करने की मांग की है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# पलामू जिले के सभी योग्य राशन कार्डधारियों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

### प्रशिक्षु आईएएस बनाये गये नोडल ऑफिसर

### छह सदस्यीय टीम गठित, कार्ड बनाने के लिए सहियाओं को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक की।इस दौरान उपायुक्त ने जिले में सभी छुटे हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड कैसे बनाया जाये इस पर कार्य योजना बनाया बनाया और संबंधित पदाधिकारियों को सक्रियता से काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री रंजन ने प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार को इस कार्य के लिए नोडल पदाधिकारी




के रूप में नियुक्त किया।उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पीडीएस दुकान वार कार्डधारियों की सूची स्वास्थ्य विभाग को सौंपने के निर्देश दिये साथ ही यह सूची बीडीओ व संबंधित प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को भी देने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत के कार्डधारियों को चिन्हित करते हुए सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए छह सदस्यीय टीम भी गठित किया। यह टीम मिशन मोड में कार्ड बनाने की दिशा में कार्य करेगी।इसके साथ ही जिले की सभी सहियाओं को प्रखण्डवार प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपायुक्त ने सभी को टीम वर्क के साथ सभी योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। कहा कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रज्ञा केंद्र व अन्य सभी आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत लाभुकों का कार्ड बनाने का काम करेंगे। इस दौरान एनआईसी के साभार में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, सिविल सर्जन, डीआईओ, डीपीएम हेल्थ व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को -ऑर्डिनेटोर मौजूद थे।

## डीटीओ के आश्वासन के बाद प्रस्तावित बस हड़ताल स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में 13 सितंबर से होने वाली यात्री बसों की हड़ताल स्थगित हो गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन की बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मंगलवार की शाम हुई वार्ता के बाद हड़ताल वापस लेने का फैसला लिया गया। दरअसल,पलामू जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन द्वारा कम दूरी के सवारी वाहनों द्वारा लंबी दूरी के पैसेंजर अपने वाहन से ले जाने का विरोध किया जा रहा था। उनका कहना था कि छोटी सवारी वाहन अनधिकृत रूप से लंबी दूरी के पैसेंजर्स को भी अपने वाहन में बैठा ले रहें हैं, जिससे लंबी दूरी तक चलने वाली बसों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। बस ऑनर्स एसोसिएशन की मांग है कि ऐसे सवारी वाहनों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्रवाई की जाये। इस पर डीटीओ अनवर हुसैन ने विधि सम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद सभी ने आपसी सहमति से हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। मौके पर एमवीआई लाल बिहारी यादव, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, पलामू जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह एवं एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद थे।



### मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया हंगामा

## अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रिंसिपल का चैंबर घेरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। सभी छात्र-छात्राएं अपने क्लास से बाहर आ गए। और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की चैंबर को घेरा और लॉबी में बैठ गए। मेडिकल के छात्र-छात्राएं कि पांच प्रमुख मांगे थी। यह मांगे थी बिजली व्यवस्था में सुधार मेस में पर्याप्त संख्या में टेबल और कुर्सी की व्यवस्था, वॉशरूम की सफाई ,लिफ्ट का चालू होना और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक और बस का इंतजाम । कुछ छात्रों ने प्रेस को बताया की बिजली की व्यवस्था बहुत ही लाचार हो गई है। अभी हाल के दिनों में 22 घंटे तक के लिए बिजली नहीं थी। जबकि उनका इम्तिहान था। फिर यह स्थिति कल बन गई थी। दूसरी बात उन्होंने यह कही कि मेस में डाइनिंग टेबल और कुर्सी की कमी है। जिसके वजह से दर्जनों छात्र को अपने खाने की बारी का इंतजार करना पड़ता है। उनकी तीसरी और महत्वपूर्ण मांग थी, लिफ्ट को चालू करने की मांग। उनकी यह भी मांग थी कि केंद्रीय लाइब्रेरी दिन में और शाम के कुछ घंटे खुले ताकि वह पढ़ सके।एक जो बड़ी मांग थी जो महंगी मांग थी वह थी एक और बस का इंतजाम। जो इन छात्र-छात्राओं को एमएमसीएच डाल्टनगंज उनके इंटर्नशिप या ट्रेनिंग के लिए ले जा सके। इस सिलसिले में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने बताया की बिजली की व्यवस्था के लिए वह बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के संपर्क में है।लिफ्ट के बारे में उन्होंने बताया कि इसे जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा मैच में कुर्सी और टेबल की कमी को उन्हें दुर्भाग्य पूर्वक इसे भी आने वाले 2 से 3 दिनों में दूर कर दिया जाएगा केंद्रीय लाइब्रेरी के दिन और शाम में खुले रहने का मजबूरी जाहिर करते हुए कहा सिर्फ तीन लोग केंद्रीय लाइब्रेरी के देखरेख में है। और दिन में और रात में या शाम में इसे चलाना संभव नहीं है। फिर उन्होंने यह कहा कि एक बस जो छात्र-छात्राओं को ले जाती है। उसके लिए कॉलेज प्रबंधन को 75 हजार रुपए प्रति माह देने पड़ते हैं। इतनी बड़ी राशि में एक दूसरी बस को इसी समय सेवा में लाना रखना संभव प्रतीत नहीं होता है।

# शिवाला घाट शिव मंदिर से भगवान का मुकुट व मूर्ति की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर से बीती रात चोर भगवान का मुकुट और मूर्ति की चोरी कर फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते हैं पुलिस मंदिर परिसर पहुंचकर चोरी की घटना से संबंधित मामले की छान बीन में जुट गई है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। चोरी कि इस घटना से भक्तों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

### आस्था से खेलने वालों को कड़ी सजा मिले : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर।** कोयल नदी किनारे शिवाला घाट के पास शिव शक्ति ट्रस्ट मंदिर से लड्डू गोपाल की मूर्ति जो लगभग 100 वर्ष पुराने अष्ट धातु की बनी थी। जो करीब दो के.जी की थी । साथ ही विष्णु भगवान, लक्ष्मी जी का चांदी का मुकुट सोमवार रात चोरी हो गया । यह आस्था के साथ खिलवाड़ है। इस मंदिर से मेदिनी नगर वासी समेत जिले के सभी लोगों का आस्था जुड़ा हुआ है। पूर्व महापौर अरूणा शंकर ने एसपी पलामु से मांग की है कि ऐसे अपराधी किसी भी कीमत पर बचने नही चाहिए और 48 घंटे के अंदर मूर्ति और मुकुट बरामद कराते हुए अपराधी को यथाशीघ्र पकड़ कर इस पाप की सजा प्रशासन दे । ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना करने से डरे । उन्होंने कहा कि इस मार्मिक समय में वे मंदिर ट्रस्ट एवं जन-जन कीआस्था के साथ हैं।

## चितरंजन बने दुल्ही दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के दुल्ही में दुर्गा पूजा मानने को ले सोमवार को बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता रामजन्म सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से चितरंजन सिंह को अध्यक्ष, रणजीत सिंह को सचिव चुना गया। कामाख्या नारायण सिंह को कोषाध्यक्ष, सूर्यदेव सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 धूम धाम से मनाया जायेगा।अध्यक्ष चितरंजन सिंह ने ग्रामीणों से पूजा को सफल बनाने के लिए तन- मन- धन से सहयोग करने की अपील की।

## बाजार क्षेत्र में व्हाइट लाइन के बाहर लगे वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को बाजार क्षेत्र में वाइट लाइन के बाहर सड़क के बीचो-बीच लगे दो पहिया वाहनों को जप्त का थाना लाया गया। वहीं एसपी के आदेश का पालन करते हुए ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा अब प्रतिदिन बाजार से जाम को हटाया जा रहा है और सड़क को जाम करने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है और बाजार क्षेत्र में सड़क के बीचों बीच अपना दोपहिया वाहन लगाकर बाजार में खरीदारी करने जा रहे हैं। जिसकी वजह से बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। फिलहाल ज्यादातर जाम की समस्या छह



मुहान चौक से लेकर लाल कोठा, बड़ा तालाब तक देखी जा रही है। यहां पर नगर निगम के द्वारा बीचों-बीच डिवाइडर लगा दिया गया है। और यहां डिवाइडर के अगल-बगल ठेला खोमचा, फुटपाथ दुकान को लगाकर लोग सड़क को जाम किए हुए हैं। यदि इस रास्ते से एक स्कूल बस गुजरता है तो तुरंत जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसकी वजह से प्रतिदिन लोगों को इस रास्ते पर जाम की समस्या से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा इन सभी ठेला ,खोमचा और फुटपाथ दुकानदारों को हटाने को कहा गया है। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। वहीं नगर निगम भी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। यदि समय रहते इस रास्ते से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा।

## पलामू उपायुक्त ने की जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुद्रा लोन,क्रेडिट लिंकेज,लाइवलीहुड फार्म,ऑर्गेनिक फार्मिंग,बिरसा हरित ग्राम योजना,जोहार परियोजना,उड़ान परियोजना,फुलो झानो आशीर्वाद अभियान,दीदी बगिया,आदि योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 950 एकड़ लक्ष्य के विरुद्ध 888 एकड़ स्थल चयन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। जोहार परियोजना के तहत की जा रही लाह की खेती, बकरी पालन,और मुर्गी पालन की भी जानकारी ली। उन्होंने बैम्बू क्राफ्ट से बने सामग्रियों को बाजार में उतारने की दिशा में कार्ययोजना बनाने निर्देश दिया।वहीं रामगढ़ व मनातू जैसे ग्रामीण क्षेत्र में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश कुमार शुक्ला समेत सभी प्रखंडों के बीपीएम,बीपीओ आदि उपस्थित थे।

### जनता दरबार में पहुंची रामगढ़ की छात्राओं ने

## आंगनबाड़ी सेविका पर लगाया घूसखोरी का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में रामगढ़ प्रखंड से आई छात्राओं ने आंगनबाड़ी सेविका के खिलाफ सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने के एवज में रिश्वत लेने की शिकायत उपायुक्त से की। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुडी के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार अनिल कुमार यादव की शिकायत किया कि इनके द्वारा एक ही व्यक्ति का दो-दो राशन कार्ड बनाकर एवं मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन गबन किया जा रहा है। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के मुख्तार हुसैन ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन देने की गुहार लगाई । हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की बेबी कुमारी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के मुनारिक राम ने उपायुक्त से अपनई जमीन का सीमांकन कराने का अनुरोध किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये ।

## भाकपा जिला सचिव ने किया ग्राम कुसुमटांड़ का दौरा

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, जिला कमेटी सदस्य सह सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने ग्राम कुसुमटांड़ का दौरा किया एवं वाहा की जन समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर सुमन देवी, आशा देवी,मोहन सिंह ने शपथ लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि सदर प्रखंड के यह गांव विकास से काफी पीछे है । सड़क तो बन गया लेकिन लोकल स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था नहीं है। वहीं प्रधानमंत्री आवास से भी स्थानीय लोग वंचित हैं। एक महीना से राशन का कालाबाजारी हो गया, गरीबों को राशन नहीं मिला।

खेती

### बारिश नहीं हुई पर्याप्त

# धान की जगह तिल व अरहर की खेती करें किसानः वैज्ञानिक

### इस वर्ष की बारिश धान के बिजड़े और धान की बुआई पर इसका कोई भी असर नहीं पड़ेगा : कृषि पदाधिकारी

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** अगस्त माह के शुरूआती दिन में पलामू के कई हिस्सों में अच्छी खासी बारिश हुई है। इस बारिश से जहां खेतों के जमीन की नमी बड़ी है वहीं जो खेत नीचे जमीन पर थे पानी का जमाव भी देखा जा सकता है। लेकिन कृषि वैज्ञानिकों का मानना है इस अगस्त माह की वर्षा से जुलाई माह में जो धान की रोपनी नहीं की हो पाई उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। कृषि वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि यह बारिश उन रोपे गए धान को जिसे बिजड़ा कहते हैं उसे लगाने में भी मदद नहीं मिलेगी



। क्योंकि 21 दिनों के अंदर धान के बिजड़े को हर हाल में बुआई कर देना होता है। इस सिलसिले में जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी ने बताया कि बारिश हुई है खेत की नमी बड़ी है। लेकिन धान के बिजड़े और धान की बुआई पर इसका कोई भी असर नहीं पड़ेगा। जिला कृषि अधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि इस वर्ष सच माने तो धान की पैदावार पर असर पड़ेगा। उनका मानना है कि यदि किसी खेत में 5 क्विंटल धान की फसल हो जाती है तो यह बिल्कुल नहीं समझा जा सकता है कि अगस्त के इस वर्ष से वह 5 क्विंटल धाम उपज होगी । चियांकि के आशिक अंसारी कि धान बारिश समय पर नहीं होने के कारण वह इस वर्ष खेती नहीं किये हैं। यह दिगर बात है कि धान की जगह तिल और अरहर की खेती की अंसारी के द्वारा की गई है।

## अचला के ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर मंत्री को किया सम्मानित

# मंत्री बोले, जन भावनाओं की कद्र करना जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा सदर प्रखंड के अचला गांव में एनएच 75 बाईपास में फ्लाई ओवर निर्माण पर ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित कर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सम्मानित किया। अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन कमेटी के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया।



मौके पर मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि का काम सिर्फ क्षेत्र का विकास करना, लोगों को बिजली, पानी, राशन, सड़क आदि सुविधा उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि जनता की भावनाओं का कद्र करना सबसे बड़ी जिम्मेवारी होती है। अचला में कब्रिस्तान के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण मंत्री की जीत नहीं बल्कि अचला सहित पूरे गढ़वा जिला एवं संपूर्ण झारखंड वासियों की भावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठे लोग फूट डालो, शासन करो की राजनीति करते हैं। फिर भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बहुत ही अलग व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं। आज उन्हीं के विचार एवं अच्छी सोच का परिणाम है कि यहां फ्लाई ओवर का निर्माण हो पाया। अन्यथा उनकी जगह कोई दूसरा होता तो यहां फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं हो पाता। पूरे देश के लोग उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं। मंत्री ने कहा कि मैं वैसे लोगों का नाम नहीं लेना चाहता जो समाज में रह कर समाज को कमजोर करते हैं। जो सिर्फ अपने हित की बात सोचते हैं, पूरी जनता को बेवकूफ समझते हैं। वैसे लोग अगर अब भी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो वे समाज क्या कहीं के भी लायक नहीं रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने मुझ पर भरोसा कर जन प्रतिनिधि चुना, तभी आज यहां बाईपास दिख रहा है, नहीं तो आने वाले 10 सालों में भी यहां बाईपास नहीं बनता। पूर्व विधायक का नाम लिए बगैर मंत्री ने कहा कि पूरे गढ़वा के लोग यह जान चुके हैं कि वे सिर्फ मनोरंजन का साधन बनकर रह गए हैं। वे लोगों का मनोरंजन कर हंसाते फिरते हैं। पिछली बार तो 25-30 हजार वोट से ही हारे हैं। इस बार जमानत जब्त हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार है। यह सरकार जन भावना के लिए कोई भी त्याग करने के लिए तैयार रहती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, डा.यासीन अंसारी, अनिता दत्त, मदनी खान, नसीम अख्तर, ताहिर अंसारी, मुखिया मुखराम भारती, प्रमुख दीपमाला, नेजाम, सदर शमसुद्दीन, फैजुल, शरीफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, तबीब आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, संजय भारती, फुजैल अहमद, शादिक मौलवी, मुजीबुर्र रहमान,अहमद अली, आलमगीर आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पूर्व विधायक : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार को आवेदन सौंप कर गत 11 सितंबर को मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा का राजनीति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अनुमति देने संबंधी जानकारी मांगी है। सौपे गए आवेदन में दुबे ने कहा है कि उक्त विद्यालय के मैदान में विद्यालय संचालन अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई। यदि अनुमति नहीं दी गई तो बगैर अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की पढ़ाई बाधित की गई। इस परिस्थिति में डीएसई ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बच्चों एवं उनके भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने विद्यालय संचालन अवधि में मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर घंटों तक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित रही। स्कूल आने के बाद भी बच्चे कुछ पढ़ाई नहीं कर सके। दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक अपने स्वार्थ्य सिद्धि के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। आम जनता की परेशानियों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उनका बस एक ही मकसद है चाहे जैसे भी हो, लोगों को कितनी भी परेशानी हो उनका अपना काम होना चाहिए। कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना, उनकी पढ़ाई बाधित करना एक अक्षम्य अपराध है। यदि डीएसई इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करते हैं तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### भीड़ देख बौखलाहट में झामुमो के लोग : भाजपा

**गढ़वा।** भाजपा मेराल उत्तरी मंडल के अध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि सोमवार को मेराल में आयोजित कार्यक्रम में जनता का अपार समर्थन और भीड़ देखकर झामुमो के लोग बौखलाहट में है। भाजपा के लोग कानून का सम्मान करने वाले है। वहीं झामुमो के लोगों का शुरू से ही कानून तोड़ने की फितरत रही है। उन्होंने कहा कि मेराल में आयोजित भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद ही किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में मेराल प्रखंड के लगभग सभी गांवों से पहुंचा लोगों की भीड़ और समर्थन देखकर झामुमो के लोग घबराहट में ओछी राजनीति करने पर उतारू हो गए है। पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी को क्षेत्र के लोगों का मिल रहे समर्थन को देखकर झामुमो के लोगों को लगने लगा है कि अब समय बदलने वाला है। झामुमो के लोग खुद को सत्ता से बेदखल होता देखकर अनर्गल आरोप लगा रहे है। झामुमो के कई निजी कार्यक्रम में कस्तूरबा और अन्य सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को दिनभर खड़ करा देते है। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग ओछी राजनीति करने से बाज आवें।

## संक्षिप्त

### केतार में विषैला जंतू के काटने से बच्ची की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव निवासी दिनेश बियार की पुत्री खुशबू कुमारी को मंगलवार को विषैले जंतू के काटने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खुशबू कुमारी मंगलवार की सुबह अपने मां के साथ घर में खाना बना रही थी। इसी क्रम में अचानक विषैला जंतु ने काट लिया। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए रावटर्सगंज स्थिति जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पिता रांची में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। खुशबू मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में कक्षा चार की छात्रा थी। एसआई उस्मान सेख ने घटना की जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम करने के लिये भेजने की तैयारी की जा रही थी। मौके पर मुखिया मुंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, राम प्रसाद कमलापुरी, राजनाथ साह, सतेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### कांडी में किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव निवासी तारानंद दुबे के 17 वर्षीय पुत्र अंकित दुबे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 11 जुलाई सोमवार रात्रि की है। पुलिस ने मंगलवार को सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। घटना स्थल पर पहुंचे एसआई केदार नाथ मिश्रा ने बताया कि सुबह में जब अंकित को सोकर उठने में देर हुआ तो परिजनों ने उसके कमरे के अंदर झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था। किशोर ने साड़ी का फंदा लगाकर पंखा के हूक से फांसी लगा ली थी। उक्त कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ग्रामीणों के सामने दरवाजा तोड़कर अंदर गयी और शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक बीए का छात्र था। उसने फांसी क्यों लगाई यह जांच का विषय है। बताया जाता है कि अंकित का सोमवार को गांव के ही कुछ लड़कों के साथ सामान्य झगड़ा हुआ था, लेकिन पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

### मनरेगा योजना से संचालित कार्यों का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** गढ़वा उप विकास आयुक्त राजेश कुमार रॉय ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित कार्यों का निरीक्षण किया, जिसमें. अवधविहारी यादव,राजकुमार यादव, देवधारी राम खेत में मनरेगा योजना से हो रहे आम बागवानी, के खेत में कूप निर्माण, आईटीआई कॉलेज के समीप खेल मैदान में चेंजिंग रूम बंनाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजना से संचालित विभिन्न योजनाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बागवानी को और बेहतर तरीके सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित कर्मियों और योजना के मेठ को दिया। इस मौके पर बीडीओ जयपाल महतो, जेई श्याम कुमार चौधरी, बीपीओ तहमिद अंसारी, मिथिलेश कुमार, मुखिया लाईची देवी आदि मौजूद थे।

### 'विकास योजनाओं में निर्देश का पालन करें'

**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने विकास योजनाओं में मनरेगा आयुक्त तथा पंचायती राज विभाग के निर्देश का पालन कराने का निर्देश दिया है। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत कार्यों की स्वीकृति ग्राम पंचायतों के द्वारा धड़ल्ले से की जा रही है जिसके कारण आएदिन मनरेगा में फजीर्वाडे की शिकायत मिल रही है ज्ञातव्य हो कि मनरेगा आयुक्त द्वारा पत्रांक16-029 दिनांक 22 फरवरी 2019 के तहत सभी उपायुक्तों को पत्र प्रेषित कर साफ निर्देश दिया गया था की मनरेगा योजनाओं में 5 लाख तक कि प्रशासनिक स्वीकृति ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत की कार्यकरणी समिति द्वारा दी जाएगी। एवं उक्त योजनाओं का अगामीन पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन करना था। उक्त विषय के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा भी निर्देश दिया था बावजूद सरेआम उलंघन किया जा रहा है। जबकि गढ़वा जिला के अन्य प्रखंड में पालन किया जा रहा है।

### आरक्षी अधीक्षक ने किया जीयर स्वामी का दर्शन



**श्री बंशीधर नगर।** जिले के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के चातुर्मास्य स्थल पाल्हे जतपुरा गांव पहुंचे। यहां दीपक कुमार पांडेय ने स्वामी जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, सचिव अनीश कुमार शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, उमेश शुक्ल, धर्मेंद्र चौबे, नवनीत शुक्ल, आचार्य नरसिंह नारायण शुक्ल, आदि ने एसपी को शॉल ओढ़ा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि यज्ञ में जितना अधिक सहयोग हो सकेगा मैं करूंगा। सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था किया जाएगा। एसपी ने कहा कि स्वामी जी का इस क्षेत्र में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होना गढ़वा जिला वासियों के लिए बहुत बड़ा धार्मिक उपलब्धि है। मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रशांत चौबे, दीपक शुक्ल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।

# केतार में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



प्रखंड मुख्यालय केतार स्थिति लोहिया समता उच्च विद्यालय के ग्राउंड में स्कुली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की पहल पर मंगलवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष शुशिल पाठक, बीईओ विजय पांडे, प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामभजन गुप्ता ने कहा कि खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन होने से स्थानीय स्तर पर स्कुली बच्चों को अपने अंदर की छुपी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा की आज गांव का खिलाड़ी भी राज्य और देश स्तर पर पहचान बना रहे हैं। इस दौरान सौ मीटर, दौ सौ मीटर, चार सौ मीटर रेस, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि कुमार बैद, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद आदि मौजूद थे।

# साहिबगंज ने पलामू को 5-3 से दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय चितविश्राम परिसर में मंगलवार को किया गया। मैच का उद्घाटन एसडीओ आलोक कुमार, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, एसडीपीओ प्रमोद केसरी, बीडीओ श्रवण राम, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिप सदस्य बाला रानी ने संयुक्त रूप से किया।

एसडीओ ने कहा कि इस छोटे शहर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होना सौभाग्य की बात हैं। खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। देव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर श्री बंशीधर नगर में एक स्टेडियम निर्माण कराने के लिए प्रयास करूंगा। मंगलवार का मैच साहिबगंज बनाम पलामू के बीच मैच खेला गया, जिसमें साहिबगंज की टीम ने 5 गोल व पलामू की टीम ने 3 गोल किया। इस प्रकार साहिबगंज की टीम ने 2 गोल से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, युवराज मानवेंद्र प्रताप देव, आयोजन समिति की ओर से आंनद प्रकाश दुबे, समसुद्दीन अंसारी, मैच कमिश्नर परेश्वर घोप, मुक्तेश्वर पांडेय, तस्लीम खान सीनियर, नोडल पदाधिकारी कमलेश पांडेय, चंदन पांडेय, अखिलेश पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, उषा देवी, दिलू चौबे, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, प्रमोद राम, सत्येंद्र पांडेय, प्रदीप सिंह, द्वारिकानाथ पांडेय आदि मौजूद थे। रेफरी चिंटू हाजरा, सिंकंदर यादव, असिस्टेंट रेफरी पिंकी यादव रहे।

# अमृत यादव मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**





प्रखंड के बैतरी निवासी अमृत यादव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। पदाधिकारी की लापरवाही के कारण अमृत यादव पिछले एक माह से सपरिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं, जबकि सरकार गरीब बीपीएल परिवारों को प्रधानमंत्री आवास दे रही है। लेकिन प्रखंड में अत्यंत बीपीएल धारी परिवार वंचित है। इसका उदाहरण सिसरी पंचायत के बैतरी निवासी अमृत यादव है।

अमृत यादव ने बताया कि वह अत्यंत गरीब बीपीएल धारी मजदूर है। एक जीर्णशीर्ण अवस्था में कच्चे के घर में पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहते थे। कुछ दिन पूर्व बारिश के दौरान मकान की दीवार कई जगहों पर फट गई है। घर ध्वस्त होने के डर से लगभग एक माह से झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। 15 दिन पूर्व घर की मरमति/आवास के लिए अंचल कार्यालय को आवेदन दिया था। लेकिन अभी तक अंचल के कोई पदाधिकारी भौतिक सत्यापन भी नही किया। आवास के लिए सोमवार को प्रखंड कार्यालय बीडीओ गणेश महतो को आवेदन देने गया था। लेकिन बीडीओ से मुलाकात नहीं हुई। निराश होकर घर वापस आ गए। एक दो साल में लड़की की भी शादी करनी है। पूर्व मुखिया महेंद्र साह ने कहा कि अमृत यादव अत्यंत गरीब परिवार से है। इन्हें तत्काल आवास की आवश्यकता है। सिसरी मुखिया पति उदय अलबेला ने कहा कि अमृत यादव के साथ जाकर उसके आवास के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन दिये है। बीडीओ सह सीओ गणेश महतो घर की जांच करने का आदेश अंचल कर्मी को दिए हैं। जांच के बाद मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा। वहीं उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने कहा बीडीओ से आवास दिलवाने का प्रयास करूंगा।

## अंचल कार्यालय के सीआई के रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश

**भवनाथपुर।** अंचल कार्यालय में पदस्थापित सीआई विभुति नारायण सिंह की कार्य प्रणाली को लेकर जन प्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। 15 दिन पूर्व भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चंदन ठाकुर द्वारा बाजार समिति की जमीन पर निजी व्यक्ति द्वारा खुटा गाड़ी किए जाने के विरुद्ध शिकायत की गई थी। वहीं तीन दिन पूर्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के द्वारा सीआई के विरुद्ध अंचलाधिकारी एवं उच्च अधिकारी से शिकायत की गई थी। अब नया मामला भवनाथपुर बुका निवासी अनुज राउत पिता नंदकुमार राउत के द्वारा जनता दरबार में उपायुक्त से मिल कर सीआई के द्वारा जमीनी विवाद में हेराफेरी करने व प्रताड़ित करने को लेकर लिखित शिकायत की गई है। आवेदन में अनुज राउत ने उल्लेख किया है कि मेरा पूर्व से कच्चा मकान था जो छतिग्रस्त हो रहा है उसी से सटे अपने हिसे में दो कमरे का पका मकान चार फीट जोड़ाई कर लिया था।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए गढ़वा बॉक्सिंग टीम रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

बोकारो जिले में 13 सितंबर से 16 सितंबर तक आयोजित हो रही सीनियर स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की बॉक्सिंग टीम टाटा मुरी ट्रेन से बोकारो के लिए रवाना हुई। टीम में राजन कुमार (48.51), अजय कुमार (54.57), राजुल्लाह अंसारी (60.63), सूर्या कुमार (63.68), विकास कुमार (70.75), यश राज (80.85), किलो ग्राम में भाग लेगे सभी चयनित खिलाड़ियों को बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव राम प्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष. नितिन तिवारी, सह सचिव पुनित जैसवाल, महती उग्रसंडी के साथ गढ़वा जिले ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता के साथ-साथ जिले के बॉक्सिंग खिलाडी मुस्कान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विजेता कुमारी, पवल कुमार, ऋषि बाबू, मयंक कुमार, अभिजीत कुमार, आशिष कुमार, आयुष कुमार, रवि कुमार, सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी।

**कार्यक्रम** टंडवा स्थित होटल शगुन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# गढ़वा में काम करना काफी चुनौतीपूर्ण : पुलिस अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




एसपी अंजनी कुमार झा के स्थानांतरण की बाद टंडवा स्थित होटल शगुन में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथी नए एसपी दीपक कुमार पांडे का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में पीडीजे, डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय एसडीओ राज महेश्वरम उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सशस्त्र न्यायाधीश ने कहा कि अंजनी कुमार झा का गढ़वा में काफी सराहनीय कार्य रहा। उन्होंने कहा कि एसपी ने अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निष्पादन करने में न्यायालय का भी भरपूर सहयोग किया है।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है लेकिन ऐसे पदाधिकारी का हमेशा याद किया जाएगा। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि 2 वर्ष के अधिक कार्यकाल में एसपी अंजनी ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। बूढ़ा पहाड़ जैसे इलाके में घुसकर नक्सलियों को खत्म करना एक बहुत बड़ी चुनौती थी। एसपी अंजनी कुमार झा के कठिन परिश्रम के बाद बूढ़ा पहाड़ नक्सली मुक्त हो गया और आज वहां कई महत्व कांची योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि नए एसपी के साथ भी जिला प्रशासन बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जिले में बेहतर विकास कार्य करने की उम्मीद करता है। एसपी अंजनी कुमार झा ने कहा कि गढ़वा में नक्सली नहीं होने के बाद भी कार्य करना काफी चुनौती पूर्ण है। उसके बाद भी सभी लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग व्यवस्था को व्यवस्थित किया गया। उन्होंने कहा कि बूढ़ा पहाड़ जैसे इलाकों से नक्सली मुक्त करने में सभी जवान पुलिस कर्मियों ने अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि शरुआत में गढ़वा में कार्य करने में काफी परेशानी हुई लेकिन धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और हर लोगों के सुनने के बाद उनकी समस्याओं का निष्पादन किया गया।

एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि पहले की तरह गढ़वा जिले के लोगों को पुलिस के द्वारा हर संभव मदद होगा। पुलिस उनके लिए हर संभव खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन और न्यायिक पदाधिकारी के साथ बेहतर संबंध में स्थापित कर सभी विकास अधिकारियों को तेजी से निष्पादित किया जाएगा। मौके पर देव का दिलीप कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट नूपेंद्र कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी केके साहू, सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास उपस्थित थे।

### नए एसपी ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा




**श्री बंशीधर नगर।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक कुमार पांडेय ने जिले में प्रभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को श्री बंशीधर नगर के विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर में विराजमान भगवान श्री राधा एवं कृष्ण की दर्शन करने पहुंचे। मंदिर के विद्वान आचार्यों द्वारा एसपी को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इस दौरान नए एसपी ने जिले में अमन चैन और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर की परिक्रमा भी की। वही पूजा के दरमियान मंदिर के आचार्य सतनारायण मिश्रा के द्वारा मंदिर के पुराने इतिहास के बारे में विस्तृत अवगत कराया तत्पचात उन्होंने एसपी दीपक कुमार पाण्डेय को भगवान श्री बंशीधर राधा-कृष्ण की तस्वीर एवं मंदिर के इतिहास की लिखी किताब देकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पांडेय ने कहा कि जिले में कमान संभालने के बाद पहली बार श्री बंशीधर भगवान राधा-कृष्ण का दर्शन एवं पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्री राधा कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा अलौकिक है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, एसआई चंद्रदेव कुमार, मंदिर के सुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# राशन में कटौती पर हंगामा, ग्रामीणों ने बीडीओ से की कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छेंचा पंचायत के सैकड़ों लाभुक कार्डधारी मंगलवार को तीन किलोमीटर पैदल चलकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पंचायत क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक निजाम खान की शिकायत करने पहुंचे। लोगों ने राशन की कटौती को लेकर जमकर हंगामा करते हुए प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का नेतृत्व विद्यार्थी परिषद के अतुल कुमार सिंह, पंचायत के उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद आदि कर रहे थे। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार



शरण के समक्ष अपनी शिकायतों को रखा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संचालक के द्वारा प्रति महीने हर कार्डधारी से 1 किलो 2 किलो राशन की कटौती की जाती है और धारकों से अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। लाभुकों ने कहा कि इसके साथ ही कार्ड धारकों से अंगूठा दुकान के बजाय 5 किलोमीटर दूर होरीलोग में लगवाया जाता है, जिससे कई दिन बाद राशन मिलता है। जिप सदस्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संचालक को जमकर फटकार लगाई। वहीं बीडीओ ने ग्रामीणों के समक्ष दुकानदार निजाम के खिलाफ कार्रवाई करने का एमओ को निर्देश दिया और कहा कि ऐसे ही जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक अपनी गलत नीतियों के कारण सरकार की छवि को पूरी तरह से खराब करने का काम करते हैं। ऐसे लोगों पर प्राथमिक दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। ग्रामीणों के समक्ष जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक निजाम खान ने भी कार्ड धारकों के एक-एक किलो राशन काटने की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि उनके राशन की कटौती की गई है जिसके कारण उनके द्वारा ऐसा किया गया है पर वह अपनी ओर से राशन खरीद करके पूरा राशन जल्द से जल्द वितरण कर देंगे। मौके पर उज्ज्वल प्रसाद, देवानंद प्रसाद, शांति देवी, कलावती देवी, चिंता देवी, बसंती देवी, अनीता देवी, रविंद्र सिंह, संतोष प्रसाद आदि मौजूद थे।

## कटौती किए बिना लाभुकों को पूरा राशन दिया जाना है : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों डीलरों के द्वारा राशन नहीं मिलने कम राशन देने जैसी शिकायतें लगातार आ रही हैं। हुटाप पंचायत के एकमहुआ के डीलर प्रमोद टोप्पो के खिलाफ दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को राशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। लाभुकों की शिकायत थी की जनवितरण प्रणाली संचालक के द्वारा 2 माह से राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण कहते हैं कि डीलर के द्वारा कहा जाता है कि अभी ऊपर से ही राशन कटौती कर कम करके दिया जा रहा है, तो हम सबको कहां से राशन दें इस विषय



पर लाभुक प्रखंड कार्यालय पहुंच कर यह जानना चाह रहे थे कि डीलर के द्वारा कही गयी बात में कितनी सच्चाई है। उपरोक्त संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि किसी डीलर का राशन कटौती नहीं किया गया है। डीलर के स्टॉक पंजी में राशन बचा पाया गया है। उसी बचे राशन की कटौती कर डीलर को राशन मुहैया कराया गया है। डीलर के द्वारा किसी भी लाभुक से राशन की कटौती किए बिना ही पूरा पूरा राशन वितरण करना है।

### संकल्प यात्रा के तहत मरांडी एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा, कहा

# भ्रष्टाचरियों और बिचौलियों को बचा रही हेमंत सोरेन सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/सिमरिया**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एक दिवसीय दौरे पर मगंलवार को चतरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिमरिया और चतरा में आयोजित संकल्प यात्रा सभा में शिरकत की। सांसद सुनिल कुमार सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारी यह संकल्प यात्रा राज्य के भ्रष्ट सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार भ्रष्टाचारियों और बिचौलियों के सहारे चल रही है। ऐसे में इस राज्य को भ्रष्टाचारियों, बिचौलियों और लुटेरों से बचाना है। इसी को लेकर यह संकल्प यात्रा हम सभी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के कल्याण के लिए आयुष्मान योजना को लाया था, जिसके तहत गरीब




किसान वर्ग के लोग 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज करवा रहे थे। लेकिन हेमंत सरकार गरीबों के कल्याण की चिंता करने के बजाय अफसरों की चिंता कर रही है। इसी का नतीजा है कि आज राज्य में हर जगह कमीशनखोरी और अफसरसाही हावी है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में ईडी के द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर कहा कि राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर जब ईडी ने जांच शुरू की तो करोड़ों रुपये की काली कमाई के साथ दर्जनों लोगों को जेल भेजा गया। उन बिचौलियों को बचाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये खर्च कर सुप्रीम कोर्ट से महंगे महंगे वकीलों को लाकर उन्हें बचाने का काम कर रहे हैं। वहीं इस दौरान उन्होंने फील्ड फायरिंग रेंज से जिले के प्रभावित होने वाले 300 से अधिक गांवों के मुद्दे पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री लोगों के घर को बसाने का काम करते हैं। उन्होंने फायरिंग रेंज से विस्थापित गांवों के लोगों को आश्वस्त कराते हुए कहा कि आप सबों का घर नहीं उजड़ने दिया जाएगा। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, मंडल अध्यक्ष दया निधि सिंह, अर्जुन पांडेय, अक्षयवट सिंह, लवकुश सिंह, बॉबी सिंह, उपेंद्र सिंह, सुखदेव पासवान, रमेश सिंह, सुधीर सिंह, मारुति नंदन सहित भरी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# लातेहार में पेड़ से लटका हुआ मिला युवती का शव

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
सदर थाना क्षेत्र के जालिम पंचायत के सबानो गांव के बोड़ा टोला में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती की पहचान गांव के ही बलकु भुईयां की बेटी पुष्पा कुमारी (18) के रूप में हुई है। युवती ने अपने घर से आधा किलोमीटर दूर जामुन के पेड़ में अपने दुपट्टा के सहारे ही फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम 6:30 बजे घर से मोबाइल से बात करती हुई निकली थी। इसके बाद शाम साढ़े सात बजे गांव के ही कुछ लोगों से सूचना मिली कि आपकी बेटी ने एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि प्रेम प्रसंग में युवती ने आत्महत्या की है। युवती के पास एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। आत्महत्या की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा लातेहार पुलिस को सोमवार की शाम ही दी गई थी, लेकिन पुलिस के नहीं पहुंचने के कारण युवती का शव रात भर पेड़ में ही लटका रहा। युवती के परिजन व स्थानीय लोगों को शव के पास ही रात गुजारना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस समय से पहुंच जाती तो शव को फंदे से उतारा जा सकता था। पुलिस की लापरवाही के कारण रात भर युवती का शव फंदे से लटका रहा।

### पुलिस के नहीं पहुंचने से रात भर फंदे से लटकी रही लाश

## दो स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**चंदवा।** पुलिस ने दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार जोहन टोपनो,भीमसेन टोपनो दोनों पिता सिरिल टोपनो ग्राम भैंस छन्दन थाना चंदवा जिला लातेहार को फोरेस्ट केस के अन्तर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने दी है।

## मनिका थाना क्षेत्र से बाइक की हुई चोरी

**मनिका।** बरवैया ग्राम निवासी सतीश प्रसाद,पिता गोपाल प्रसाद का बजाज कंपनी के जेएच 03 एएल 2610 नंबर के पल्सर बाइक की सोमवार की रात्रि करीब 10:00 बजे के बाद चोरी हो गई। मालिक ने बताया कि हम लोग खाना खा कर सो गए। सुबह देखा तो बाइक नहीं थी। बाइक का लॉक का सामान नीचे गिरा हुआ था।

# गुमला से बनारस जा रही यात्री बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

### बच्चों समेत दर्जनों लोग हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
गुमला से बनारस तक चलने वाली वाली सिंह नामक यात्री बस चंदवा थाना क्षेत्र के चंदवा-चांपी-लोहरदगा सड़क पर डेढ़टंगवा घाटी पर सोमवार की देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में गुमला



रायडीह निवासी मंगलेश्वर उरांव पिता रामेश्वर उरांव ने बताया कि बस चालक नशे की हालत में लापरवाही से बस चला रहा था जिस कारण यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना में सरिता देवी पति मंगलेश्वर उरांव, रायडीह, सुधन देवी पति सरजु उरांव, धर्मपाल उरांव पिता सुकरा उरांव लोंगा, मुनी उरांव पति झईल उरांव कुंदों, संजय उरांव पिता सुखराम उरांव, प्रमीला देवी पति महेश उरांव चैनपुर, अमुस उरांव पिता सरयु उरांव घाघरा सभी जिला गुमला समेत दर्जनों लोग दुर्घटना में घायल हो गए। बस में यात्रा कर रहे ज्यादातर लोग भट्ठा में काम करने वाले मजदूर सवार थे। दुर्घटना उपरांत सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एम्बुलेंस मौके पर पहुंच बारी बारी कर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर मनोज कुमार के देखरेख में सभी का इलाज किया गया।

# खेलो झारखंड स्कूल प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के लिए प्रखंड स्तर पर खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता शुरुआत मंगलवार को रेलवे क्लब में हुई। इसका उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद आदि ने किया। प्रतियोगिता की शुरुआत बालक और बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ से की गई, जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 100 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर की दौड़ के साथ ऊंची कूद, लंबी कूद, भला फेंक, चक्का फेक, ट्रिपल जंप, कबड्डी, खो खो समेत कुल दो दर्जन से अधिक इवेंट कराए जा रहे हैं। समापन समारोह बुधवार की देर शाम रेलवे क्लब में संपन्न होगा। मौके पर कुछ अशफाक अहमद



मुन्ना, पूर्व उप काजमी अनवर, नंनदेव राम, कन्हाई राम, विश्वनाथ राम, श्याम मनोहर यादव, सुमन कुमार, सत्येंद्र कुमार, अजीत सहाय, नीलम कुमारी, सुनीता टोप्पो भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, युवा कांग्रेस के नेता विकास कुमार सिंह, राजू कुमार आदि मौजूद थे।

### खेलो झारखंड इवेंट का हुआ शुभारंभ

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य रमेश राम, शिक्षा विभाग के बीपीओ नरेश लाल रवि, संकुल प्रभारी प्रकाश यादव, नागेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार, सोनम स्वेता तिर्की, अविनाश राम, अजय बैठा, चंद्रप्रकाश पांडे, अशोक राम, प्रेम जिवन धर लकड़ा, सुरेश उरांव, अनिल कुमार सुमन, उत्तम कुमार पांडे सहित कई शिक्षकों की अहम भूमिका रही।

### चंदवा बालिका क्लब ने चतरा को दी शिकस्त

शिबला पंचायत स्थित शिबला खेल मैदान में साईं क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ जिप सदस्या रमेश राम, समाज सेवी हाफिज सत्तार, लालदीप यादव, अध्यक्ष फिदाउल रहमान व संतोष कुमार, सचिव दिले उरांव, जितेंद्र गंझु, कोषाध्यक्ष मिनहाज व इनिल ने किया। चतरा बालिका क्लब व चंदवा बालिका क्लब में मैच खेला गया, जिसमें चंदवा दो गोल से विजयी रहा।

### अव्यवस्था | साप्ताहिक बाजार के दिन पशुपालकों को मिली निराशा, बैरंग लौटे

# छिपादोहर पशु चिकित्सालय में लटका रहता ताला

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर में पशु चिकित्सालय हमेशा ताला लटका रहता है, जिससे पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार छिपादोहर पशु चिकित्सालय में आसपास के 6 पंचायत के पशुपालकों के पशुओं की इलाज होती है. वर्तमान समय में पशुओं के बीच वायरल लम्फी स्किन डिजीज से पशुपालकों की परेशानी बड़ी है। पशुपालक अपनी-अपनी पशुओं को इलाज कराने हेतु छिपादोहर पशु चिकित्सालय पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें इलाज से वंचित रहना पड़ रहा है। आज मंगलवार सप्ताहिक हाट




के दिन सुदूर लात पंचायत के दो दर्जन से अधिक पशुपालक यघन कोरवा, रमकलिया देवी, पूषन सिंह, मनरूप सिंह, सूर्यदेव उरांव, धनेशवर सिंह, संतोष साव, देवकी सिंह, सोहराई लोहरा, सभी लात पंचायत से पशु चिकित्सालय पहुंचे हुई थे। लेकिन चिकित्सक या अन्य किसी कर्मी के नहीं पहुंचने से पशुओं का इलाज कराए बिना उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। इससे इन ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

इससे पूर्व बीते शुक्रवार को छिपाडोहर पंचायत के मुखिया बेरोनिका कुजूर के नेतृत्व में पशु चिकित्सालय पहुंच। लेकिन पशु चिकित्सालय में ताला लटके रहने से मुखिया के नेतृत्व में पहुंचे पशुपालकों को काफी देर प्रतीक्षा के बाद भी बैरंग वापस लौटना पड़ा था। इस संबंध में मुखिया बेरोनिका कुजूर ने कहा कि पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक के नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया ने कहा बाघटोला में अब तक ग्रामीण दसमी देवी पति रोहन सिंह समेत अन्य लोगो का एक के बाद एक कर 14 जानवरों की मौत हो गयी। सकेंद्र उरांव, राम लाल उरांव, कलावती देवी, सतेंद्र साव, मनोरमा देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि बीते 10 दिनों से हम लोग चिकित्सक के प्रतीक्षा में अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन अस्पताल में हमेशा ताला लटका रह रहा है।

वहीं इस संबंध में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि छिपादोहर पशु चिकित्सालय में वर्तमान में चिकित्सक का पद रिक्त है। अनुसेवक के सहारे चिकित्सालय चला जा रहा है, लेकिन अनुसेवक रामायण ठाकुर की तबीयत खराब रहने के कारण छिपादोहर पशु चिकित्सालय में कोई नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे परेशानी बढ़ी है।

## अंतर ग्राम फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) आगामी अंतर-ग्राम फुटबॉल टूर्नामेंट की घोषणा करने के लिए उत्साहित है, जो 13 सितंबर से होने वाला है। यह आयोजन झारखंड के तुबेद कोल माइंस डीवीसी लातेहार के परियोजना प्रभावित गांवों के बीच खेल कौशल, सामुदायिक जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। डीवीसी अपनी सीएसआर गतिविधि के तहत सभी छह टीमों को संपूर्ण फुटबॉल किट प्रायोजित कर रहा है। डीवीसी समुदायों के भीतर एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। खेल प्रेमियों, समुदाय के सदस्यों और शुभचिंतकों को इस अवसर पर जश्न मनाने में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती है।

## संक्षिप्त

### प्रखंडस्तरीय खेलकूद का किया गया आयोजन



**प्रतापपुर (चतरा)।** खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दुबे, बीपीओ अजय कुमार, समाजसेवी भोला प्रसाद, बीआरपी सुचिता पांडेय, सीआरपी नेहाल अख्तर ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय में अध्यनरत 6 से 8 व कस्तूरबा आवासीय विद्यालय तथा प्रखंड के सभी उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय के 9 से 12 के बच्चे व बच्चियां शामिल हुई। इनके बीच 100 मी, 200 मी, 400 मीटर एवं 800 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, भाला फेंक, कबड्डी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में सुशान्त कुमार, गुड़िया कुमारी, धनञ्जय शर्मा, धीरज कुमार, छत्तीश प्रसाद, नीलम कुमारी, रूबी कुमारी सिंहा, सुषमा सिंह, आरती कुमारी, धर्मेन्द्र कुशवाह, राजकुमार शुक्ल, विश्वजीत कुमार सिंह, अशोक प्रसाद, सवीहा खातून, शिव पूजन महतो, कुजेश्वर यादव, प्रदीप कुमार आदि ने सहयोग किया।

### गणपति पूजा समिति बरवाडीह का पुनर्गठन

**पत्थलगड़ा ।** प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह में सार्वजनिक गणेश पूजा समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अरविंद ठाकुर व संचालक तालेश्वर दांगी ने किया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूम धाम और भव्य रूप से पूजा के आयोजन पर चर्चा करते हुए, पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से इस बार भी अध्यक्ष बंधन प्रजापति को, सचिव सनोज कुमार, कोषाध्यक्ष रामचंद्र दांगी, उपाध्यक्ष तिलेश्वर साव, उपसचिव आशीष कुमार को बनाया गया। वहीं पूजा समिति का संयोजक अरविंद ठाकुर, संदीप कुमार सुमन, श्रीकांत राणा, देवकीराम दांगी, रविन्द्र कुमार वर्मा, विशेश्वर कुशवाहा, अरुण दांगी, केदार दांगी, अनिल दांगी, कृष्ण कुमार कुशवाहा कार्यकारिणी सदस्य अनिल दांगी, नवीन कुमार, संदीप कुमार, अंकित राणा, पंकज दांगी, पवन कुमार, चंद्रदेव साव, सिकेन्द्र कुमार, रविंद्र दांगी, दिलीप दांगी, रवि आर्ट, विनोद दांगी, जगदीश दांगी, अरविंद साव, धनंजय कुमार आदि को बनाया गया है।

### जनता दरबार में सीओ ने सुनी जन समस्याएं

**गिद्धौर।** अंचल कार्यालय में मंगलवार को सीओ जयशंकर पाठक के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार आयोजित जनता दरबार में केंदुआ गांव से जमीन संबंधी के दो मामले आए। दो मामले में सीओ ने एक मामले को ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। जबकि एक मामले में दोनों पक्षों की जमीन के कागजात की मांग की। साथी सीओ ने बताया की डेट का निर्धारण कर सरकारी अमीन से जमीन की मापी कराई जाएगी। मौके पर सीआई प्रमोद सिंह, कर्मचारी पप्पू यादव आदि उपस्थित थे।

### शिविर में की गई बिराहोरों की स्वास्थ्य जांच

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों की स्वास्थ्य जांच मंगलवार को शिविर लगाकर की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर के तत्वाधान में शिविर आयोजित कर जांच शिशु रोग विशेषज्ञ डा. राजेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। बताया गया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि कई बिरहोर परिवार के इनके बच्चों की तबीयत खराब है। स्वास्थ्य जांच के पश्चात जरूरत के अनुसार निशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। इस क्रम में बिरहोर परिवारों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने, रात में सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, ताजा भोजन करने के साथ गर्म पानी के उपयोग की भी सलाह दी गई। शिविर में फार्मासिस्ट अनिल कुमार, ए ग्रेड नर्स अनीशा चेन्नई व रिंकी कुमारी शामिल थे।

### डीलर पर लगाया कम राशन देने का आरोप

**हंटरगंज।** प्रखंड अंतर्गत गेंजना पंचायत के खराँटी गांव के कार्डधारियों ने जन वितरण प्रणाली दुकानदार रीता देवी पर राशन कटौती का आरोप लगाया है। कार्डधारियों का आरोप है कि जन वितरण प्रणाली दुकान पहुंचे तो मात्र एक किलो राशन दिया जा रहा था। जिसकी सूचना मुखिया पति प्रभु भुइयां को दी गई। मुखिया पति ने बताया कि कार्डधारियों की शिकायत है कि राशन कम दिया जाता है। कुछ कार्डधारी का कहना है की पिछले छह महीनों से पर्ची भी नही दी गयी है और कुछ का कहना है की तीन माह का राशन अभी तक बकाया है। कार्डधारियों का कहना है पिछले बकाये राशन की और पूरे राशन की मांग जब डीलर से की जाती है तब उनके द्वारा दबंगई से ये कहा जाता है नही मिलेगा, इतना ही मिलेगा जाओ जो करना है कर लो।

### वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी संतोष गुप्ता समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि,भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता,अग्निशमन पदाधिकारी एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### सक्सेस स्टोरी : आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, अब दूसरों को स्वरोजगार के लिए कर रहीं प्रेरित

# दीपशिखा एसएचजी से जुड़कर बनीं आत्मनिर्भर

## खेती-बारी के साथ पशुपालन कर आमदनी को बढ़ा रही हैं कैरो की दीपशिखा





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के कैरो प्रखंड निवासी दीपशिखा उरांव के पास मौसमी खेती करने के अलावा आय का कोई अन्य साधन नहीं था। दीपशिखा अपने पति के साथ बाहर काम करने जाया करती थी, इसी तरह उनकी घर की आजीविका चलती थी क आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे हताश होकर घर पर ही हंड़िया बनाकर बेचने लगी। इसी बीच जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उन्हें अपने समूह में जोड़ा गया। एसएचजी में जुड़े होने से उनको एक दिन फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के बारे में पता चला जिसकी सम्पूर्ण जानकारी दीपशिखा को जेएसएलपीएस कैरो की 2 कैडर दीदी संगीता लकड़ा एवं सुमिता कुमारी ने दिया। उन्होंने 10 वीं तक पढ़ी लिखी दीपशिखा उरांव को नवजीवन सखी बनने के लिए प्रेरित भी किया। दीपशिखा उरांव अपने गांव में नवजीवन सखी कैडर के रूप में कार्यरत है और एक नई पहचान बनकर उभर रही है। दीपशिखा उरांव वर्तमान में खेती-बारी करने के साथ पशुपालन में भी जुटी हुई हैं जिसकी मदद से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और समाज में एक नई पहचान बनी हैं। दीपसिखा अभी नवजीवन सखी कैडर का कार्य कर रही है और अन्य दीदियो को मुख्यधारा में लाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### अन्य लोगों को भी कर रही हैं जागरूक

दीपशिखा अपने गांव के अन्य लोगों को हंड़िया निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने की अपील करती हैं। दीपशिखा का फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत सर्वे किया गया और उनको दारु-हंड़िया के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया जिससे प्रेरित होकर दीपशिखा ने दारु- हंड़िया निर्माण व बिक्री छोड़ने का निर्णय लिया।

### अभियान से मिली राशि का किया उपयोग

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ने के बाद उन्हें 10 हजार रुपये दिये गये जिससे उन्होंने बकरा व बकरी खरीदी और बकरी पालन में जुट गई। इनका पालन पोषण अच्छे से कर रही है। जो पैसे बचे उससे उन्होंने 15 सोनाली मुर्गी भी खरीदी जिसका अंडा बेचकर उन्हें अच्छी आमदनी भी प्राप्त हुई है। अंडा बेच कर वे लगभग 2 से 3 हजार रुपए की आमदनी कर चुकी हैं। में उनके पास 5 मुर्गी, 4 चूजे हैं।

### डेयरी के साथ-साथ कृषि कार्य भी

आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य को लेकर उन्होंने सर्वप्रथम 1 लाख रुपये का लोन अपने एसएचजी से लिया जिससे उन्होंने 1 दुधारू जर्सी गाय खरीदी। जानकारी के अनुसार दीपशिखा उरांव गाय का प्रतिदिन सुबह शाम मिलाकर लगभग 13 लीटर दूध डेयरी को 30 रुपये प्रति लीटर की दर से बेच देती है, जिसमें उनको प्रतिमाह कुल खर्चा काटकर 5000 से 6000 रुपये की बचत हो जाती है। द्वितीय लोन 50 हजार रुपये खेती करने के उद्देश्य से लिया जिसमें उन्होंने मिर्चा, टमाटर, गोभी, खीरा एवं धान की खेती की और सब्जी बेचकर 10 हजार रुपये से लेकर 12 हजार रुपये तक की आमदनी भी हर फसल से प्राप्त कर लेती हैं।

## 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना क्षेत्र के बदला निवासी सहिन्दर तुरी की पुत्री निशा कुमारी ने सोमवार रात्रि में अपने ही घर में किसी कारण से दुपट्टा लेकर फाँसी के फंदे से झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि सीरम पंचायत के सिमभुआ निवासी सहिन्दर तुरी तीन वर्ष पूर्व बदला में जमीन खरीद घर बना कर रहता था. कुछ माह पूर्व लकड़ी के माता पिता कमाने के लिऐ उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस ईट भट्ठा गए हुए थे. मृतक लड़की निशा कुमारी और उसका 9 वर्षीय भाई प्रशांत तुरी घर में साथ साथ रहकर पढ़ाई करते थे. 11 वीं कक्षा की छात्रा निशा कुमारी सोमवार रात में किसी कारण से फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली.जिसकी सूचना छोटा भाई प्रशांत तुरी ने फांसी में झूलते देखकर अगल बगल के लोगों को बताया। जिसे लोगों ने आकर देखा तो लडकी फांसी लगाकर झूली हुई है. वही इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने सेन्हा पुलिस को दिया सेन्हा थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह बदला गांव मृतक के घर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिऐ सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बताता जाता है की मृतक निशा कुमारी अपने पिता से सोमवार शाम लगभग 5 बजे अंतिम बार बात कर घर आने को बोली थी। उसके बाद रात्रि में बेटी का मौत का खबर मिलते ही परिजन मंगलवार को सुबह बनारस से बदला आ गए. लड़की द्वारा आत्महत्या करने के कारण गाँव मे प्रेम प्रसंग की चर्चा हो रही है. वही सअनि बिरेंद्र बखला ने कहा की आत्महत्या का मामला है. पुलिस द्वारा सभी बिंदु पर जांच किया जाएगा।

## कराटे लीग सीजन 2 में लोहरदगा का जलवा, 3 स्वर्ण सहित 27 पदक जीते



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित खेल कराटे लीग सीजन 2 में एक बार फिर अपना जलवा दिखाते हुए लोहरदगा जिले के कराटे खिलाडियों ने 27 पदक पर अपना कब्जा जमा लिया है।

इसके साथ ही भारत मे तीसरा स्थान भी प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। जिलाध्यक्ष सह खेल कराटे सीजन 2 के प्रतिनिधि सेंसई अमित कुमार सिंह ने बताया कि जारखण्ड के कुल 62 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जिसमे लोहरदगा जिले से ही कुल 42 क्राटेकार शामिल हुए थे। जिसमे रित्तीक ठाकुर, प्राची कुमारी, अभिषेक उराव ने स्वर्ण पदक, वंही पल्लवी कुमारी अलीशा टोप्पो, प्रीति उराव, सुषमा कुमारी, सिफा स्वीटी, राजकुमारी, आस्था कुजूर, रोशनी कुमारी, अदिति करकेटा, नितेश उराव, पल्लवी कुमारी, सोनिका कुमारी,और रोशनी मुण्डा तथा पहले स्थान का रजत पदक विजेता नीतू, खुसबू, प्रियंका, अनामिका, प्रेमी, सरस्वती, कुंदन जबकि चौथे स्थान के रजत पदक विजेता चित्र लेखा, कविता, फूल कुमारी, अंशु भगत हैं।

## चोरी गया ट्रैक्टर रोटावेटर के साथ बरामद, एक गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के आकाशी से पेशरार से चोरी हुई स्वराज ट्रैक्टर रोटावेटर सहित बरामद किया गया है। वही इस मामले में एक चोर भी गिरफ्तार हुआ है। इस संदर्भ में पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली ने बताया कि गत सिल को ग्राम - जावाखाड़ से कमील तिर्की का स्वराज ट्रैक्टर रोटावेटर सहित अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संदर्भ में पेशरार थाना कांड दर्ज किया गया था। चोरी का उदभेदन के लिए पुलिस ने छापेमारी टीम बनाकर भंडरा के आकाशी में छापेमारी की। इसमें आकाशी निवासी शेख अजीम का पुत्र आजाद अंसारी के पास से चोरी की ट्रैक्टर रोटावेटर के साथ बरामद किया गया। टीम में रामदेव राय, पवन सोरेन, मुकेश शर्मा व सशस्त्र बल मौजूद थे।

## मंत्री व विधायक की अनुसंशित योजनाओं पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम विधायक डॉ रामेश्वर उराँव द्वारा समर्पित सोलर स्ट्रीट लाईट निर्माण से संबंधित कुल 61 योजनाओं, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा सड़क मरम्मति से संबंधित कुल 13 योजनाओं और चमरा लिण्डा, विधायक बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र द्वारा पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण से संबंधित कुल 25 प्रस्तावित योजनाओं विस्तृत चर्चा हुई और ग्रामसभा की प्रत्याशा में योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु निर्णय लिये गये।

लोहरदगा शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने हेतु प्रस्ताव पर विचार किया गया और आवश्यक निदेश हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को दिये गये। डीएमएफटी लोहरदगा के लेखा वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये अंकेक्षण प्रतिवेदन/तैयार वार्षिक प्रतिवेदन विभाग को भेजने हेतु घटनोत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में पेयजलापूर्ति की बड़ी योजनाएं, जो बंद हैं, उन्हें प्रारंभ कराने हेतु संबंधित पंचायत के मुखिया व जलसहिया के साथ बैठक कर भविष्य में उन योजनाओं की मरम्मति हेतु संबंधित समिति से स्वघोषणा-पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा किस्को में पथ मरम्मति, बगडू जामुनटोली स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय जामुनटोली में अतिरिक्त कमरा निर्माण, किस्को के बंग्लापाठ स्थित मध्य विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था और खेल का मैदान, तुईमु पंचायत के सिंदूर स्थित विद्यालय में पेयजलापूर्ति समेत अन्य प्रस्ताव रखे गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमाँ, उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सहायक खनन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, पेशरार, सेन्हा और किस्को प्रखण्ड के प्रमुख और मुखियागण उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी की छठी पर विशाल भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बजरंग दल के बैनर तले मंगलवार को कृष्ण जन्माष्टमी के छठी पर पूजा अर्चना सह भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन बड़ा तालाब निकट स्थित शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुई। सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई पूजा अर्चना के बाद दोपहर में 2 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। पुरोहित पंडित भीम तिवारी, शशि प्रकाश तिवारी की अगुवाई सभी धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। यजमान की भूमिका में निधि कुमारी सहित अन्य शामिल हुए।

बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद छठे दिन छठी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया। इस पर्व जन्माष्टमी पर उक्त परिसर में ही भव्य आयोजन किया गया था। भंडारा देर शाम तक जारी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप के प्रांत प्रावर्तण प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकर, विहिप संगंठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, उमेश कांस्यकार, अमित चंद अग्रवाल, कौशल खत्री, डीसी कर्मकार, श्याम जी, सह गोरक्षा प्रमुख चंदन गोप, विद्यार्थी प्रमुख शनि साहू, राहुल कुमार, सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, अंकित अग्रवाल, आशीष साहू, मनोज साहू, रोहित कुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार केसरी,दीपक कुमार, दीपक जी, सत्यम कुमार, विक्रांत कुमार, विक्रांत ठाकुर, दीक्षांत आर्य, गणेश कुमार, लवलेश कुमार उर्फ राजा, अक्षत साहू, अतुल मुखर्जी, शीतल कर्मकार, अरुणा देवी, रेखा देवी, दुर्गा देवी, उषा देवी, सीमा देवी, बिंदिया खत्री, पवन तिग्गा, जयशंकर प्रसाद सोनी, सरवन वर्मा, विशाल साहू, किट्टी साहू,गायत्री देवी, निधि रानी, लक्ष्मी कुमारी, श्रुति कुमारी, अनुभव कुमार, राज खत्री, गुड्डु साहू, राज साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को भंडरा पुलिस ने किया जब्त



**भंडरा।** पुलिस ने मंगलवार को अवैध खनन कर बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जमगाई गांव के समीप से गुजर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर पर बिना कागजात बालू लदा था। हालांकि पुलिस बल को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल हो गया। जब्त किए गए ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी ने बताया की ट्रैक्टर सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी इरसाद अंसारी की है। उन्होंने कहा की क्षेत्र मे अवैध बालू की ढूलाई पर पुरी तरह अंकुश बनी रहेगी।

## जिले में क्लिनिकल एस्टेबलिशमेंट एक्ट का सख्ती से होगा पालन : डॉ. राजमोहन




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
क्लिनिकल एस्टेबलिशमेट एक्ट का सख्ती से पालन कराने को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने सभी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन लोहरदगा डा0 राज मोहन खलखो ने किया। बैठक में डा0 राज मोहन खलखो ने सभी अस्पताल, क्लिनिक, लैब संचालकों को सरकार द्वारा क्लीनिक स्टेब्लिशमेंट एक्ट का सख्ती से पालन करने का निदेश दिया। सीएस ने कहा की सभी अस्पताल संचालकों को सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी व कचरा प्रबंधन की व्यवस्था के लिए प्रदूषण विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। बिना एन० ओ० सी० के किसी भी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत निबंधन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अस्पताल संचालकों से सीईए का सख्ती से पालन करने का निदेश दिया। राज्य कंसल्टेंट राहुल कुमार सिंह ने कहा की एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वैसे स्वास्थ्य संस्थानों पर भी कार्रवाई की जाएगी जिसके चिकित्सक इंचार्ज दूसरे जिले में रहकर कभी-कभी ही अस्पताल आते हैं। बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रखंडों के चिकित्सा प्रभारी, सभी निजी अस्पताल के संचालक एवं डॉ डीएन सिंह (नोडल), एलजीएसएस के प्रतिनिधि,व डीआरए के सदस्य उपस्थित हुए।

### कार्यक्रम | यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

# लक्ष्य तय कर मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी : एसपी




**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड के नवडीहा गांव स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस बहुत हीं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमां, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार, विद्यालय के निदेशक बैधनाथ कुमार पांडे द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। ततपश्चात बच्चों ने अपने शिक्षक के सम्मान में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा की शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा विद्यार्थियों के लिए सिर्फ ज्ञानार्जन का ही साधन नही अपितु यह आर्ट ऑफ लिविंग अर्थात जीने की कला सिखाती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में बच्चों के सवार्गीण विकास पर बाल्यकाल पर ही ध्यान देना होगा तभी बेहतर उपलब्धियां प्राप्त कर सकेगी। शिक्षकों को प्राथमिकता से बच्चों के नैतिक शिक्षा पर बल देना चाहिए। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होता है। अतः बेहतर शिक्षक निश्चित तौर पर सुसंस्कारित बेहतर नायक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय एव बिद्यालय के छात्रों के अनुशासन की जम कर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर देश के भावी कर्णधारों के जीवन को गढ़ने और उनके चरित्र निर्माण करने का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हम प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर निदेशक बैधनाथ पांडे ने कहा कि शिक्षक हमारे अस्तित्व का आधार हैं। शिक्षा देने के अलावा, शिक्षक हमारे चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम का सभी शिक्षक गण एव अभिभावक ने प्रशंसा की। मंगला चरण, शिव तांडव, चोरी चोरी दिल तेरा चुरायेंगे जैसे कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने सभी शिक्षक को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बबिता पांडे, रामलाल कुमार, मुसदिक अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या मे अभिभावक मौजूद थे।


## ग्रामीण योजनाओं का होगा प्रभावी संचालन : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा जिले के 31वें उप विकास आयुक्त के रूप में संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी जय ज्योति सामंता ने मंगलवार को विधिवत प्रभार ग्रहण कर लिया। प्रभार ग्रहण करने के पश्चात जिला परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यालय कर्मियों से औपचारिक परिचय लिया। इस दौरान स्थानीय मीडिया कर्मियों से डीडीसी जय ज्योति सामंता ने कहा कि, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण विकास की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन उनकी प्राथमिकता होगी। जिससे, गांव के गरीब मजदूर व किसानों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। डीसीसी ने कहा कि, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन में बिचोलिया व माफिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रखंडों में संचालित सरकारी कार्यालय में जवाबदेही के साथ सरकारी सेवकों को काम करना होगा। प्रखंड के सरकारी कार्यालय में कमीशन मांगे जाने पर इसकी सीधी शिकायत पीड़ित ग्रामीण डीसीसी से कर सकते हैं। मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर समेत अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यालय कर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि, उप विकास आयुक्त समीर एस के लंबे समय के लिए अवकाश में जाने के बाद जिला भू अर्जन पदाधिकारी को उपविकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# महंगी हो जाएगी डीजल कार, लग सकता है 10% एक्सट्रा टैक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डीजल की गाड़ियां खरीदना आपको महंगा पड़ सकता है। डीजल की गाड़ियां खरीदने पर आपको अतिरिक्त टैक्स लेना पड़ सकता है। डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर 10 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स लग सकता है। दरअसल सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वो वित्त मंत्री से इस बात की सिफारिश करेंगे कि डीजल गाड़ियों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैक्स (ळअ) लगाया जाए। उन्होंने इस टैक्स को प्रदूषण टैक्स (ढङ्ग''४३ङ्गल्ल ळ७) का नाम देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि डीजल गाड़ियों से प्रदूषण अधिक होता है। उन्होंने तो कहा कि देश में डीजल गाड़ियां बननी ही नहीं चाहिए। एक कार्य में उन्होंने कहा कि डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10 फीसदी टैक्स लगाने के लिए वित्त मंत्री से



सिफारिश करेंगे। देश में वैकल्पिक ईंधनों के इस्तेमाल पर जोर देने के लिए उन्होंने डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाने की बात कही है। हालांकि उनकी इस सिफारिश ने ऑटो मोबाइल कंपनियों की मुश्किल बढ़ा दी है। नितिन गडकरी ने मीडिया में इस खबर के आने के फौरन बाद दी ट्वीट कर कुछ बातों को स्पष्ट किया। उन्होंने एक ट्वीट कर मीडिया की उन खबरों का भी खंडन किया, जिसमें ये कहा जा रहा था कि नितिन गडकरी ने डीजल इंजन वाली गाड़ियों पर 10 फीसदी जीएसटी लगाए जाने की सिफारिश की है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर अपने पोस्ट के जरिए स्पष्ट किया कि सरकार वर्तमान में इस तरह के किसी भी प्रस्ताव या सिफारिश पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को साल 2070 तक कार्बन नेट जीरो के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए वायु प्रदूषण को कम करना होगा। इसलिए वैकल्पिक ईंधनों पर फोकस करने की जरूरत है। गौरतलब है कि 63वें सियाम वार्षिक सम्मेलन में उन्होंने पॉल्यूशन टैक्स लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश में डीजल वाहनों को कम करने का एकमात्र तरीका है कि उनपर टैक्स बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि देश में डीजल वाहनों का प्रयोग कम करने के लिए ये बेहद जरूरी है।

# 'मेक इन इंडिया' आईफोन बेचने की तैयारी में एप्पल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एप्पल अपने वैश्विक बिक्री के पहले दिन 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 को देश के अंदर बेचने के साथ-साथ पहले से कहीं अधिक तेजी से कुछ अन्य बाजारों में निर्यात करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मामले से जुड़े करीबी लोगों ने आईएएनएस को बताया कि भारत निर्मित आईफोन 15 अपने वैश्विक बिक्री के पहले दिन उपलब्ध होगा। नई आईफोन 15 मंगलवार (अमेरिकी समय) को लॉन्च के बाद कुछ दिनों या हफ्तों में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। सूत्रों के अनुसार, 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 यूनिट्स का एक छोटा सेट इसके वैश्विक लॉन्च के कुछ ही समय के भीतर अन्य देशों में निर्यात किए जाने की तैयारी है। करीबी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि लॉन्च-टू-अवेलेबिलिटी अंतर को कम करने और भारत से अन्य देशों में निर्यात को बढ़ाने के लिए एप्पल का लक्ष्य अगले महीने में वैश्विक स्तर पर लॉन्च होते ही स्थानीय रूप से असेंबल किए गए आईफोन 15 को वितरित करना है।

# गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लि. ने निवेशक को किया मालामाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लिमिटेड ने पिछले छह महीनों में अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस अवधि के दौरान, कंपनी के शेयर की कीमत 13 मार्च 2023 को 592.50 रुपये से बढ़कर 12 सितंबर 2023 को 1315 रुपये हो गई। यह छह महीने के होल्डिंग पीरियड में 110% से अधिक की बढ़ोतरी है। एक साल पहले इस कंपनी के शेयरों में एक लाख रुपये का निवेश आज 2.10 लाख रुपये हो गया होगा। हाल ही में समाप्त हुए Q1FY24 तिमाही में समेकित आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 1.91% की गिरावट आई है। जून 30, 2023 को समाप्त तिमाही में यह 43.69 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल समान तिमाही में 44.54 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय Q1FY24 में 2.66% बढ़कर 379.71 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 369.87 करोड़ रुपये थी। मेगा इलेक्ट्रॉनिक डेज - लैपटॉप, स्मार्टवॉच, हेडफोन्स, और और भी बहुत कुछ पर उपयोगकर्ताओं को पाएं तकरीबन 65% तक की छूट। गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लिमिटेड पॉलीस्टर फिल्मों के निर्माण में लगी हुई है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**मृत अज्ञात शव (पुरूष)**



धुरकी थाना यू0डी0 काण्ड सं0–22/2023, दिनांक–21.08.2023 में दिनांक–20.08.2023 को मेराल थाना को सूचना मिली की मेराल पूरवा टोला संजयपुर रेलवे ट्रैक, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव टुकड़ा–टुकड़ा भाग में पड़ा हुआ है।

शव को अग्रीम कार्रवाई हेतु गढ़वा भेजा गया है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि ट्रैन से कटकर मृत्यु हुई है। उक्त अज्ञात शव की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। परन्तु अबतक अज्ञात शव का पहचान नहीं हो सकी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उपरोक्त मृत अज्ञात शव(पुरूष) के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें। निवेदक,

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 306715 (Police)23-24*D

## जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार राँची के निदेशानुसार एतद् द्वारा इच्छुक भारवाहक वाहन यथा पीकअप, 207, 407, मिनी ट्रक, ट्रेक्टर, टेलर सहित के मालिकों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत जिले के प्रखण्डस्तरीय गोदाम से विद्यालयों तक स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम् से चावल पहुँचाने हेतु स्वतंत्र एजेन्सी के चयन के लिए मुहरबंद अल्पकालीन निविदाएँ प्रकाशन की तिथि से 23.09.2023 के अपराह्न 1:00 बजे तक जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय गुमला में प्राप्त किया जायेगा तथा उसी तिथि को अपराह्न 3:00 बजे उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदाएँ खोली जायेंगी। निविदा की विस्तृत शर्त्तें एवं निविदा का नमूना जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः इच्छुक वाहन मालिक से निर्धारित समय सीमा के अंदर निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला

PR 306773 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D

# 15 सितंबर को खुल रहा यात्रा ऑनलाइन का आईपीओ

**नई दिल्ली।** सफर से संबंधित ऑनलाइन बुकिंग सुविधाएं देने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 135-142 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) तय किया है।

कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि 15 सितंबर को खुलने वाला उसका निर्गम 20 सितंबर को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 105 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। यात्रा ऑनलाइन के क्ढड में 602 करोड़ रुपए मूल्य के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा 1,21,83,099 शेयरों की बिक्री पेशकश भी की जाएगी। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर क्ढड से कंपनी को 775 करोड़ रुपए तक जुटाने की उम्मीद है। निर्गम लाने के पहले कंपनी ने राइट्स इश्यू जारी कर 62.01 करोड़ रुपए जुटाए थे। इस दौरान कंपनी के प्रमोटर ळ्लउछ को एक रुपए

### रूसी सीमा पर सैनिक जमा करेगा नाटो देश

# युद्ध को लेकर करेगा सबसे बड़ा युद्धाभ्यास

**एजेंसी। वॉर्सा**

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच नाटो देश शीत युद्ध के बाद सबसे बड़ा अभ्यास करने जा रहे हैं। नाटो देश रूसी सीमा पर करीब 41 हजार सैनिक जमा करेंगे और भविष्य में किसी नाटो देश पर होने वाले रूसी हमले को फेल करने का अभ्यास करेंगे। बताया जा रहा है कि यह अभ्यास साल 2024 की शुरूआत में होगा। इस दौरान नाटो देश अपनी तैयारी का आकलन करेंगे। इस अभ्यास को स्टीडफास्ट डिफेंडर नाम दिया गया है। दरअसल, यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद नाटो के कई छोटे देश सहमे हुए हैं जिनमें से कुछ तो पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा रह चुके हैं। उन्हें पुतिन के हमले का डर सता रहा है। नाटो की कोशिश है कि खुद को एक युद्धक गठजोड़ के रूप में तैयार करे। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस अभ्यास के दौरान 500 से 700 हवाई युद्धक मिशन आयोजित किए जाएंगे। इसमें 50 से ज्यादा युद्धपोत और 41 हजार सैनिक हिस्सा लेंगे। नाटो अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास को रूसी गठबंधन के हमले का जवाब देने के लिए डिजाइन किया गया है। नाटो अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास के दौरान दुनिया का रियल भौगोलिक डेटा इस्तेमाल किया जाएगा ताकि सैनिकों के लिए ज्यादा वास्तविक माहौल बनाया जा सके इस अभ्यास में स्वीडन भी हिस्सा लेगा जिसे तुर्की और हंगरी के विरोध के कारण अब तक नाटो में शामिल नहीं किया जा सका है। इसके साथ ही अभ्यास में भाग लेने वाले कुल सैनिकों की संख्या 32 तक पहुंच जाएगी। यह युद्धाभ्यास जर्मनी, पोलैंड और बाल्टिक सागर में फरवरी से मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

रामगढ़ थाना कांड सं0–48/2021 दिनांक 19.12.2021 धारा–302/201/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. नन्हकू यादव 2. शंकर यादव दोनों पे0–रामचंद्र यादव सा0 वीबाबथान थाना रामगढ़ जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त सा0 1. नन्हकू यादव 2. शंकर यादव के बारे पता चलने पर इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरः– 9431706240
थाना प्रभारी, रामगढ़ः– 9162255498

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 306741 District(23-24)D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(गुमशुदा व्यक्ति रामप्रवेश राम, उम्र करीब 26 वर्ष)**



भवनाथपुर थाना सनहा सं0–18/2023, दिनांक–27.08.2023 में गुमशुदा व्यक्ति रामप्रवेश राम, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता–ब्रहम्देव राम, ग्राम–बनसानी, टोला–माईधिया, थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले है। जो दिनांक–18.08.2023 को समय 12:30 बजे घर से निकलकर कही चले गये है, जो अभी तक घर वापस नहीं आये है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा व्यक्ति रामप्रवेश राम के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम– रामप्रवेश राम,
पिता–ब्रहम्देव राम,
ग्राम–बनसानी, टोला माईधिया,
रंग– सावला,
लम्बाई– लगभग 5 फीट 04 ईंच,
पहनावा– सफेद शर्ट, काला पैंट, हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 306716 Police(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/07/2023-24/Gr.-01_RE(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के खरौन्धी प्रखण्ड में ग्राम पंचायत–राजी में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –12.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–12.09.2023 से दिनांक–20.09.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–12.09.2023 से 22.09.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –23.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्ध करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
14. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताएँ योजना का निर्माण स्थल परिवर्तीत किये जा सकते है।
15. Experience एवं अन्य Certificate का **Fake Paper** निविदा में संलग्न करने पर कानुनी कार्रवाई की जा सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,
गढ़वा।

PR 306717 Rural Development(23-24)D

### अंबानी को मिला केकेआर का साथ

# रिलायंस रिटेल में 20 हजार करोड़ रुपये निवेश करने का किया फैसला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्री में एक बार फिर से बड़ा निवेश हुआ है। ग्लोबल इंवेस्टमेंट फर्म केकेआर ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में बड़ा निवेश किया है। केकेआर ने रिलायंस रिटेल में 2069.50 करोड़ रुपये निवेश करने का फैसला किया है। रिलायंस में 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर इंवेस्टमेंट फर्म केकेआर ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स में अपनी हिस्सेदारी को 1.17 फीसदी से बढ़कर 1.42 फीसदी कर लिया है। केकेआर के साथ इस डील के बाद इक्विटी वैल्यू के हिसाब से रिलायंस का रिटेल वेंचर्स रिलायंस रिटेल देश की चौथी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। केकेआर का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। कंपनी ने अपनी सहयोगी कंपनी के जरिए ये निवेश करने जा रही है। ये पहला मौका नहीं है जब केकेआर ने अंबानी की इस कंपनी में निवेश किया हो। इससे पहले भी साल 2020 में केकेआर ने रिलायंस रिटेल में 5550 करोड़ रुपए का निवेश किया था। अब कंपनी ने रिलायंस रिटेल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 2069.50 करोड़ रुपये का निवेश किया है। रिलायंस रिटेल की कमान ईशा अंबानी संभालती है। कंपनी लगातार अपना विस्तार कर रही है। कंपनी ने विस्तार नीति के तहत कई वदेशी कंपनियों से हाथ मिलाया है। मार्केट में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए रिलायंस रिटेल ने कई कंपनियों का अधिग्रहण किया, कईयों के साथ डील की। रिलायंस ग्रोसरी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड लाइफस्टाइल और फार्मा सहित अलग-अलग सेगमेंट में कारोबार करती है। देश में लगभग 18500 स्टोर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं।

## श्रम अधीक्षक का कर्यालय, चतरा

**शुद्धि पत्र**

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा के आदेश ज्ञापांक XXVII-DMFT- (ITI)15/2023/843@विकास, दिनांक – 05.08.2023 के आलोक में Expression of Interest (EOI) for consultancy services/agencies for Manpower Solutions and Lab Equipment Supply in government-run Industrial Training Institutes (ITIs) of Chatra district, Jharkhand हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" के लिए कार्यालय पत्रांक 505, दिनांक 23.08.2023, PR 305474 (Labour Employment and Traning) 23-24* D द्वारा निविदा दिनांक 12.09.2023 को संध्या 04:00 बजे तक जमा करने हेतु सूचना प्रकाशित है। उक्त निविदा को दिनांक 14.09.2023 को पुर्वाहन 11:00 बजे विकास भवन, चतरा के कॉनफ्रेन्स हॉल में खोला जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए निविदा दिनांक 23.09.2023 को संध्या 04:00 बजे तक जमा करने तथा दिनांक–26.09.2023 को पुर्वाहन 11:00 बजे विकास भवन, चतरा के कॉनफ्रेन्स हॉल में खोला जाएगा।

नोट :– पुर्व में प्रकाशित निविदा की शर्तें यथावत् रहेंगी।

श्रम अधीक्षक,
चतरा।

PR.NO.306821 Labour Employment and Traning(23-24):D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................./ **आम सूचना** दिनांक..................

मेदिनीनगर नगर निगम में सुचारू रूप से वाहनों के रख–रखाव हेतु एक अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। जिसे किसी बड़े ऑटोमोबाईल वर्क्कशॉप में सुपरवाईजर का कार्य न्युनतम पाँच वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। जिनकी शैक्षणिक योग्यता न्युनतम इण्टर उत्तीर्ण हो। जिसकी उम्र अधिकतम 40 वर्ष का हो वैसे इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक **25.09.2023** तक सभी कागजातो सहित कार्यालय में जमा कर सकते है अथवा डाक द्वारा आवेदन भेज सकते है। डाक द्वारा/हाथो–हाथ अन्तिम तिथी तक कार्यालय में प्राप्त आवेदन को ही स्वीकार किया जायेगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड (यदि हो तो) पासपोर्ट साईज फोटो, शौक्षणिक योग्यता तथा पाँच वर्ष का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। यह पद पुर्ण रूप से अस्थाई/अनुबंध पर एक वर्श के लिए होगी। एक वर्ष तक किये गये कार्यो का आक्कलन के पश्चात् ही सक्षम पदाधिकारी के द्वारा अवधि विस्तारित करने पर विचार किया जायेगा। कार्य में कोताही/अनियमिता पाये जाने पर बिना कारण बताये सेवा समाप्त कर दिया जायेगा। चयनित उम्मीदवार को निगम के कोश से मो0– 10,000/- रूपये प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय सूचना पट्ट एवं सामाचार पत्र में देखा जा सकता है। दो लिफाफा (42 रूपये का डाक टिकट सहित) जमा करना अनिवार्य होगा। हाल का अभिप्रमाणित फोटोग्राफनोट :– आवेदन हाथो हाथ या निबंधित डाक द्वारा नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम, कचहरी कैम्पस, मेदिनीनगर नगर निगम के पते पर भेजी जा सकती है।

**आवेदन का प्रारूप**

हाल का अभिप्रमाणित फोटोग्राफ

1. पदनाम :– ..................
2. आवेदक का नाम (बड़े एवं साफ अक्षरों में) :– ..................
3. पिता/पति का नाम :– ..................
4. स्थायी पता :– ..................
5. वर्त्तमान पता :– ..................
6. मोबाईल नं0 :– ..................
7. जन्म तिथि :– ..................
8. दिनांक 08.09.2023 को उम्र :– ..................
9. आधार नम्बर :– ..................
10. पैन कार्ड (यदि हो तो) :– ..................
11. शौक्षणिक योग्यता (इण्टर उत्तीर्ण) :– ..................

आवेदक का हस्ताक्षर

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 306757 District(23-24)#D

# 2 कनाडाई सिखों को हत्या के आरोप में सुनाई सजा

**एजेंसी। टोरंटो**

24 वर्षीय दो भारतीय-कनाडाई सिखों को 2019 में ब्रिटिश कोलंबिया में ड्रग्स के कर्ज को लेकर एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई। ड्रग्स का इस्तेमाल और तस्करी करने वाले एंड्रयू बाल्डविन (30) की 11 नवंबर, 2019 को चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। जब वह ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर के व्हाली में एक बेसमेंट अपार्टमेंट में एक दोस्त के साथ एक फिल्म देख रहा था। वैंकूवर सन अखबार ने सोमवार को बताया कि जगपाल सिंह होथी पर प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप लगाया गया था, जबकि उनके दोस्त और साथी जसमन सिंह बसरन पर उनकी मदद करने का आरोप लगाया गया था। इन पर सबूत मिटाने की कोशिश का भी आरोप है। बी.सी. न्यू वेस्टमिंस्टर में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते होथी को तीन साल की जेल की सजा सुनाई, जिसमें प्री-ट्रायल समय के लिए लगभग 3.5 महीने की सजा दी गई। बसरन को अदालत के समक्ष न्याय में बाधा डालने के आरोप में अपने ही घर में कर्फ्यू के तहत 18 महीने की सजा सुनाई गई।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

रामगढ़ थाना कांड सं0–18/2022 दिनांक 04.03.2022 धारा–25(1-A)/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 CLA एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अरूण यादव पिता झगरू यादव ग्राम मुसरमु कटहल टोला थाना रामगढ़ जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त अरूण यादव के बारे पता चलने पर इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706240
थाना प्रभारी, रामगढ :– 9162255498

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.306742 District(23-24):D

जन्म के बाद मृत्यु उतनी ही निश्चित है जितनी की मृत्यु के बाद फिर जन्म इसलिये जो अनिवार्य है उस पर शोक नहीं करना चाहिए। - अज्ञात



# सीएम की चमक के मायने

*झारखंड* में सीएम हेमंत सोरेन के समर्थक उनके लिए एक नारा लगाते हैं- हेमंत है तो हिम्मत है। यह कहने-मानने में शायद ही किसी को गुरेज हो कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव सीट पर आई.एन.डी.आई.ए. और एनडीए के बीच हुई सीधी लड़ाई में जेएमएम को मिली जीत से हेमंत की हिम्मत में और इजाफा हो गया है। इसके साथ ही राज्य के सियासी स्कोर बोर्ड पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के नाम की चमक और बढ़ गई है। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. की जीत के साथ हेमंत सोरेन के हौसले को नई शक्ति मिली हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव के पहले डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. को बड़ी जीत मिली। इस जीत से सीएम हेमंत सोरेन का राजनीतिक कद बढ़ गया है। विपक्ष के हमलों, कोर्ट में चल रहे मुकदमों और ईडी की कार्रवाई की वजह से बार-बार मुश्किलों में घिरते रहे हेमंत सोरेन अब नये उत्साह से लबरेज हैं। हालांकि उन्हें इस बात की आशंका है कि जिस तरह उनके इर्द-गिर्द ईडी और सीबीआई की घेराबंदी बढ़ रही है। ऐसे में उसमें उनके जेल जाने की नौबत आ सकती है, लेकिन इसके पहले वह सियासी मोर्चे पर खुद का इकबाल इतना बुलंद कर लेना चाहते हैं कि विरोधी दलों को इसका कोई फायदा न मिले। जिस समय डुमरी विधानसभा उपचुनाव का नतीजा सामने आया, उस समय सोरेन चाईबासा के गुवा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- जब से हमारी सरकार बनी है, हमारे खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर मुझे जेल भेजने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जब तक वे मुझे जेल भेजेंगे, तब तक झारखंड को मजबूत कर दूंगा। ऐसे में उन्हें अनुमान हो गया है कि वह जेल जा सकते हैं। बहरहाल सीएम हेमंत सोरेन जानते हैं कि जब तक जनता किसी पॉलिटिशियन को सिर-आंखों पर रखती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह जेल के अंदर है या बाहर है। यह सियासी सबक दरअसल उन्हें अपने पिता शिबू सोरेन से विरासत में मिला है, जो भ्रष्टाचार से लेकर हत्या जैसे आरोपों को लेकर कई बार जेल गये, लेकिन इससे उनका और उनकी पार्टी झामुमो की सियासी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। बल्कि हर जेल यात्रा के बाद शिबू सोरेन का नायकत्व और बढ़ता गया। भाजपा के नेता जब-जब यह उनपर यह कहते हुए हमला करते हैं कि हेमंत सोरेन जेल जाने को तैयार रहें, तब-तब उसके जवाब में वह जनसभाओं में सीना ठोक कर कहते हैं- कोई झारखंडी कभी जेल जाने से डरा है क्या? इन दिनों फिर एक बार ईडी के रडार पर हैं। पिछले साल खनन घोटाले में ईडी उनसे लगभग दस घंटे की पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में उन्हें अवैध माइनिंग के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने वाले आरोपियों का संरक्षक बताया है। अब ईडी राज्य के जमीन घोटाले में चल रही कार्रवाई के सिलसिले में उनसे पूछताछ करना चाहती है। ईडी हेमंत सोरेन के अगस्त से लेकर अब तक तीन बार समन भेज चुकी है, लेकिन सोरेन ईडी के समक्ष हाजिर होने के बजाय उसकी कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित बताते हुए उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गये हैं। ईडी ने उन्हें 9 सितंबर को हाजिर होने का समन भेजा था, लेकिन वे इसे नकारकर राष्ट्रपति द्वारा जी-20 सम्मेलन के उपलक्ष्य में दिये गये भोज में सम्मिलित होने चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली चले गये। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि हेमंत के हौसले कितने बुलंद हैं।

**डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. की जीत के साथ हेमंत सोरेन के हौसले को नई शक्ति मिली हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव के पहले डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आई.एन.डी.आई.ए. को बड़ी जीत मिली। इस जीत से सीएम हेमंत सोरेन का राजनीतिक कद बढ़ गया है।**

# जी-20 की सफलता व भारतीय कूटनीति





मृत्युंजय दीक्षित

*राजधानी* दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन जिस सफलता के साथ संपन्न हुआ है उसकी चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। वैश्विक मीडिया जगत इसको भारत की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार व उनके नेतृत्व की जमकर सराहना कर रहा है। नई दिल्ली जी-20 सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन संकट के कारण नहीं आ सके, अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्होंने रूस के विदेश मंत्री को नामित किया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नहीं आये किंतु उन्होंने अपने प्रधानमंत्री को सम्मेलन में भाग लेने के लिए भेजा। सम्मेलन प्रारम्भ होने के पूर्व रूस और चीन के राष्ट्रपति के न आने के कारण का एक बड़ा वर्ग निराशा व्यक्त कर रहा था और कह रहा था कि कहीं इस सम्मेलन में भी कुछ विषयों को लेकर आम सहमति न बन पाये किंतु प्रधानमंत्री मोदी के कुशल आशावादी नेतृत्व ने सभी निराशावादियों के कथन और विचार को धूल-धूसरित करते हुए अपनी कूटनीति का लोहा मनवा लिया। सम्मेलन के समापन पर जी-20 और अधिक विस्तार लेकर जी-21 के रूप में सामने आया। इसमें अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया। अध्यक्ष देश के प्रधानमंत्री के नाते नरेन्द्र मोदी ने इसकी घोषणा की। अफ्रीकी संघ के लिए ये भावुक कर देने वाला पल था। अफ्रीकी संघ में अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देश सदस्य हैं और इनमें से कई देश बहुत गरीब हैं। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मत है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीनी विस्तारवाद की कूटनीति को जवाब देने के लिए यह जोरदार पहल की गई है। चीन समय - समय पर अपनी विस्तारवाद की नीति के तहत गरीब अफ्रीकी देशों की आतंरिक राजनीति में ताक झांक करता रहता है। अब जी-20 समूह का सदस्य बन जाने के बाद अफ्रीकी संघ का संपूर्ण विश्व के साथ संपर्क जुड़ गया है। भारत के दृष्टिकोण से अफ्रीकी संघ अब हमारे परिवार का एक सदस्य बन गया है। सम्मेलन के प्रथम दिन ही जब मोरक्को से भीषण भूकंप का समाचार आया तब प्रधानमंत्री मोदी ने अध्यक्षता करते हुए मोरक्को के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जी-20 के नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्व सम्मति से स्वीकार किया जाना भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। सभी 83 बिन्दुओं पर सहमति वाले इस घोषणापत्र में सभी धर्मों की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए आतंकवाद के सभी रूपों की कड़े शब्दों में निंदा की गई है । इसमें विदेशियों से नफरत, नस्लवाद और असहिष्णुता के अन्य रूपों के आधार पर या धर्म, विश्वास के नाम पर आतंकवाद शामिल है। इन्हें अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया गया है। घोषणापत्र के अनुसार एक समग्र दृष्टिकोण ही आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाहगाह, संचालन की स्वतंत्रता, आवाजाही और भर्ती के साथ साथ वित्तीय, भौतिक या राजनीतिक मदद से वंचित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने को मजबूत करने सहित छोटे और हल्के हथियारों की तस्करी के विषय में भी चिंता व्यक्त करते हुए इस सम्बंध में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया है। घोषणापत्र में इस बात पर भी सहमति बन गई है कि परमाणु हमला या धमकी अस्वीकार्य है। घोषणा पत्र में आतंकवाद शब्द का उल्लेख नौ बार किया गया है। जी-20 के घोषणापत्र में मानवीय पीड़ा की अनुभूति और विश्व भावना झलक रही है। सर्वजन हिताय के रास्ते पर चलते हुए दुनिया भर के देशों से भुखमरी मिटाने का संकल्प तो लिया ही गया है साथ ही पोषण सुरक्षा प्राप्त करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई है। इस दिशा में प्रयास करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पहले ही वर्ष 2023 को श्री अन्न वर्ष घोषित करा चुके हैं । सम्मेलन में वैश्विक समुदाय के लिए ऐसा कोई विषय नहीं रहा जो छूट गया हो। शिक्षा के सहयोग, कृषि संबंधी व्यापार को सुविधाजनक बनाने स्वास्थ्य प्रणाली में लचीलापन लाने सहित महिलाओं पर जलवायु परिवर्तन के कारण पड़ रहे परिवर्तनों पर भी चिंता व्यक्त की गई है और प्रस्ताव पारित हुए हैं। सम्मेलन में आर्थिक विकास के भारतीय एजेंडे पर भी मुहर लग गई है जिसके कारण गरीब व विकासशील देशों के आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। शिखर सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय टैक्स प्रणाली विकसित करने पर भी सहमति बन गई है। 'बायो फ्यूल अलाएंस' की घोषणा भी एक बड़ा कदम है। सम्मेलन में चीन की विस्तारवादी रणनीति को करारा जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दूसरे मित्र राष्ट्रों के साथ मिलकर भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने की बड़ी घोषणा की है और यह योजना वैश्विक परिदृश्य को बदलने वाली मानी जा रही है। यह व्यापार का सबसे बड़ा कॉरिडोर होगा जिसमें रेल लाइनों, सड़कों और बंदरगाहों का नेटवर्क होगा साथ ही स्वच्छ ईंधन के निर्यात की व्यवस्था भी होगी। सुरक्षित संचार व्यवस्था के लिए समुद्री केबलों का नेटवर्क भी तैयार होगा। माना जा रहा हे कि आगामी दिनों में यह कॉरिडोर चीन की विस्तारवाद की रणनीति को ध्वस्त कर देगा। इस सम्मेलन से भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है ओर यह भी तय हो गया है कि आगामी समय में विश्व पटल पर भारतीय कूटनीति का बड़ा प्रभाव रहने वाला है। शिखर सम्मेलन की थीम वसुधैव कुटुम्बकम रखी गई और एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य इसका आदर्श रहा। इसके माध्यम से भारत ने यही संदेश दिया है कि वह विश्व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। शिखर सम्मेलन में भारत विश्व को अपनी सांस्कृतिक विरासत और विविधता से भी परिचित कराने में सफल रहा है। शिखर सम्मेलन की सफलता यह दर्शा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है और विश्व भारत की अत्यंत प्राचीन संस्कृति को समझ रहा है। भारत का वसुधैव कुटुम्बकम अब एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य के रूप में संपूर्ण विश्व का विचार बन रहा है। जो भी इन विचारों के अनुरूप व्यवहार नहीं करेगा वह अलग-थलग पड़ जायेगा। आयोजन की सफलता से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत तथा नरेन्द्र मोदी के धुर विरोधी भी भारत की नेतृत्व क्षमता के कायल हो गये हैं। प्रधानमंत्री भारतीय विचारों को बढ़ावा देने तथा और राष्ट्रीय हितों को आगे रखने में सफल रहे हैं। यही कारण है कि शिखर सम्मेलन की समाप्ति के सयम भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के सुधार पर बल दिया है। जी-20 ने सिद्ध कर दिया है कि विश्व राजनीति अब भारत के महत्व को नकार नहीं सकती है।

**जी-20 के घोषणापत्र में मानवीय पीड़ा की अनुभूति व विश्व भावना झलक रही है। सर्वजन हिताय के रास्ते पर चलते हुए दुनिया भर के देशों से भुखमरी मिटाने का संकल्प तो लिया ही गया है साथ ही पोषण सुरक्षा प्राप्त करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

*इनमें* से तीन देवियों की प्रतिमाएं एक ही पैनल पर प्राप्त होती हैं तथा एक देवी के समक्ष सिंह बैठा हुआ होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती एवं दुर्गा हैं तथा दुर्गा के चरणों के पास सिंह बैठा हुआ है। जब इस्लाम का उदय हुआ तो देवियों की इन प्रतिमाओं को नष्ट कर दिया गया तथा उनकी पूजा बंद कर दी गई। इन्हें पूजने वालों को असभ्य और अंध-विश्वासी कहा गया। इस विवेचना के पश्चात हम एक बार फिर से पुराणों की ओर चलते हैं। जब अदिति के पुत्रों अर्थात देवताओं को रहने के लिए स्वर्ग मिल गया तो दिति के पुत्रों अर्थात दैत्यों ने देवताओं से स्वर्ग छीनना चाहा। इस पर देवों एवं दैत्यों में भयानक शत्रुता उत्पन्न हो गई तथा दैत्यों और देवों के बीच हजारों साल तक अनेक युद्ध हुए। पौराणिक कथाओं के अनुसार स्वर्ग के देवगण ऋषियों द्वारा प्रदत्त यज्ञ-भाग एवं हविष्य पर जीवित रहते थे जबकि दैत्य मानव जाति को मारकर खाते थे। देवता सात्विक वृत्ति के होने के कारण, प्रायः दुष्ट दैत्यों से परास्त हो जाते थे। तब ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश देवताओं की सहायता किया करते थे। चूंकि विष्णु भी अदिति के पुत्र थे, इसलिए दैत्य विष्णु से भी शत्रुता रखते थे। यही कारण था कि दैत्य, ब्रह्माजी एवं शिवजी को प्रसन्न करने के लिए घनघोर तपस्या करके उन से वरदान पाते थे। दैत्यगण ब्रह्माजी एवं शिवजी से प्राप्त शक्ति का उपयोग भगवान श्रीहरि विष्णु, उनके भाइयों अर्थात देवताओं, उनके भक्तों तथा ऋषियों-मुनियों के विरुद्ध किया करते थे। दैत्यकुल में प्रह्लाद, दैत्यराज विरोचन, दैत्यराज बली एवं राक्षसराज विभीषण आदि कुछ ही दैत्य हुए जो भगवान श्रीहरि विष्णु को भजते थे। त्रिजटा नामक राक्षसी भी भगवान की भक्त थी।

*(क्रमशः)*

# दिल्ली डिक्लेरेशन सही मायने में वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का संदेश


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

*देखा* जाय तो भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन हर मायने में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहा। भारत की मेजबानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विजन का ही परिणाम रहा कि एक ओर जहां जी-20 का कुनबा बढ़ाने में भारत कामयाब रहा तो दूसरी और दिल्ली डिक्लेरेशन को एक मत से स्वीकार कराने की बड़ी सफलता कूटनीतिक स्तर पर भारत की बढ़ती सक्रिय हिस्सेदारी और सोच समझ को दर्शाती है। कोई माने या ना माने पर अब यह साफ होता जा रहा है कि भारत आज अपनी बात मनवाने व दुनिया के देशों के सामने लोहा मनवाने में सफल रहने लगा है। ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में बने मसौदे पर दुनिया के देश एकमत नहीं हो पाये थे। रूस और चीन के प्रमुखों के नहीं आने और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बावजूद भारत दिल्ली डिक्लेरेशन के सभी 83 बिन्दुओं को एक मत से पारित कराने में सफल रहा। यह सब तो तब है जब जी-20 के सभी देशों के पास बिन्दु विशेष पर वीटो करने के अधिकार हैं यह पहले के सम्मेलनों में देखा जा चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि जी-20 के सेशन वन फैमिली के दौरान दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्वसम्मति की घोषणा से वन फैमिली का वास्तविक संदेश दुनिया के देश देने में सफल रहे हैं। सही मायने में यह दुनिया के देशों के वन फैमिली की दिशा में बढ़ता कदम है। देखा जाय तो भारत के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास और इसके साथ ही वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का संदेश ही वसुधैव कुटुम्बकम को चरितार्थ करता है। इसे कालचक्र का ही फेर कहा जायेगा कि जिस कालचक्र के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 के दिग्गजों की अगवानी कर रहे थे। उस कालचक्र ने ही संदेश दे दिया कि भारत 2500 साल पहले भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा था तो आज भी वह दुनिया के देशों से किसी भी मायने में कम कर नहीं रह गया है। यूं तो जी-20 का यह सम्मेलन कई मायनों में याद किया जाएगा तो लाख कमियां गिनाई भी जा सकती हैं पर इस सम्मेलन ने जो ऊंचाइयां छुई है उन्हें सालों याद रखा जायेगा। इस सम्मेलन की ही देन है कि अब जी-20 में 55 देशों के संघ अफ्रीकी यूनियन को स्थाई सदस्यता दिलाने में सफलता मिल गई है। यानी की जी-20 का कुनबा बढ़कर अब जी-21 हो गया है तो दूसरी और इसकी ताकत में भी बढ़ोतरी हुई है। वैसे भी देखा जाय तो 1999 में जी-20 की स्थापना हुई तो आर्थिक सहभागिता एक प्रमुख ध्येय रहा। दुनिया के देशों की 85 फीसदी जीडीपी, 75 फसीदी वैश्विक व्यापार और दो तिहाई आबादी इस कुनबे की ताकत थी। अब अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने से इसकी ताकत और पहुंच और अधिक बढ़ गई है। बारी-बारी से अध्यक्षीय जिम्मेदारी के बीच भारत की एक वर्ष की अध्यक्षीय अवधि जी-20 के इतिहास में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत द्वारा इस तरह की कार्ययोजना बनाई गई कि सभी अंतरराष्ट्रीय विषय पर चर्चा तय की गई तो दूसरी और गंभीर चिंतन मनन हुआ। देश के 60 शहरों में जी 20 की बैठकें आयोजित हुई। यहां तक कि कश्मीर में भी जी-20 की बैठक आयोजित कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। 200 घंटों की अथक मेहनत और करीब 300 बैठकों का परिणाम है दिल्ली डिक्लेरेशन। सबसे बड़ी बात कि भारत ने सबके भरोसे की बात की और सबका भरोसा जीतना ही इसकी सबसे बड़ी सफलता माना जा सकता है। कोरोना ने दुनिया के देशों के सामने एक अलग तरह के हालात रखे तो सोच और समझ में भी बदलाव आया। हालांकि कोरोना त्रासदी के बाद भी रूस- यूक्रेन युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट, आतंकवाद के नित-नए रूप, भ्रष्टाचार, जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने, अनियमित मानसून, तूफान और अनचाही बाढ़ जैसे हालात, समुद्री सतह का बढ़ना, करेंसी को लेकर संकट जैसे अनेक संकट तेजी से उभरे हैं।


**सबसे बड़ी बात यह कि जी-20 के सेशन वन फैमिली के दौरान दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्वसम्मति की घोषणा से वन फैमिली का वास्तविक संदेश दुनिया के देश देने में सफल रहे हैं।**

**संदेश**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# कावेरी नदी पर 140 वर्ष से संग्राम सवाल-कब लगेगा विराम

*दक्षिण* की 'गंगा' कही जाने वाली सदानीरा कावेरी नदी के जल पर कर्नाटक और तमिलनाडु का 140 साल पुराना विवाद देश की सबसे बड़ी अदालत के फैसले के बावजूद सुलझ नहीं पाया है। छोटे-बड़े कानून के मंदिरों और दोनों राज्यों और केंद्र के राजनीति के गलियारों में हलचल मचाने वाला यह जल विवाद बयानों की आंच में सुलग रहा है। आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कावेरी जल विनियमन समिति की बैठक से पहले ही बयानवीर कूद पड़े। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने संकेत दिया कि अब जो पानी बचा है, उसको वह पीने के लिए जमा करेंगे। लगे हाथ उन्होंने भाजपा और जनता दल (एस) पर राजनीति करने का आरोप भी जड़ दिया। कर्नाटक के कानून और संसदीय कार्यमंत्री एचके पाटिल ने तो यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के पास पर्याप्त मात्रा में पानी है। इसलिए उसे इस समय और पानी की मांग नहीं करनी चाहिए। इस विवाद के लंबे सफर में यह जानना निहायत जरूरी है कि कावेरी नदी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु की धरती की प्यास बुझाती है। पश्चिमी घाट का ब्रह्मगिरी पर्वत इसका उद्गम है। यह 760 किलोमीटर का सफर पूरा कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी के किनारे बसा तिरुचिरापल्ली शहर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। कावेरी नदी के डेल्टा पर अच्छी खेती होती है। कावेरी नदी पर तमिलनाडु में होगेनक्कल जलप्रपात और कर्नाटक भारचुक्की और बालमुरी जलप्रपात हैं। प्राचीन तमिल साहित्य में इसका जिक्र पोन्नी के रूप में होता है। दक्षिण भारत में कावेरी का महत्व गंगा जैसा है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। तमिलनाडु ने गुहार लगाई कि 10 दिन के लिए 24 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाय। कर्नाटक ने इसी छह सितंबर को जवाब दाखिल कर तीन हजार क्यूसेक पानी छोड़ने का वादा किया। कर्नाटक ने तर्क दिया कि कृष्णा और कावेरी नदियों में पानी की भारी कमी है। इस वजह से कर्नाटक पर भारी बोझ पड़ रहा है। 12 सितंबर के बाद तमिलनाडु को और पानी नहीं दिया जा सकता। बहरहाल कावेरी नदी के 140 साल पुराने विवाद से तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कलह बढ़ गई है। वैसे दोनों राज्यों के बीच कावेरी जल का झगड़ा आजादी से पहले का है। दोनों राज्य सिंचाई के पानी की जरूरत के लिए दशकों आमने-सामने हैं। 1881 में यह विवाद तब शुरू हुआ, जब तत्कालीन मैसूर राज्य (अब कर्नाटक) ने कावेरी पर बांध बनाने का फैसला किया। इस पर मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) ने आपत्ति जताई। लंबे समय तक ऐसे ही विवाद चलता रहा। 1924 में अंग्रेजों की मदद से समझौता हुआ कि कर्नाटक को कावेरी नदी का 177 टीएमसी और तमिलनाडु को 556 टीएमसी पानी मिलेगा। एक टीएमसी की गणना हजार मिलियन क्यूबिक फीट के तौर पर होती है। बावजूद इसके यह विवाद पूरी तरह नहीं सुलझ सका। स्वतंत्रता के बाद 1972 में केंद्र ने एक कमेटी बनाई। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कावेरी नदी के जल के दावेदारों के बीच 1976 में समझौता हुआ। अफसोस इस समझौते का पालन नहीं हुआ और विवाद सिर उठाये रहा। नब्बे के दशक में विवाद की लपटें बढ़ीं तो दो जून, 1990 को कावेरी जल विवाद ट्रिब्यूनल का गठन किया गया गया। इस ट्रिब्यूनल ने साल 2007 में अपना फैसला दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि कर्नाटक को सालाना 270 टीएमसी और तमिलनाडु को 419 टीएमसी, केरल को 30 टीएमसी और पुडुचेरी को सात टीएमसी पानी दिया जायेगा। यह फैसला तमिलनाडु को नागवार गुजरा। उसने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। बाद में कर्नाटक सरकार भी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। लंबी सुनवाई के बाद 16 फरवरी, 2018 को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया। फैसले में कर्नाटक का हिस्सा बढ़ा और तमिलनाडु का घटा दिया गया। केरल और पुडुचेरी के जल बंटवारे में कोई बदलाव नहीं किया गया। ...और अब 2023 है। सदानीरा कावेरी फिर बंटवारे के विवाद से सुर्खियों में है।

■ मुकुंद

**कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने संकेत दिया कि अब जो पानी बचा है, उसको वह पीने के लिए जमा करेंगे। लगे हाथ उन्होंने भाजपा और जनता दल (एस) पर राजनीति करने का आरोप भी जड़ दिया।**

**नदी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नई पीढ़ी जानती है कि खुद पर निवेश कैसे करें!

32 साल के सुरेश कुमार के गंदे दांत-बिखरे बाल देखकर शायद आप असहज हो जाएं। पर आपको पता है रसोई में मिक्सर, वॉशिंग मशीन, डबल-डोर रेफ्रिजरेटर, मिक्सर ग्राइंडर, सीलिंग फैन या गैस स्टोव सुधारने में सबसे ज्यादा उसी पर निर्भरता है। जब वह कोई चीज हाथ में लेता है, छूकर तार और उसके कलपुर्जों की पहचान करता है, वो भी पावर प्लग निकाले बिना, तब जाकर आपको लगता है कि उपकरण सही हाथों में है। जब तक आप भरोसा कर पाते हैं, वह ठीक 15 मिनट में इसे ठीक कर देता है। सुरेश कोयम्बटूर में अपना सर्विस सेंटर चलाता है। आप सोच रहे होंगे इसमें क्या महान बात है? आपको ये सुनकर धक्का लगेगा कि वह पूरी तरह दृष्टिहीन है! ताज्जुब नहीं कि जब तक वह समय नहीं दे देता, लोग शांति से इंतजार करते हैं। गारंटी में मौजूद उत्पादों को सुधारने के लिए स्टोर्स उसे काम का ठेका देते हैं।





5 साल की उम्र में दिमागी बुखार से उसकी रोशनी चली गई थी, इसके बाद दृष्टिहीनों के सरकारी स्कूल में पांचवीं तक पढ़ाई की। दस साल से भी पहले उसकी बड़ी बहन रेवाती ने एक इलेक्ट्रिकल सामान के सर्विस सेंटर पर जाकर सुरेश को काम सिखाने की विनती की। यह टर्निंग पॉइंट रहा। सुरेश कॉइल वाइंडिग में महारती हो गया और दस साल तक दो सर्विस सेंटर पर काम करते हुए और काम सीखा। सही मायनों में उसने अपनी जवानी के दस साल इन आधुनिक उपकरणों को अंदर से सीखने में निवेश कर दिए। छह महीने पहले उसने ताकत जुटाई और खुद का 'मारी इलेक्ट्रिकल खोला।' वहां का बड़ा इलेक्ट्रिकल अप्लायंस स्टोर ढेर सारे उपकरणों की मरम्मत का काम उसे देता है। लोग यूपीआई से उसे पैसा देते हैं। अब इस दृष्टिहीन मैकेनिक का दूसरा बड़ा ख्वाब है। वह दृष्टिहीनों को प्रशिक्षित करने के लिए संस्थान शुरू करना चाहता है, ताकि उन्हें ट्रेनों और बसों में भीख न मांगनी पड़े। अब एक अन्य उदाहरण लेते हैं। महाराष्ट्र के छोटे-से गांव परभणी के रहने वाले तीन भाइयों कृष्णा, ओमकार और आकार सिसोडे ने इस सप्ताह एकसाथ पुलिस भर्ती में कांस्टेबल की परीक्षा पास की है। अब फिर से न कहें कि कांस्टेबल बनना क्या बड़ी बात है। वो इसलिए क्योंकि जब वे प्राइमरी स्कूल में थे, तब उनके किसान माता-पिता ने 2012 में कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली थी। तीनों में सबसे बड़ा कृष्णा तब छठवीं में था और अपने छोटे भाइयों के साथ माता-पता की अंत्येष्टि की। तीनों भाई परभणी के अनाथालय में पले-बढ़े। तब वे इतने छोटे थे कि इसका अंदाजा भी नहीं था कि उन्होंने क्या खो दिया है, पर उन्होंने अपना सारा समय पढ़ाई में लगाने का तय किया। अब उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम मिला है। कृष्णा और आकार मुंबई पुलिस जॉइन करेंगे, वहीं ओमकार ट्रेनिंग के बाद परभणी पुलिस जॉइन करेगा।

इस गुरुवार को मेरी मुलाकात 20 साल के विशाल बरेथा से हुई, जो कि भोपाल में एमबीए कर रहा है और सेकंड ईयर में है। छोटे-से गांव सीहोर के किसान के बेटे विशाल के पास पढ़ाई जारी रखने के पैसे नहीं थे। उसे लगा कि किसी होटल में हाउसकीपिंग का काम करके वह अपनी पूरी सैलरी बचा लेगा क्योंकि वहां रहना-खाना फ्री होता है। उसने गुजरात की एक होटल में तब तक काम किया, जब तक कि पढ़ाई के लिए जरूरी पैसे जमा नहीं हो गए और पैसे से उसे काम का लालच नहीं हुआ। उसने नौकरी छोड़ी, पढ़ाई की। अब उसे भरोसा है कि 2024 में पढ़ाई पूरी होने के साथ उसे बेहतर सैलरी की नौकरी मिल जाएगी।

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों का पैकेज

अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं। अगर आप भी 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।



**गेम डिजाइनर :** गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

**क्वालिफिकेशन :** छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो। कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है। गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है। इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

**जरूरी स्किल्स :** गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए। इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं। इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है। ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

**जॉब प्रोफाइल :** इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

**सैलरी :** इस क्षेत्र में अपना कॅरियर शुरू करने पर आपको 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिल जाती है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने पर सालाना 13 से 15 लाक तक का भी पैकेज उठा सकते हैं। बता दें कि गेम प्रोड्यूसर इस फील्ड में सालाना 10 लाख रुपए तक कमा रहे हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# शादी डॉट कॉम



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

चश्मा आंखों पर कम नाक पर ज्यादा चढ़ा था। इससे साफ पता चलता था कि बंदा पढ़ा-लिखा था। ऊपर से सड़कों से ज्यादा माथे पर सिलवटों के स्पीड ब्रेकर साफ दिखाई देते थे। मतलब वह विवाह के लिए तैयार बिटिया का पिता था। गंवारों की बिटिया जितनी जल्दी बियाह दी जाती हैं, पढ़े-लिखों की बिटिया प्रोफाइल जीवनसाथी डॉट कॉम में उतनी ही देर तक लंबित रहती हैं। मनचाही मुराद और मिस्टर परफेक्टनिस्ट दामाद ये दोनों क्षितिज की तरह होते हैं। यानी ये दोनों भ्रम हैं। एक दिन जीवनसाथी डॉट कॉम से फोन आया। फोन भी ऐसा आया कि जीवन डॉट से ज्यादा डाउट और साथी कॉम से ज्यादा कॉमा लग रहा था। पिता को साथी के साथ कॉमा पसंद था। चुनने के विकल्प जो मिलते थे, वहीं बेटी को अपने भविष्य को लेकर जीवन में बहुत डाउट थे। कुल मिलाकर पिता सुनहरे जीवन और बेटी बेजोड़ साथी की तलाश में जीवनसाथी वेबसाइट पर नाक रगड़ रहे थे। नाक रगड़ने का परिणाम यह हुआ कि बिटिया की उम्र तीस पार हो गई।

तीस पार की लड़की का पिता मनचाहा की जगह समझौता मिजाज हो जाता है। एक दिन एक रिश्ता आया। लड़का खूब पैसों वालों का इकलौता वारिस था, बालों के नाम पर गंजा कहलाता था। शहर में दो-चार कोठियां-दुकानें थीं, शरीर के नाम पर सिर और कमर के बीच पिजा-बर्गर का गोल गुंबज था। पानी के नाम पर थोक में कोक पीता था। लड़की समझ नहीं पा रही थी कि इस रिश्ते को जोक मानकर हँसे या शोक मानकर रोए। इसी जोक और शोक के बीच लड़की का पिता कूदा। बेटी को लड़के से अकेले में बात करने के लिए भेजा। शर्त यह थी कि लड़की कुछ नहीं कहेगी।

हुआ वही जो होना था। लड़के को लड़की पसंद थी। लेकिन लड़की को लड़का नहीं। लेकिन पिता को अब इस बात की कोई परवाह नहीं थी। उसने बिटिया को समझाया झ एक जमाना था शादी लडके और खानदान को देखकर की जाती थी, अब बैंक बैलेंस और कोठी देखकर की जाती है। दो दिन की चमड़ी के लिए चार दिन की संपत्ति थोड़े न छोड़ते हैं। उसकी सूरत और सीरत को छोड़ दौलत को देख। खुशियों की खुशबू दौलत के बगीचे में बसती है। कौनसा वह मूर्ख है जिसे तुझे कालीदास बनाना है। खुद इंटर पास है लेकिन नौकर-चाकर पीजी पास हैं। ज्यादा पढ़ने से कुछ नहीं होता। ज्ञान तो सड़क पर रोता है। ज्ञानी आज अज्ञानियों के यहाँ नौकरी कर रहे हैं। करोड़ में कितने शून्य होते हैं, यह पढ़ने-पढ़ाने और दिखावे की बाते हैं। तिजोरी में कितने रुपए हैं, वही हमारी औकात बताते हैं। लड़की संस्कार से मजबूर थी। पिता का कहा कैसे टालती? शादी हुए चार सा बीत गए हैं। न बच्चा है न कच्चा है। भविष्य के उत्तराधिकारी की बाट जोह रहे हैं।

# डीआरडीओ में साइंटिस्ट के पदों पर निकली बंपर भर्ती

डीआरडीओ में काम करना हर युवा का सपना होता है। यहां पर सम्मान के साथ आकर्षक सैलरी भी मिलती है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों का अब डीआरडीओ में नौकरी करने का सपना पूरा हो सकता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ ने साइंटिस्ट के पदों पर वैकैंसी निकाली गई है। डीआरडीओ में काम करना हर युवा का सपना होता है। यहां पर सम्मान के साथ आकर्षक सैलरी भी मिलती है। बता दें कि डीआरडीओ को मिसाइल मैन की फैक्ट्री कहा जाता है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों का सपना डीआरडीओ में काम करने का है, उनके लिए एक अच्छी खबर निकलकर सामने आई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों का अब डीआरडीओ में नौकरी करने का सपना पूरा हो सकता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ ने साइंटिस्ट के पदों पर वैकैंसी निकाली गई है।



**इतने पदों पर निकली वैकेंसी :** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने साइंटिस्ट के 204 पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों पर आवेदन के लिए इच्छुक उम्मीदवार 29 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार डीआरडीओ की ऑफिशियल वेबसाइट drdo.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। डीएसटी, एडीए और सीएमई डिपार्टमेंट्स के लिए डीआरडीओ की तरफ से यह वैकेंसी निकाली गई हैं। चयनित अभ्यर्थियों को हर महीने 56 हजार 100 रुपए से लेकर 1 लाख 77 हजार 500 रुपए सैलरी दी जाएगी।

## वैकेंसी डिटेल्स

**साइंटिस्ट 'B' (डीआरडीओ) :** 181 पद
**साइंटिस्ट 'B' (डीएसटी) :** 11 पद
**साइंटिस्ट/ इंजीनियर 'B' (एडीए) :** 6 पद
**साइंटिस्ट 'B' (सीएमई) :** 6 पद

**सिलेक्शन प्रोसेस :** बता दें कि प्रोजेक्ट साइंटिस्ट के पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का सिलेक्शन पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। अलग से कॉल लेटर के माध्यम से इंटरव्यू की डेट और जगह की जानकारी दी जाएगी। आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों की आयु 18 साल से कम और 40 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। वहीं आरक्षित वर्गों के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।

**क्वालिफिकेशन :** डीआरडीओ द्वारा निकाली गई भर्तियों के लिए सिर्फ उन्हीं अभ्यर्थियों नौकरी मिलेगी। जिनके पास इंजीनियरिंग फील्ड में फर्स्ट क्लास बैचलर की डिग्री होगी। इसके साथ ही उम्मीदवार के पास वैलिड गेट स्कोर रखने वालों इसकी जानकारी फॉर्म में जरूर देनी चाहिए।

## ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले डीआरडीओ की ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in पर विजिट करें। फिर होम पेज पर Advertisement No. 145 देखें और अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें। नया होम पेज खुलने के बाद खुद को रजिस्टर करें। इसके बाद मांगी गई जानकारी को ध्यान से भरें। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसका एक प्रिंटआउट निकाल कर रख लें।

## सूडोकु नवताल- 6821

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6820 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## दैनिक पंचांग

**13 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.08 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 08.18 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.33 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.49 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 14.54 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.41 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.14 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.44 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.24 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मिथुन | 23.22 बजे से |
| | | कर्क | 01.36 बजे से |
| | | सिंह | 03.52 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 256 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 04.50 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 02.01 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्ध 02.07 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 15.36 बजे तदनन्तर शकुनि 04.50 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 59' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871735 **जूलियन दिन** 2460200.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 27 **विशेष** मासिक शिवरात्रि, स्वामी ब्रह्मानंद लोधी निर्वाण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7883

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब (अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

**ऊपर से नीचे**

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेख-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टोंटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

### शब्द पहेली -7882 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झ | न्डा | ■ | ते | ■ | प | ■ | श | क |
| र | ■ | दा | ल | ■ | री | ता | ■ | ल |
| ना | खु | दा | ■ | पा | ■ | रा | इ | मा |
| ■ | श | ■ | अ | ला | बा | ■ | न्द्र | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | स | म | ध | न |
| ■ | वा | ■ | द | ल | ना | ■ | नु | ■ |
| ग | र | म | ■ | क्ष | ■ | ऋ | ष | भ |
| र | ■ | स्त | र | ■ | कृ | षि | ■ | ला |
| ल | ब | ■ | क्षा | ■ | मि | ■ | ता | ई |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**मिथुन राशि :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कन्या राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु राशि :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर राशि :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ राशि :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### हिंसा : बदमाशों ने ग्राम सुरक्षा बल के 3 सदस्यों को मौत के घाट उतारा

**इंफाल।** मणिपुर में इंफाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों की सीमा पर मंगलवार का सुबह हथियारबंद बदमाशों ने घात लगाकर हमला कर दिया और ग्राम सुरक्षा बल के तीन सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद सेना और असम राइफल्स के जवानों ने बदमाशों की घेराबंदी करने के लिए सर्च अभियान तेज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मणिपुर में मंगलवार सुबह करीब 8:20 बजे इंफाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों की सीमा पर कांगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई के बीच स्थित गांव में कुछ बदमाशों ने घात लगाकर हमला कर दिया। सशस्त्र बदमाशों ने हमलाकर ग्राम सुरक्षा बल के तीन सदस्यों की हत्या कर दी।


### सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 25 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत देने के अपने आदेश को 25 सितंबर तक बढ़ा दिया है। न्यायमूर्ति एएस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की विशेष पीठ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने मामले की सुनवाई 25 सितंबर तक स्थगित करने का अनुरोध किया था। सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मैं सहमत हूं। महामहिम 25 सितंबर को दोपहर 2 बजे एक विशेष पीठ के लिए आदेश पारित कर सकते हैं। पीठ ने अंतरिम राहत बढ़ा दी और याचिका पर आगे की सुनवाई 25 सितंबर को तय की।

# पर्यावरण अनुकूल परिवहन परिवेश का विकास समय की मांग : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पर्यावरण अनुकूल एवं भरोसेमंद परिवहन परिवेश विकसित करना आज समय की मांग है। उन्होंने भारतीय वाहन उद्योग से अमृत काल के लक्ष्यों को हासिल करने का मार्ग प्रशस्त करने को भी कहा। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन में अपने संदेश में मोदी ने देश की वृद्धि में इस उद्योग की भूमिका को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, आज वृद्धि को गति देने के लिहाज से भारत में परिवहन के विभिन्न साधन महत्वपूर्ण



हैं। जैसे-जैसे करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकलकर नव-मध्यम वर्ग में आते हैं, वहां सामाजिक तथा आर्थिक गतिशीलता आती है।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों के समक्ष सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री का संबोधन पढ़ा। मोदी ने कहा, जैसे ही वे अपनी आकांक्षाओं के माध्यम से देश की वृद्धि को आगे बढ़ाते हैं, वे हमारी अर्थव्यवस्था को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनने की शक्ति देते हैं। इससे ही भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जल्द ही हम शीर्ष तीन में पहुंचने के लिए तैयार हैं। मोदी ने दोहराया कि वाहन उद्योग मूल्य-निर्माण चक्र में उत्प्रेरक और लाभार्थी दोनों है। उन्होंने कहा कि उद्योग ने करोड़ों लोगों को रोजगार देकर आय वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, साथ ही, वाहन उद्योग को भी आर्थिक वृद्धि से उत्पन्न अधिक मांग का फायदा मिला है। आज पर्यावरण अनुकूल एवं भरोसेमंद परिवहन परिवेश विकसित करना समय की मांग है।

पर्यावरण के प्रति जागरूक तथा आर्थिक रूप से व्यवहार्य आवगमन ही भविष्य है। प्रधानमंत्री ने एथनॉल, फ्लेक्स फ्यूल (पेट्रोल के साथ एथनॉल का मिश्रण), सीएनजी, बायो-सीएनजी, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसी कई वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों का हवाला देते हुए कार्बन उत्सर्जन तथा तेल आयात पर भारत की निर्भरता कम करने के लिए ठोस प्रयास जारी रखने और उन्हें अधिक बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक और किसान शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय फसल विविधता का सच्चा संरक्षक है। इस दिशा में किसानों के पास असाधारण शक्ति और जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों और प्रजातियों की कई किस्मों की रक्षा और उन्हें पुनर्जीवित करने के किसानों के प्रयास की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विशाल विविधता वाला देश है। इसका क्षेत्रफल भले ही विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत लेकिन दुनिया की 7 से 8 प्रतिशत जैव प्रजातियां यहीं है।



भारत की समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए एक खजाना रही है। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है। जंगली पौधों को घरेलु उपयोगी बनाया है और पारंपरिक किस्मों का पोषण किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास से भारत 1950-51 के बाद से खाद्यान्न, बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ा पाया है। इसका राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर स्पष्ट प्रभाव पड़ा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि-जैव विविधता संरक्षकों और मेहनती किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निमार्ताओं के प्रयासों ने सरकारी समर्थन के साथ मिलकर देश में कई कृषि क्रांतियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विरासत ज्ञान के प्रभावी संरक्षक और संवर्द्धक के रूप में काम करते रहेंगे।

## अचानक पहाड़ से गिरा मलबा, ट्रक में सवार चार की मौत

**उधमपुर/बनिहाल।** जिला रामबन के बनिहाल क्षेत्र में स्थित सलारड शेरबीबी के पास अचानक पहाड़ से मलबा गिरने से उसकी चपेट में एक ट्रक आकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे ट्रक में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। जम्मू से श्रीनगर जा रहा एक ट्रक (जीके-03जे-0312) जब बनिहाल के पास सलारड, शेरबीबी नामक स्थान पर पहुंचा, तभी अचानक पहाड़ से मलबा आ गया तथा वह ट्रक उसकी चपेट में आकर गहरी खाई में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय एनजीओ व लोगों की मदद से राहत कार्य प्रारंभ किया। तेजी से कार्य करते हुए मलबा से चार लोगों के शव बरामद किए, जिन्हें एसडीएच बनिहाल में भेज दिया गया।

# भारतीय फुटबॉल टीम का चयन ज्योतिषी से सलाह ले किया गया

### तो क्या भविष्य में सभी महत्वपूर्ण नौकरियों, खेलों में चयन ज्योतिषी से पूछ कर होगा?

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल टीम का चयन ग्रह-नक्षत्र देखकर किया गया था! कम से कम एक मौके पर ऐसा किए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। जिसके बाद लोग कहने लगे हैं कि लगता है भविष्य में सभी महत्वपूर्ण नौकरियों, खेलों में चयन ज्योतिषी से पूछ कर होगा?

अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार 9 जून, 2022 को कोलकाता में एक महत्वपूर्ण एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का अफगानिस्तान से सामना होने से पहले ज्योतिषी का सहारा लिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार क्वालीफायर से 48 घंटे पहले राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टीमाक ने दिल्ली एनसीआर के एक ज्योतिषी, भूपेश शर्मा को यह संदेश भेजा था। रिपोर्ट के अनुसार स्टीमाक ने उसके साथ जो सूची भेजी थी उसमें खेल के लिए संभावित 11 के नाम थे। अंग्रेजी अखबार ने रिपोर्ट दी है कि स्टीमाक का ज्योतिषी से परिचय अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के शीर्ष अधिकारी के माध्यम से हुआ था। कोच द्वारा संदेश भेजे जाने के कुछ ही घंटों में ज्योतिषी ने प्रत्येक नाम के सामने अपनी टिप्पणी के साथ उत्तर दिया: 'अच्छा', 'बहुत अच्छा कर सकते हैं। अति आत्मविश्वास से बचने की जरूरत है'; 'औसत से कम दिन'; 'उनके लिए बहुत अच्छा दिन है, लेकिन वे अत्यधिक आक्रामक हो सकते हैं'; 'उस दिन के लिए अनुशंसा नहीं'।अखबार ने रिपोर्ट में कहा है कि उस साल 11 जून को किक-ऑफ से एक घंटे पहले जब मैच के लिए भारत की टीम घोषित की



गई, ज्योतिषी के अनुसार दो स्थापित नाम जिनके ग्रह-नक्षत्र अनुकूल नहीं थे, उन्हें जगह नहीं मिली। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह अकेला मैच नहीं था जिसकी जानकारी ज्योतिषी के साथ साझा की गई थी। मई-जून 2022 में स्टिमैक और ज्योतिषी शर्मा के बीच कथित तौर पर करीब 100 संदेशों का आदान-प्रदान हुआ था।

भारत ने इस दौरान चार मैच खेलेः जॉर्डन के खिलाफ एक दोस्ताना मैच और उसके बाद कंबोडिया, अफगानिस्तान व हांगकांग के खिलाफ तीन एशियाई कप क्वालीफायर। प्रत्येक खेल से पहले मैसेज से पता चलता है कि स्टिमैक शर्मा के संपर्क में थे। ये संदेश भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगाते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि टीम की महत्वपूर्ण जानकारी बाहरी व्यक्ति के साथ साझा किए जाने से दुरुपयोग होने का खतरा होता है।

रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक मैच से पहले स्टिमैक ने अपनी टीम को अंतिम रूप देने से पहले ज्योतिषी से जानकारी मांगी और चोट के अपडेट के साथ-साथ प्रतिस्थापन रणनीतियों को भी साझा किया।एक शुरूआती बातचीत में, स्टिमैक ने लिखा, 'हाय प्रिय भूपेश, आपसे मिलकर और भविष्य के काम पर चर्चा करके खुशी हुई! मैं आपसे निम्नलिखित खिलाड़ियों पर राय देने के लिए निवेदन करूंगा।' उन्होंने चार खिलाड़ियों के जन्म की तारीख, समय और स्थान साझा किया, जिनमें से तीन ने 2017 फीफा अंडर -17 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने स्वीकार किया कि उन्होंने मई 2022 में स्टिमैक को शर्मा से मिलवाया था। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस से कहा, 'मैं उनसे एक बैठक में मिला था। उन्होंने (शर्मा) कई टेलीकॉम कंपनियों और बॉलीवुड हस्तियों के लिए काम किया था। उन्होंने बताया था कि ज्योतिषीय समय और खिलाड़ियों का वर्तमान फेज लोगों को सही निर्णय लेने में मदद कर सकता है। 'रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा, 'उस समय, मैं चिंतित था कि क्या भारत एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगा और इगोर भी। ईमानदारी से कहूं तो मुझे चिंता थी। यह कोई आसान स्थिति नहीं थी। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि भारत क्वालीफाई करे।' इसलिए मैंने उनसे (शर्मा) कहा कि मैं आपको कोच के संपर्क में रखूंगा और अगर उन्हें यह पसंद आता है, उन्हें लगता है कि आपकी सेवाओं का उपयोग किया जा सकता है, तो वह मुझसे संपर्क कर सकते हैं। इगोर बहुत आश्वस्त थे और वे पूरे समय कोलकाता में थे।'यह पूछे जाने पर कि उन्होंने ज्योतिषी का सहारा क्यों लिया और उसकी सलाह पर काम क्यों किया, स्टीमाक ने कहा, 'भूपेश की सिफारिश मुझसे की गई थी और मुझे (अन्य लोगों द्वारा) आश्वस्त किया गया था कि मुझे खेल में उसके संभावित प्रभावों की जांच करनी होगी, इससे ज्यादा कुछ नहीं। मैंने एक और विदेशी सहायक कोच का अनुरोध किया जिस पर कभी विचार नहीं किया गया और जब मुझे भूपेश के अनुबंध का पैमाना पता चला तो मैं हैरान रह गया।

### चीन ने लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर जमीन हड़प लिया है

## सरकार के खिलाफ जाएंगे सुप्रीम कोर्ट : स्वामी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भाजपा नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि चीन ने लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर जमीन को हड़प लिया है। और इसको लेकर वह वह केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। मालूम हो कि जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद से ही भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण है। और सरकार कह रही है कि नो तो कोई घुसा है , न घुस आया है। सुब्रमण्यम स्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए लिखा, क्या चीन द्वारा लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर भूमि पर कब्जा कर लेने के बाद भी मोदी अब भी कोई आया नहीं चिल्ला रहे हैं? मैं संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहा हूं ताकि मोदी सरकार चीन के सामने मोदी के आत्मसमर्पण के बारे में सच्चाई का खुलासा कर सके। स्वामी कई साल से चीन मुद्दे को लेकर केन्द्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं। इसके पहले भी सुब्रमण्यम स्वामी वित्त मंत्रालय के कामकाज को लेकर अपनी नाराजगी दर्ज कर चुके हैं। इसी तरह हाल ही में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने भी लद्दाख का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि चीन भारतीय जमीन पर कब्जा कर रहा है। वहीं राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा ने सोमवार को कहा कि चीन ने भारत की एक वर्ग भूमि पर भी कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।लेकिन बीड़ी शर्मा ने अभी तक स्वामी के कहे का जवाब नहीं दिया है। बीडी मिश्रा ने कहा कि मैं किसी के बयान पर टिप्पणी नहीं करूंगा लेकिन जो कहूंगा वहीं सच है। हमारी किसी भी भूमि पर चीन ने कब्जा नहीं किया है।

## सुप्रीम कोर्ट में राजद्रोह कानून पर 5 न्यायाधीशों की बेंच करेगी सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत औपनिवेशिक काल के राजद्रोह कानून संबंधी प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को मंगलवार को कम से कम पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस आधार पर वृहद पीठ को मामला सौंपने का फैसला टालने के केंद्र के अनुरोध को खारिज कर दिया कि संसद दंड संहिता के प्रावधानों को फिर से लागू कर रही है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज



मिश्रा भी इस पीठ में शामिल थे। पीठ ने अपने पंजीयन कार्यालय को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष कागजात पेश करने का निर्देश दिया ताकि कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के गठन के लिए प्रशासनिक स्तर पर उचित निर्णय लिया जा सके। इससे पहले न्यायालय ने इन याचिकाओं पर सुनवाई केंद्र के यह कहने के बाद एक मई को टाल दी थी कि सरकार दंडात्मक प्रावधान की पुनः समीक्षा पर परामर्श के अग्रिम चरण में है।




## विक्की कौशल की फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' का ट्रेलर रिलीज

**बॉलीवुड** स्टार विक्की कौशल ने आज अपनी अगली फिल्म वाईआरएफ की द ग्रेट इंडियन फैमिली का ट्रेलर जारी किया। उन्हें लगता है कि यह फिल्म भारतीय संयुक्त परिवारों की भावना का उत्सव है। विक्की कहते हैं, टीजीआईएफ एक साधारण, छोटे शहर की कहानी है, जो आपके दिलों को छू जाएगी। यह उस अटूट बंधन की कहानी है, जो परिवार के सदस्य एक-दूसरे के बीच साझा करते हैं। यह फिल्म दशार्ती है कि परिस्थितियां किस तरह उस बंधन की कड़ी परीक्षा ले सकती हैं और भारतीय परिवार के प्रत्येक सदस्य के बीच भावनात्मक जुड़ाव वास्तव में कितना शक्तिशाली है।



वह आगे कहते हैं, हमारे संयुक्त परिवार अपने व्यक्तित्वों के कारण वास्तव में अद्वितीय हैं। जब हालात कठिन हो जाते हैं तो वे एक बड़ी ताकत बन सकते हैं और साथ ही वे काफी निष्क्रिय भी हो सकते हैं। टीजीआईएफ हमारे सभी परिवारों की इसी भावना का उत्सव है।

### रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही कि अपना टाइम आएगा: सैयामी खेर



**एक्ट्रेस** सैयामी खेर को लेटेस्ट थियेट्रिकल रिलीज 'घूमर' के लिए शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी ट्रांसफॉर्मिंग जर्नी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि धैर्य के कारण ही उन्हें अपना रास्ता तय करने में मदद मिली। सैयामी के लिए टर्निंग प्वाइंट तब आया जब निर्देशक अनुराग कश्यप ने उन्हें स्ट्रीमिंग फिल्म 'चोक्ड' के लिए लीड रोल में लिया।अपनी जर्नी के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहाः रास्ता आसान नहीं रहा है, और कई बार रिजेक्शन के चलते निराशा रही। हालांकि, मैं इस भरोसे पर कायम रही कि अपना टाइम आएगा। सैयामी ने आगे बताया कि उनके लिए अनुराग कश्यप, अश्विनी अय्यर तिवारी, नीरज पांडे और बाल्की जैसे फिल्म निमार्ताओं के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा रहा है।

## अक्षय ने फिल्म 'जवान' की कमाई पर किंग खान को दी बधाई

**शाहरुख खान** की फिल्म 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज होने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म की दर्शक खूब प्रशंसा कर रहे हैं। फिल्म 'जवान' ने पहले दिन दमदार कमाई करने के साथ ही अब तक फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की सफलता पर फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने शाहरुख को बधाई दी है। फिल्म के डायलॉग्स के साथ-साथ कुछ सीन्स की भी सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा हो रही है। इसके साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के कई



लोगों ने शाहरुख खान की फिल्म की तारीफ भी की है। कंगना, करीना, ऋतिक से लेकर एसएस राजामौली भी इस फिल्म की तारीफ कर चुके हैं।

ऐसे में बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार कैसे पीछे रह सकते हैं। अक्षय ने भी हाल ही में एक ट्वीट को री-शेयर किया और शाहरुख को बधाई दी। अपने ट्वीट में अक्षय कहते हैं, 'शाहरुख खान, जवान पठान को उनकी फिल्म की भारी सफलता पर मेरी हार्दिक बधाई। हमारी फिल्मों ने फिर से जबरदस्त वापसी की है। अक्षय ने ये ट्वीट करते हुए "जवान" के कलेक्शन के आंकड़े भी शेयर किए हैं।

फिल्म 'जवान' बॉलीवुड की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड शाहरुख की 'पठान' और सनी देओल की 'गदर 2' के नाम था। इन दोनों को पछाड़कर 'जवान' ने जीत हासिल की है।

### पहल

## नई संसद में नई ड्रेस में नजर आएंगे संसद के कर्मचारी

# कमल के फूल और खाकी रंग को भी मिली जगह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। इस विशेष सत्र के दौरान संसद भवन के कर्मचारी भी नई ड्रेस में नजर आएंगे। संसद के इस विशेष सत्र में संसद के सभी पुरुष और महिला कर्मचारी नई ड्रेस में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि सभी कर्मचारियों की ड्रेस यहां तक कि जूते तक को बदल दिया गया है। नई ड्रेस में कमल के फूल और खाकी रंग को भी तवज्जो दी गई है। बता दें कि संसद भवन के कर्मचारियों के लिए यह नई ड्रेस निफ्ट द्वारा डिजाइन किया गया है। अब सचिवालय के कर्मचारी बंद



गले के सूट की बजाय मेजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहने नजर आएंगे।

संसद भवन के टेबल ऑफिस के स्टाफ यानी सदन में स्पीकर के सामने बैठने वाले स्टाफ भी इसी ड्रेस में नजर आएंगे। इनकी शर्ट भी गहरे गुलाबी रंग की होगी, जिन पर कमल का फूल बना होगा और ये कर्मचारी अब खाकी रंग की पैंट पहने नजर आएंगे।

दोनो सदनों के मार्शल भी नई संसद में मणिपुरी पगड़ी पहने नजर आएंगे। इसके साथ ही संसद भवन के अन्य सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस भी बदल दी गई है। अब ये सुरक्षाकर्मी सफारी सूट की बजाय सैनिकों की तरह कैमोफ्लेज ड्रेस पहने नजर आएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसा कि पहले हुआ करती थी। पहले दिन पुराने भवन में संसद भवन के निर्माण से लेकर आजाद भारत के 75 वर्षों की यादों पर चर्चा हो सकती है।

विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधिवत ढंग से पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

हालांकि इसे लेकर अभी तक आधिकारिक स्तर पर कोई घोषणा नहीं की गई है। आपको बता दें कि, अमृत काल के समय में मोदी सरकार ने संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। 18 से 22 सितंबर के दौरान आयोजित होने वाले संसद के इस विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोक सभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी इस विशेष सत्र को लेकर पहले ही यह उम्मीद जता चुके हैं कि अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में उन्हें संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि सरकार नए संसद भवन में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाने पर भी विचार कर रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रांची में दो दिन से लापता युवक का शव मिला



**रांची।** पुलिस ने मेसरा ओपी क्षेत्र के केदल पंचायत से लापता युवक शव मंगलवार को एक कुएं से बरामद किया। युवक की शिनाख्त केदल पंचायत के रहने वाले दीपक कुमार महतो के रूप में हुई है। वह पिछले चार दिनों से लापता था। उसकी गुमशुदगी की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी थी। ओपी प्रभारी सुमित ने बताया कि दो दिन पूर्व परिजनों ने युवक के लापता होने की शिकायत की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### झारखंड में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले, 30 में पुष्टि

**रांची।** राज्य में डेंगू-चिकनगुनिया पांव पसार रहा है। सोमवार तक राज्य भर में डेंगू के 302 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 294 लोगों ने अपना जांच करवाया है, जिसमें 30 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में डेंगू के 109 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें आठ मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि दुमका में 21 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीजों ने डेंगू जांच के लिए अपना सैंपल दिया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं रांची में 95 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 11 में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि सरायकेला में 20 और साहिबगंज में 12 डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं। रामगढ़ में डेंगू के पांच संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद सभी में डेंगू की पुष्टि हुई है। हजारीबाग में 13, दुमका में 21, देवघर में सात, धनबाद में 12, गढ़वा में तीन, कोडरमा में दो, पलामू में दो डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं। वहीं राज्य भर में चिकनगुनिया के 240 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 140 मरीज ने अपना जांच करवाया।

भादो माह की कृष्ण पक्ष एकादशी के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन

# भगवान का दर्शन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था भादो माह की कृष्ण पक्ष के जया एकादशी के पूजन दर्शन का । हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:00 बजे से भक्तजन अमर पड़े थे। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि जया एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसीदास मुर्गान की मोटी मोटी फुल मालाओं से मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को सजाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तैल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया। फिर गुलाब के विशेष रूह इत्र से खाटू नरेश का मसाज करके गोधूलि बेला के पहले मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया। विषेश श्रृंगार सेवा राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नापूर्णा सरावगी पंचमेवा प्रसाद संजीवनी साहू एक भक्त ने गिरी गोला व एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। भादो मास की जया एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर बाबा श्याम की अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भक्तजन दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन व संगीतमय भजन का कार्यक्रम हुआ।

### 67 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ संपन्न



**रांची।** 'दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरी सा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा' के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 67 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 67 वां कार्यक्रम आज को धूमधाम से संपन्न हुआ। कृष्णन सिंघानिया अनुराग शिल्पी सिंघानिया ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। कृष्णन सिंघानिया ने पोशाक सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन करके श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया निरीक्षण

# संबंधित पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय, रांची मनोज जायसवाल (भा.प्र.से) द्वारा कांके अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त के सचिव, जुल्फिकार अली, आप्त सचिव, अमरेन्द्र शरण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, संदिग्ध जमाबंदी, दाखिल-खारिज, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, विभिन्न कार्यालयों से संबंधित पत्रों के कंप्लायंस एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की गई। निरिक्षण के क्रम में कांके अंचल कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण प्रतिवेदन, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, की भी जांच की गई। आयुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने एवं बेहतर बनाने हेतु दिशा-निर्देश दिए।

## चैंबर चुनाव के लिए किशोर मंत्री समेत 14 सदस्यों ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन का दूसरा दिन रहा। किशोर मंत्री समेत 14 सदस्यों ने नामांकन किया। इसमें चुनाव कमेटी के चेयरमैन पवन शर्मा ने भी नामांकन किया। चैंबर चुनाव के लिए 13 सितंबर तक नामांकन दाखिल किया जायेगा। नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 सितंबर को संध्या चार बजे तक निर्धारित है। इस बार चैंबर चुनाव में कई सदस्यों ने अध्यक्ष पद की दावेदारी की है, जिसमें राहुल मारू, डॉ अभिषेक रमाधीन समेत अन्य सदस्यों के नाम हैं। ऐसे में देखना होगा कि चुनाव में किसका पलड़ा भारी रहता है। पिछले साल चुनाव में राहुल मारू और किशोर मंत्री के बीच टक्कर हुई थी। चैंबर चुनाव सत्र 2023-24 का चुनाव 23 और 24 सितंबर को होगा। 24 सितंबर को बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम, मोरहाबादी मैदान में मतगणना होगी। वर्तमान में चैंबर की सदस्यता संख्या 3798 है, जिसमें कुल 3534 आजीवन सदस्य, 169 जनरल मेंबर, 83 सम्बद्ध संस्था, दो पैट्रोन और दस कॉरपोरेट सदस्य हैं। सम्बद्ध संस्थाओं को दो वोट का अधिकार है।

# भाजपा की सरकार बनी तो जीएम लैंड का मिलेगा मालिकाना हक : बाबूलाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ चतरा**

संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत मंगलवार को चतरा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्ट सरकार करार दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम का काम है जनता को गुमराह करना। फायरिंग रेंज मामले में मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को बसाने का कार्य करते हैं, उजाड़ने का नहीं। विपक्ष का काम है लोगों को भड़काना। उन्होंने कहा कि सीएए हो या कृषि कानून या अन्य मामलों में दुष्प्रचार किया गया। चतरा हजारीबाग समेत प्रदेश के कई इलाकों में जीएम लैंड की बंदोबस्ती कर लोग घर व खेत बनाकर खेती-बारी कर रहे हैं। जीएम लैंड का अधिग्रहण बिना मुआवजा दिए हो रहा है जो सरासर गलत है। भाजपा कि सरकार बनी तो जीएम लैंड का पूरा मालिकाना हक मिलेगा। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। अपराधमुक्त प्रदेश बनाना है। झारखंड में प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटनाओं से झारखंड भयभीत है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वह सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से संकल्प लेना है कि अपराधमुक्त प्रदेश बनाने के लिए भाजपा को लाना है। दलालों, बिचौलियों, अपराधियों, लुटेरों और भ्रष्ट अधिकारियों से झारखंड प्रदेश को मुक्त कराना है। संकल्प यात्रा की जनसभा में जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, स्थानीय सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक किशुन दास, प्रदेश महामंत्री बालमुकुन्द सहाय, पूर्व विधायक जय प्रकाश भोक्ता, जनार्दन पासवान, युगल किशोर, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

### सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज व कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रांची।** सीसीएल की अंतर क्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता मंगलवार से अरगडा क्षेत्र में शुरू हुई। इस प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि रश्मि दयाल महाप्रबंधक (कार्मिक औ।स।) ने झंडोत्तोलन के साथ किया। उनका स्वागत महाप्रबंधक अरगडा क्षेत्र के सुधांशु कुमार पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ देकर किया। प्रतियोगिता कारपोरेट गीत के साथ शुरू हुई। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय के साथ कुल 13 टीम भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजन में सीसीएल मुख्यालय के प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन के साथ अरगडा क्षेत्र के एसएन पाण्डेय, राजीव कुमार सिंह, गोपाल उरांव, मनीष कुमार, संतोष चंद्रवेष, रजत जयसवाल, अमरेन्द्र कुमार, एसएन तिवारी एवं अन्य अधिकारी का अहम योगदान है। इस प्रतियोगिता में जेसीएससी के सदस्य राजीव रंजन सिंह भी उपस्थित थे।

# आशा की एक किरण : आदिश थैरेपी सेंटर में बच्चों के इलाज की है बेहतर सुविधा : निदेशक



नवीन मेल संवाददाता। रांची

आदिश थेरेपी सेंटर हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पटेल पार्क के नजदीक खोला गया है। इसमें हर तरह के थैरोपी की सुविधा उपलब्ध है। यह एक ऑटिज्म थेरेपी संस्थान हैं जिसकी स्थापना मोना सिंह एवं सरिता देवी द्वारा किया गया है। इस संस्था की डायरेक्टर मोना सिंह अपने संस्थान के बारे में बताती हैं कि उन्होंने यह संस्थान अपनी खुद के बेटे से प्रेरित होकर खोला है। उनका कहना है कि खुद का बेटा ऑटिज्म कि इस समस्या से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बीमारियों से लागों को कितना परेशान होना पड़ता है यह उनके माता-पिता ही जानते हैं। इसीलिए उन्होंने इस संस्था की नीव डाली ताकि अन्य किसी को इतनी परेशानी का सामना ना करना पड़े। आदिश थैरेपी सेंटर यह एक ऐसा सेंटर है जहां बच्चों को उसे विभिन्न प्रकार की थैरेपी उपलब्ध है। हले आपको ऑटिज्म के बारे में समझना होगा की ऑटिज्म क्या है। ऑटिज्म को मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर कहते हैं। यह एक विकास संबंधी गड़बड़ी है जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। ऑटिज्म से पीड़ित लोग भी एक-दूसरे से अलग होते हैं। यानि कि आटिज्म के अलग-अलग मरीजों को अलग-अलग लक्षण महसूस हो सकते हैं। हालांकि इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई कम्प्लीट इलाज है। आदिश थैरेपी के बारे में आगे बताते हुए वह कहती हैं कि यह एक मात्र ऐसा सेंटर है जहां आउटडोर एक्टिविटी के लिए बच्चों को 1200 स्क्वायर फीट से ज्यादा की जगह खेलने व अपने शारीरिक विकाश के लिए उपलब्ध है जो कि अभी तक कहीं भी नहीं है। ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों की थेरैपी के लिए 1000 स्क्वायर फीट से ज्यादा इंडोर एरिया जिसमे की बच्चों को ऑक्यूपेशनल थेरैपी स्पेशल एजुकेटर स्पीच थेरैपी साइकोलॉजिकल असेसमेंट बिहेवियर मोडिफिकेशन के लिए बड़े ही सुन्दर रूप से सजाया गया है। सभी थैरेपी करने वाले टीचर पुरी तरह एक्सपीरियंस स्किलफुल हैं। आदिश थेरैपी सेंटर के लिए बस इतना ही कहना चाहती हूं कि यह आपके बच्चों के लिए घर के बहार घर हैं। उपरूक्त सभी जानकारी मोना सिंह ने दी।

### इंडस्ट्रियल इकाईयों को पानी देने के लिए बनेगी नयी नीति

**रांची।** झारखंड सरकार सरफेस वाटर को बेतरतीब ढंग से इस्तेमाल पर रोक लगाने और इंडस्ट्रियल इकाईयों द्वारा सरफेस वाटर के इस्तेमाल के लिए नयी नीति लाने जा रही है। इसकी तैयारी जलसंसाधन विभाग ने शुरू कर दी है। वर्षों पुरानी चली आ रही नीति में बदलाव किया जाएगा। साथ ही औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से नियमों को सरल भी बनाया जाएगा। इसके लिए सरकार नया झारखंड सतही जलावंटन नियम-2023 लाएगी। राज्य की औद्योगिक, व्यावसायिक, सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठान नदी, जलाशय, डैम एवं नहर के पानी का इस्तेमाल करते हैं। मगर इसके लिए कोई ठोस कानून या नियम नहीं है। चूंकि वर्तमान में विगत कई सालों से जारी अल्पवृष्टि (मानसून बारिश में कमी) को देखते हुए इसके लिए एक नयी नीति या नियम लाने जा रही है, ताकि औद्योगिक विकास के लिए सरफेस वाटर आसान तरीके से सभी को मिले।

# अपने ही पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है जो जिस पेट्रोल पंप पर काम करता था उसी को लूटने की योजना बना रहा था, वह अपनी योजना में सफल भी हो जाता लेकिन उससे पहले ही वह एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान वह हथियार के साथ धर दबोचा गया.

**मांडर में थी लूट की योजना**

रांची के बीआईटी मेसरा पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह मांडर स्थित एसपी पेट्रोल पंप को लूटने की प्लानिंग कर रहा था. गिरफ्तार अपराधी का नाम दीपक कुमार उर्फ दीपक गंझू है और वह रामगढ़ के रजरप्पा का रहने वाला है,वर्तमान में वह मांडर के उसी पेट्रोल पंप में काम कर रहा था जिसे उसे लूटना था.मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने बताया कि मेसरा ओपी प्रभारी सुमित कुमार के नेतृत्व में नेवरी रिंग रोड में एंटी क्राइम चेकिंग की जा रही थी ,इसी क्रम में बाइक सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा मौजूद जवानों ने खदेड़कर आरोपी को दबोच लिया. इस दौरान पुलिस की टीम ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी लोडेड पिस्टल के साथ कारतूस भी बरामद किया गया.

**खर्चा चलाने के लिए तैयार कर रहा था गिरोह**

गिरफ्तार दीपक ने पुलिस को बताया कि वह पेट्रोल पंप में काम कर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पा रहा था. इस वजह से वह अपने पुराने साथियों से संपर्क किया था. पुराने साथियों के साथ मिलकर वह एक गिरोह तैयार करने की फिराक में था. गिरोह के साथ मिलकर उसने लूटपाट और रंगदारी की वारदात को अंजाम देने की योजना बनायी थी ,हालांकि इससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

स्वरोजगार | बारहवां मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

# राज्य के 468 लोगों को कृत्रिम गर्भाधान का मिला प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीनस्थ रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में केंद्र प्रायोजित गोकुल मिशन योजना के अधीन राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए आयोजित बारहवां मैत्री प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह में डीन डा. प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों से एक महीने के दौरान मिली जानकारियों से सबंधित सवाल पूछे और उनके अनुभवों से काफी संतुष्ट दिखे। मौके पर उन्होंने झारखण्ड राज्य में पशुधन की स्थिति एवं पशुधन से लाभ के अलावा कृत्रिम गर्भाधान से पशुधन विकास पर प्रकाश डाला। कहा कि अब सभी प्रशिक्षणार्थियों को दो महीने तक अपने जिला के अस्पताल में पशुओं के कृत्रिम गभार्धान (एआई) के कार्यों में व्यावहारिक अनुभव से महारत हासिल करनी होगी। बाद सभी पशुओं के कृत्रिम गभार्धान कार्य को ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के रूप में आसानी से अपना सकेंगे। मौके पर उन्होंने बारहवां मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सभी 22 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण प्रभारी डा. आलोक कुमार पाण्डे ने बताया कि अबतक गोकुल मिशन योजना के अधीन आयोजित 12 कार्यक्रमों से 468 युवक-युवतियां लाभान्वित हुए है। एक महीने के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कृत्रिम गभार्धान, नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु आहार, राशन बैलेंसिंग, पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की विस्तृत व्यावहारिक जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागी काफी जागरूक और लगनशील हैं, जिन्हें डॉ पंकज कुमार ने महाविद्यालय के गोवंश फार्म में काफी अच्छी तरह से प्रशिक्षण विषय पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस बारहवें बैच में रांची के 4, बोकारो के 1, दुमका के 9, पूर्वी सिंहभूम के 4 एवं गुमला के 4 सहित कुल 22 युवक -युवतियों ने एक महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल किया।

**सभी पशुओं के कृत्रिम गभार्धान कार्य को ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के रूप में आसानी से अपना सकेंगे। सभी 22 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया**

## पृष्ठ एक के शेष

**ग्राम प्रधान सहित चार...**

10 सितंबर को हेरहंझ थाना अंतर्गत केडू ग्राम के ग्राम प्रधान नासिर अंसारी की अध्यक्षता में बहिष्कृत ग्रामीण भिखारी गंझु को समाज में शामिल करने को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधान नासिर अंसारी एवं अन्य ग्रामीण द्वारा समाज में शामिल करने के लिए दंड स्वरूप भिखारी गंझु को जूतों की माला पहना कर गांव में घुमाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद गंझु को जूतों की माला पहना कर गांव में घुमाया गया। इस संबंध में पीड़ित की पत्नी शकुंती देवी द्वारा एक लिखित आवेदन थाने में दिया गया, जिसके आधार पर कांड दर्ज हुआ। इसके बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बरवाडी अनुमंडल पुलिस अधिकारी दिल्लू लोहरा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस अपराध में शामिल लोगों को अनुसंधान कर गिरफ्तार कर लिया। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अनुसंधान में शामिल पुलिस अधिकारी में से बरवाडीह रेंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा, बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, हेरहंझ थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुनि कैलाश कुमार मंडल, पुनि विश्वजीत कुमार तिवारी एवं हेरहंझ थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल रहे।

**खेल और खिलाड़ियों को...**

योजनाओं के माध्यम से राज्य और राज्यवासियों को मजबूती देने का काम कर रही है। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि परिस्थितियों चाहे कैसी भी हो, राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन, बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो , मंगल कालिंदी और समीर मोहंती, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीआईजी के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

**मिलेगा 15 हजार रुपये का प्रोत्साहन...**

परिवार के एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ मिलेगा।आवेदन करने वालों को स्व-घोषणा पत्र भी देना होगा।

**अपस्किलिंग के लिए परम्परागत 18 ट्रेड**–कार्पेन्टर, बोट मेकर, अरमोरर, लोहार, टूल किट मेकर, लॉकस्मिथ (ताला बनाने वाला), कुम्हार, स्कल्पचर (मूर्तिकार, स्टोन कार्वर),स्टोन ब्रेकर, कॉब्लर (चर्मकार),फुटवियर आर्टिस्ट, राजमिस्त्री, बास्केट,मैट,ब्रूम मेकर,कॉइर मेकर, डॉल एण्ड ट्वाय मेकर, नाई, गारलैण्ड मेकर (मालाकार), वाशरमैन (धोबी), टेलर, फिशिंग नेट मेकर को चिह्नित किया गया है। इस निमित्त 18 वर्ष अधिक उम्र के व्यक्ति पात्र होंगे।

**गृह मंत्रालय की सीबीआई...**

ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे। सीबीआई ने मई के तीसरे सप्ताह में इस मामले में लालू यादव के परिजनों से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआई ने लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के पटना, गोपालगंज और दिल्ली स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### लक्ष्मण भारत की पुरुष व कानितकर महिला टीम के होंगे कोच

**नई दिल्ली।** वीवीएस लक्ष्मण और हृषिकेश कानितकर 2023 एशियाई खेलों में क्रमशः भारत की पुरुष और महिला टीमों के मुख्य कोच होंगे। साईराज बहुतुले पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच होंगे, जबकि मुनीश बाली उनके क्षेत्ररक्षण कोच होंगे। महिला टीम के लिए राजीब दत्ता गेंदबाजी कोच और सुभदीप घोष फील्डिंग कोच होंगे। दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल चरण में प्रतियोगिता में प्रवेश करेंगी। नवीनतम कार्यक्रम के अनुसार, भारत के पुरुषों का क्वार्टर फाइनल मैच 3 अक्टूबर को है और यदि वे क्वालीफाई करते हैं तो सेमीफाइनल 5 अक्टूबर को होने की संभावना है। फाइनल 7 अक्टूबर को निर्धारित है। भारत की महिला टीम का क्वार्टर फाइनल 21 सितंबर को निर्धारित है, सेमीफाइनल 23 सितंबर को और फाइनल 25 सितंबर को होगा। खेल झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेडजेयूटी) में पिंगफेंग परिसर क्रिकेट मैदान पर खेले जाएंगे।

### डोपिंग टेस्ट में फेल होने पर पॉल पोग्बा पर लग सकता है बैन

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी मिडफील्डर पॉल पोग्बा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। डोपिंग टेस्ट में फेल होने के चलते उन्हें फुटबॉल से निलंबित कर दिया गया है। इटली के नेशनल एंटी-डोपिंग ट्रिब्यूनल ने सोमवार को यह फैसला लिया। इस फैसले से मिडफील्डर के खेल करियर पर बड़ा सवाल पैदा हो गया है। बीबीसी के अनुसार, ट्रिब्यूनल ने कहा कि 20 अगस्त को जुवेंटस ने 3-0 से यूडिनीस को मात दी थी। इस मैच में पोग्बा को बेंच पर ही रखा गया। डोप टेस्ट में पोग्बा के सैंपल में टेस्टोस्टेरोन की मात्रा अधिक थी। एनएडीओ इटालिया ने कहा कि पोग्बा ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन किया था, जब उन्हें प्रतिबंधित पदार्थ 'गैर-अंतर्जात टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' मिला। टेस्टोस्टेरोन एक हार्मोन है, जो एथलीटों की सहनशक्ति को बढ़ाता है।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : थाईलैंड के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेगा भारत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 के लिए शेड्यूल की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरूआत 27 अक्टूबर को मलेशिया और जापान के पहले मैच से होगी। जबकि मेजबान भारत दिन का तीसरा मैच खेलेगा, जब उनका मुकाबला झारखंड के रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से होगा। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होगा और 5 नवंबर को समाप्त होगा।



सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी।

डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं। मेजबान भारत अच्छी फॉर्म में है। विशेष रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद। मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही। टीम 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी और 2 नवंबर को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में कोरिया से भिड़ेगी। एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष ने कहा, यह एशियाई हॉकी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैं इस आयोजन की मेजबानी के लिए और एशिया में हॉकी के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया की हार्दिक सराहना करना चाहता हूं।

इस अवसर पर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हमें एक और प्रमुख एशियाई टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर गर्व है और मुझे यकीन है कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 कुछ शीर्ष महिला हॉकी टीमों के साथ एक शानदार प्रदर्शन होगा।

## थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी और कोच का भव्य स्वागत

**थाईलैंड** की राजधानी बैंकॉक में संपन्न थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय दल में शामिल होकर अपने उम्दा प्रदर्शन से कांस्य पदक जीतने वाले झारखंड के दो खिलाड़ी एलिसन रुपल खाखा और काजल कुजूर एवं भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा के राँची आने पर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय कराटे टीम कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा सुबह 8:00 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचे इनके आगमन पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा की अगुवाई में राज्य के कराटे खिलाड़ी एवं अभिभावकों के द्वारा पारंपरिक नाच गान एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। वही पदक विजेता खिलाड़ी 1:00 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पहले से उपस्थित सैकड़ों कराटे खिलाड़ी एवं अभिभावकों ने फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया टीम कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा खुद भी स्वागत में उपस्थित रहे टीम कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य के कराटे खिलाड़ियों ने भारतीय कराटे टीम में अपनी एक अच्छी जगह बना कर देश का परचम लहरा रहे हैं इन्होंने राज्य के साथ देश का भी गौरव बढ़ाया है मलेशिया थाईलैंड इंडोनेशिया आदि देशों के खिलाड़ियों को हराकर इन खिलाड़ियों ने देश का परचम लहराया है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेना ही एक बड़ी उपलब्धि है पर इन खिलाड़ियों ने पहली बार में ही देश को पदक दिला कर यह साबित किया है कि झारखंड में भी प्रतिभा की कमी नहीं है सही मार्गदर्शन होने से ये इस मुकाम को छू सकते हैं। खिलाड़ियों के स्वागत में संसाइ अनिल किस्पोट्टा, दीपा बिनीता लिंडा, कुंदन उराँव, श्वेता हेमरोम, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार अन्य खिलाड़ी एवं कई खेल प्रेमी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

### एशिया कप 2023

# भारत ने जीत के लिए श्रीलंका को दिया 214 रनों का लक्ष्य



**एजेंसी। कोलंबो**

एशिया कप 2023 के सुपर-चार का चौथा मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया यदि इस मुकाबले को जीत लेती है तो वह फाइनल में पहुंच जाएगी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। आर प्रेमदासा स्टेडियम पर पिच पर घास नहीं होने के कारण स्पिनरों को मदद मिलने की संभावना है, जिसको देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने हरफनमौला शार्दुल ठाकुर के स्थान पर अक्षर पटेल को जगह दी है, जबकि श्रीलंका ने अपने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर भारतीय टीम के हौसले बुलंद है हालांकि उन्हे लगातार दूसरे दिन मैच खेलना पड़ रहा है। हालांकि भारत की जीत में अहम योगदान निभाने वाले विराट कोहली पहले ही कह चुके हैं कि टीम की क्षमता पर लगातार दूसरे दिन खेलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# रोनाल्डो के बिना भी पुर्तगाल ने लक्जमबर्ग को 9-0 से रौंदा

**एजेंसी। वाशिंगटन**

पुर्तगाल ने अपने स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना भी यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग में लक्जमबर्ग को 9-0 से करारी शिकस्त देकर प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। रोनाल्डो ग्रुप जे के पिछले मैच में दो पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे और इस कारण वह लक्जमबर्ग के खिलाफ मैदान पर नहीं उतर पाए।



पुर्तगाल को हालांकि इस मैच में उनकी कमी नहीं खली। अल्गार्वे में खेले गए इस मैच में उसकी तरफ से गोंकालो रामोस, गोंकालो इनासियो और डिओगो जोटा ने दो-दो जबकि रिकार्डो होर्टा, ब्रूनो फर्नांडीस और जोआओ फेलिक्स ने एक-एक गोल किया। अड़तीस वर्षीय रोनाल्डो ने अपने 123 अंतरराष्ट्रीय गोल में इजाफा करने का बेहतरीन मौका गंवाया लेकिन उन्हें ग्रुप चरण में अभी चार और मौके मिलेंगे। पुर्तगाल की यह लगातार छठी जीत है। क्वालीफाइंग में किसी भी अन्य टीम ने इतनी जीत दर्ज नहीं की हैं। पुर्तगाल अब दूसरे नंबर पर काबिज स्लोवाकिया से पांच अंक आगे हो गया है।

प्रत्येक ग्रुप से चोटी पर रहने वाली दो टीमें स्वतः ही क्वालीफाई करेंगी। यूरोपीय चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड अब भी जर्मनी के नाम है जिसने 2006 में सैन मेरिनो को 13-0 से हराया था। ग्रुप के अन्य मैचों में स्लोवाकिया ने लिचेंटसीन को 3-0 से और आइसलैंड ने बोस्निया-हजेर्गोविना को 1-0 से हराया। इस बीच ग्रुप डी में क्रोएशिया ने आर्मेनिया को 1-0 से हराया। उसकी तरफ से आंद्रे क्रामारिच ने 13वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से क्रोएशिया ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में वेल्स ने लाटविया को 2-0 से पराजित किया।

## वनडे में 10 हजार रन बनाने वाले छठे भारतीय बने रोहित शर्मा



**एजेंसी। कोलंबो**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने नाम एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 वनडे इंटरनेशनल रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे तेज और छठे भारतीय बन गए हैं। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका के खिलाफ जैसे ही रोहित शर्मा ने 22 रन पूरे किए वो वनडे क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले कुल 15वें बल्लेबाज बन गए। वह सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज भी हैं। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के बाद भारत की नजरें सुपर 4 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। शर्मा श्रीलंका के खिलाफ अपना 50वां वनडे खेल रहे हैं। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करते हुए रोहित के नाम 30 शतक, 50 अर्धशतक और 2 दोहरे शतक दर्ज हैं।

**सबसे तेज 10,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज (पारी के हिसाब से) :-**

- विराट कोहली (भारत) - 205 पारी
- रोहित शर्मा (भारत) - 241 पारी
- सचिन तेंदुलकर - 259 पारी
- सौरव गांगुली - 263 पारी
- रिकी पोंटिंग - 266 पारी

# बाबर और केली ने अगस्त माह के लिए जीता आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को अगस्त माह के दौरान शानदार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और आयरलैंड की तेज गेंदबाज अर्लीन केली को क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का ताज पहनाया गया है। बाबर ने पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया था और नेपाल के खिलाफ शानदार शतक लगाया था। इसी के साथ बाबर अप्रैल 2021 और मार्च 2022 में पिछली जीत के बाद, तीन अलग-अलग मौकों पर पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं, आयरलैंड की तेज गेंदबाज



अर्लीन केली ने अगस्त माह में बेहतरीन गेंदबाजी की, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने टी-20 में नीदरलैंड पर 3-0 से श्रृंखला जीत दर्ज की थी। आईसीसी-क्रिकेट.कॉम पर पंजीकृत वैश्विक प्रशंसकों और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और मीडिया प्रतिनिधियों के एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए वोटों के बाद बाबर और केली ने पुरस्कार जीते। बाबर ने भले ही अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरूआत धीमे तरीके से की हो, लेकिन उन्होंने आखिरी दो मुकाबलों में 53 और 60 की दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं और पाकिस्तान को सीरीज में जीत दिलाने में मदद की। इसके बाद एशिया कप में बाबर ने मुल्तान में नेपाल के खिलाफ 151 रनों की शानदार शतकीय पारी खेल पाकिस्तान को 342 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। कुल मिलाकर, बाबर ने महीने में 66 की औसत और 92.30 की स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए। बाबर ने हमवतन शादाब खान और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को पछाड़कर अपना तीसरा पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में अर्लीन केली ने अपने प्रयासों से आयरलैंड को अम्स्टेलवीन में नीदरलैंड्स को 3-0 से हराने में मदद करने के बाद अपना पहला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता।

अपने तीन टी-20 मैचों में 4.30 की शानदार औसत से दस विकेट लेकर केली प्रतिस्पर्धी डच लाइनअप के लिए लगातार खतरा बनी हुई थीं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5-12 का रहा। उन्होंने पहले मैच में यह कारनामा किया। इसके बाद दूसरे मैच में उन्होंने 11 रन देकर तीन विकेट लिए और अंतिम मैच में 20 रन देकर दो विकेट लिए। आयरलैंड की तेज गेंदबाज ने मलेशिया की हरफनमौला खिलाड़ी आइना हामिजा हाशिम और नीदरलैंड की सलामी बल्लेबाज आइरिस जविलिंग को पछाड़कर पुरस्कार जीता।

## एथलेटिक्स : डेनियल-अयाना होंगे दिल्ली हाफ मैराथन के आकर्षण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्या के 10,000 मीटर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और 2017 दिल्ली हाफ-मैराथन विजेता अल्माज अयाना (इथियोपिया) 18वीं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग में प्रारंभिक विशिष्ट एथलीटों की अगुवाई करेंगे। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट की इनामी राशी 268,000 अमेरिकी डॉलर है। पुरुष और महिला वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय एलीट विजेताओं में से प्रत्येक को 27,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे और पुरस्कार राशि में दोनों में शीर्ष 10 फिनिशर शामिल हैं। इसके अलावा 12,000 अमेरिकी डॉलर का इवेंट रिकॉर्ड बोनस भी है। 2016 ओलंपिक 10,000 मीटर चैंपियन अल्माज अयाना, जिन्होंने 2015 (5,000 मीटर) और 2017 (10,000 मीटर) में लगातार दो विश्व खिताब जीते। उन्होंने वार्षिक खेल के 13वें संस्करण में जीत हासिल करने के लिए दिल्ली की सड़कों पर एक शानदार दौड़ लगाई। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एबेन्यो, जो 2023 की शुरूआत में बाथर्स्ट (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित विश्व क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहीं। उन्होंने पिछले साल मनामा में हाफ-मैराथन दूरी पर 59:04 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय पोस्ट किया था। यह समय 58:53 के दिल्ली कोर्स रिकॉर्ड के बहुत करीब है और इसलिए वे दिल्ली हाफ मैराथन में बड़ी उम्मीदों के साथ आ रहे हैं। महिलाओं की दौड़ में अयाना को अपनी युवा साथी बेतेलिहेम अफेनिगस से बड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी, जो सिर्फ 22 साल की है।

### सुब्रतो कप : अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर तक आयोजित

# मेजबान के रूप में शामिल किया गया बेंगलुरु

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु को मेजबान शहर के रूप में जोड़ा गया है और इसी तरह सबसे पुराने राष्ट्रीय अंतर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट को पहली बार दक्षिण भारत में ले जाया जा रहा है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा, एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) की उपस्थिति में, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आकाश ऑफिसर मेस में एक प्रेस-कार्यक्रम में की गई। एयर मार्शल आर.के आनंद वीएसएम इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एसएमएसईएस के तत्वावधान में भारतीय वायु सेना



**कार्यक्रम**

- जूनियर गर्ल्स अंडर 17 : 19 सितंबर - 26 सितंबर
- सब- जूनियर बॉयज अंडर 14 :2 अक्टूबर - 10 अक्टूबर
- जूनियर बॉयज अंडर 17 : 14 अक्टूबर - 23 अक्टूबर

(आईएएफ) द्वारा आयोजित सुब्रतो कप पहली बार 1960 में आयोजित किया गया था और इसका नाम एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए इस विचार की कल्पना की थी। 62वें सुब्रतो कप का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। प्रसार भारती और एआईएफएफ यूट्यूब चैनलों पर भी हाइलाइट्स देखी जा सकती है। इस अवसर पर एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन एसएमएसईएस ने कहा, 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है। मैं टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी टीमों को बधाई देता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। वे खेल को खेल भावना की सच्ची भावना से खेलें। जैसा कि उल्लेख किया गया है, यह पहली बार होगा, राष्ट्रीय टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाहर खेला जाएगा। जहां अंडर-17 जूनियर लड़कों और लड़कियों के टूर्नामेंट दिल्ली/एनसीआर में आयोजित किए जाएंगे, वहीं अंडर-14 सब-जूनियर लड़कों की प्रतियोगिता बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। प्रतिष्ठित अंबेडकर स्टेडियम के अलावा, तेजस फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली), सुब्रतो फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली) और जी.डी. गोयनका स्कूल (गुरुग्राम) मैदान दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में आयोजन स्थल होंगे। बेंगलुरु में मैच एएससी सेंटर एयर फोर्स स्कूल, जलाहल्ली और एयर फोर्स स्कूल, येहलंका में खेले जाएंगे। देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से तीन टूर्नामेंटों में कुल 109 टीमें भाग लेंगी। बांग्लादेश और नेपाल की टीमें भी विदेशी भागीदारी लेकर आएंगी। कुल 180 से अधिक फुटबॉल मैच खेले जाने हैं।

